राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 बाई एड़ी की पुरानी चोट के कारण...

पाकिस्तान की तारिफ करते दिखें... 11

वर्ष : 14 | अंक : 228 | नई दिल्ली, रविवार, 31 दिसंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 20°C
न्यूनतम तापमान 13°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	40%
नहीं	45%
कह नहीं सकते	15%

बाजार

सोना 65,145

चांदी 79,600

सेंसेक्स 72,240

निफ्टी 21,731

22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार पूरी दुनिया के साथ मैं भी कर रहा हूं: पीएम मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या दौरे पर हैं। शनिवार को रोड शो के दौरान पीएम मोदी पर सड़क के दोनों तरफ मौजूद हजारों लोगों ने फूल बरसाए। इसके बाद पीएम मोदी ने अयोध्या स्टेशन का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद पीएम मोदी अचानक एक दलित धनीराम मांझी के घर भी पहुंचे। इसके बाद पीएम ने मोदी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम का उदघाटना किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में प्रगति का उत्साह है, कुछ दिन बाद परंपरा का उत्सव होगा। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में दलित धनीराम

मांझी के घर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने चाय पी। लोगों ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी ली। फिर मोदी का काफिला एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि यहां हर तरह का काम करने वाले छोटे-मोटे दुकानदार भाइयों की आय बढ़ेगी। वंदे भारत, नमो भारत के बाद एक और आधुनिक ट्रेन देश को मिली है। इसका नाम अमृत भारत रखा है। ये तीनों ट्रेनों की त्रिशक्ति भारतीय रेलवे का कायाकल्प करने जा रही है। इससे ज्यादा खुशी की बात क्या होगी कि ये पहली अमृत भारत अयोध्या से गुजर रही है। ये रामलला के दर्शन को ओर सुगम बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि हम अयोध्या को स्मार्ट बना रहे हैं। आज यहां सड़कों का चौड़ीकरण, फुटपाथ, फ्लाईओवर बन रहे हैं। इस आसपास के जिलों से जोड़ने यातायात के साधनों को सुधारा जा रहा है। मुझे खुशी है कि एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा है। उन्होंने हमें रामायण के जरिए भगवान राम से परिचित करवाया। उनके लिए भगवान श्री राम ने कहा था कि तुम त्रिकाल दर्शी मुनिनाथा, बिस्व बदर जिमि तुम्हरे हाथा। इसके बाद महर्षि के नाम एयरपोर्ट पर आने वाले हर यात्री को धन्य करेगा। रामायण वहां ज्ञान मार्ग है, जो हमें प्रभु श्रीराम से जोड़ती है। यह एयरपोर्ट दुनिया को दिव्य भव्य-नव्य राममंदिर से जोड़ेगा। पीएम मोदी ने कहा-एक समय था जब यहीं अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि देश के चार करोड़ गरीबों को भी मिला है। आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। भारत की मिट्टी के कण-कण और जन-जन का मैं पुजारी हूं। मैं भी उतना ही उत्सुक हूं। ये उत्साह उमंग आज अयोध्या की सड़कों पर नजर आ रहा था। ऐसा लग रहा था कि पूरी अयोध्या नगरी सड़क पर उतर आई है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के इतिहास में 30 दिसंबर की ये तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। आज के दिन ही 1943 में नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहराकर भारत की आजादी का जयघोष किया था। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। आज भगवान राम की नगरी अयोध्या में 15,700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में अयोध्या नगरी अवध क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे यूपी के विकास को ये दिशा देने वाली है। आज देश में सिर्फ केदार धाम का पुनरुद्धार ही नहीं हुआ है, बल्कि 315 से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेज भी बने हैं। आज देश में महाकाल महालोक का निर्माण ही नहीं हुआ है, बल्कि हर घर जल पहुंचाने के लिए पानी की 2 लाख से ज्यादा टंकियां भी बनवाई गई हैं। अयोध्या श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के बाद यहां आने वाले लोगों की संख्या में बहुत बड़ी वृद्धि होगी। यह ध्यान में रखकर हमारी सरकार अयोध्या में हजारों करोड़ रुपए के विकास काम करा रही है, अयोध्या को स्मार्ट बना रही है। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम की प्राण-प्रिय नगरी, श्री अयोध्या जी अपने चिर-पुरातन वैभव के साथ सज और संवर रही हैं। प्रभु के आगमन के पहले प्रधानमंत्री का संकल्प था, अयोध्या को सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित किया जाए। भगवान राम त्रेता युग में पुष्पक विमान से अयोध्या आए थे, आज प्रधानमंत्री ने अयोध्यावासियों को इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करके उपहार दे दिया है।

संक्षिप्त खबरें

भारत सरकार ने लखबीर सिंह लांडा को घोषित किया आतंकी

नईदिल्ली। भारत सरकार ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के नेता और गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को आतंकवादी घोषित कर दिया है। उस पर पाककिस्तान से हथियार भेजने का आरोप है। सरकार ने गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत यह फैसला लिया गया है। मूल रूप से पंजाब के तरनतारन जिले का रहने वाला लांडा वर्तमान में कनाडा के एडमोंटन, अल्बर्टा में रहता है। खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में उसकी बड़ी संलिप्तता रही है जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए में उसके खिलाफ जांच शुरू की थी। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी कर इस फैसले की जानकारी दी है। इस अधिसूचना के अनुसार, लांडा पाकिस्तान से भारत में तस्करी किए जाने वाले हथियारों और आईईडी डिवाइसों का मुख्य सूत्रधार है। उसके खिलाफ एनआईए ने कई मामले पहले से दर्ज किए हैं।

देश में कोविड-19 के 743 नए मामले, सात की मौत

नईदिल्ली। देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 743 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,997 है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण से सात लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 से केरल में तीन, कर्नाटक में दो जबकि छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हुई है। ठंड और कोरोना वायरस के नए उपस्वरूप के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दहाई अंक तक पहुंच गई थी। वर्ष 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग चार वर्षों में देश भर में कोरोना वायरस से लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए तथा इससे 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, अब तक संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.4 करोड़ हो गई है। स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

मिलनाडु में सड़क हादसे में पांच की मौत, 19 घायल

पुदुकोट्टई/तमिलनाडु। तमिलनाडु में सड़क हादसे में एक महिला सहित पांच श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा सहित 19 अन्य घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार सीमेंट से लदे ट्रक ने शनिवार तड़के यहां तिरुचिरापल्ली-रामेश्वरम राजमार्ग पर नमनसमुद्रम गांव में सड़क किनारे एक चाय की दुकान में टक्कर मार दी। इसके अलावा उसने वहां खड़े दो वैन, एक कार और दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान जगन्नाथन, एस शांति, जे सुरेश, आर गोकुलकृष्णन और एस सतीश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सीमेंट की बोरियों को लेकर अरियालुर से शिवगंगा जा रहे ट्रक के चालक मणिकंदन ने बहुत तेज गति होने के कारण वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन चाय की दुकान में घुस गया और फिर दुकान के पास दो वैन, एक कार और दोपहिया वाहनों को भी अपने चपेट में ले लिया।

राजस्थान में भजनलाल सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार

राज्यपाल ने 21 विधायकों को दिलाई मंत्री की शपथ

प्रात : किरण/एजेंसी

जयपुर। राजस्थान में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के 21 विधायकों व चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी ने शनिवार को मंत्री पद की शपथ ली जिनमें से 12 को कैबिनेट, पांच को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व पांच को राज्यमंत्री बनाया गया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में विधायकों को पद व गोपनीयता दिलाई। जिनको मंत्री बनाया गया है उनमें सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी भी शामिल हैं जो करणपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर पांच जनवरी को मतदान होना है। कैबिनेट मंत्रियों में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, बाबूलाल खराड़ी, मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, हेमंत मीणा, कन्हैयालाल चौधरी व सुमित गोदारा शामिल हैं।

वहीं विधायक संजय शर्मा, गौतम कुमार, झाबर सिंह खर्रा, हीरालाल नागर को राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ दिलाई गई है। इसके अलावा विधायक ओटाराम देवासी, डॉ. मंजू बाघमार, विजय

सिंह चौधरी, के के बिश्नोई व जवाहर सिंह बेढम ने राज्यमंत्री पद की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ। चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया गया था। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ नवनिर्वाचित विधायक दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। राज्य की करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। इस सीट पर अब पांच जनवरी को मतदान होगा। यहां भाजपा की ओर से पूर्व मंत्री सुरेंद्रपाल उम्मीदवार हैं तो कांग्रेस ने कुन्नर के बेटे रुपिंदर सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

आधुनिकीकरण के युग की ओर बढ़े रेलवे के मजबूत कदम

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। गुजरने वाले साल 2023 में भारतीय रेलवे ने देशवासियों को वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों तथा अमृत भारत स्टेशनों के जरिए आधुनिकीकरण के एक युग में मजबूती से पदार्पण किया। पूरे वर्ष में एक बड़ी दुर्घटना ओडिशा के बालेश्वर में हुई जिसमें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित रेल मंत्रालय के शीर्ष नेतृत्व ने जिस तत्परता से राहत एवं बचाव तथा ट्रैक की मरम्मत के कार्यों को पूरा किया, उसने एक अद्वितीय मिसाल कायम की। इस हादसे में 294 जानें गयीं थीं।

वर्ष 2023 में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की देश के विभिन्न क्षेत्रों, राज्यों में खूब धूम रही। देश की पहली सेमी हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत 15 फरवरी 2019 को नई दिल्ली से वाराणसी के लिए हुई थी। वर्ष समाप्त होने के एक दिन पहले अयोध्या से छह वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत की गयी। इसके साथ ही अब तक 41 वंदे भारत ट्रेन चल चुकी है। इसकीं 82 सेवाएं देश के हर एक हिस्से से चल रही है। वाराणसी-नई दिल्ली के बीच दो वंदे भारत और नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के लिए दो

वंदे भारत ट्रेन मिली है। कुल मिलाकर इस वर्ष 33 नई वंदे भारत ट्रेनें चली हैं। ये ट्रेनें 247 जिलों तक को कवर करती हैं। चूंकि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन वातानुकूलित चेयरकार वाली गाड़ी होने के कारण मध्य और उच्च वर्ग के लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी लेकिन वर्ष के आखिर में रेलवे ने गरीब यात्रियों खासकर छोटे रोजगार के लिए यात्रा करने वाले निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए पुश पुल तकनीक पर आधारित गैर वातानुकूलित श्रेणी के अनारक्षित एवं स्लीपर श्रेणी के कोच वाले आधुनिक ट्रेन सेट तैयार किए जिसे अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का नाम दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में आयोजित एक कार्यक्रम में आम आदमी के लिए पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का दिल्ली के आनंद विहार से दरभंगा (वाया अयोध्या) के लिए तथा दूसरी ट्रेन का मालदा टाउन से बेंगलुरु के लिए शुभारंभ किया। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन 22 गैर वातानुकूलित डिब्बों (10 सामान्य अनारक्षित तथा 12 स्लीपर श्रेणी कोचों वाला एक एलएचबी पुश पुल ट्रेन सेट है। बेहतर त्वरण के लिए इस ट्रेन के दोनों छोर पर 6000 अश्वशक्ति वाले दो लोको हैं। यह रेल यात्रियों के लिए सुंदर और आकर्षक डिजाइन वाली सीटें, बेहतर सामान रैक, उपयुक्त मोबाइल होल्डर के साथ मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एलईडी लाइट, सीसीटीवी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली जैसी बेहतर सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें सेमी परमानेंट कपलर लगाए गए हैं जिससे गाड़ी के चलते या रुकते हुए झटके लगने की समस्या खत्म हो गई है। शौचालय आधुनिक डिजाइन पर आधारित है और इसमें वाशबेसिन के नल का बटन पैर से दबाने वाला है। रेलवे के आधुनिकीकरण के क्रम में रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना को बड़े पैमाने पर शुरू किया। इस योजना में 1308 स्टेशनों को चुना गया है। देश में 27 राज्यों में 508 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य शुरू हो चुका है।

मप्र में नए साल से शुरू होगी साइबर तहसील व्यवस्था

प्रात : किरण/ एजेंसी

भोपाल/नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में नए साल से साइबर तहसील व्यवस्था की शुरूआत होने जा रही है। ये व्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य की जनता को दी गई गारंटियों में से एक है। एक जनवरी को होने वाले इस लोकार्पण समारोह का आमंत्रण केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को राज्य के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिया है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के प्रवास के दौरान गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे राज्य में साइबर तहसील व्यवस्था के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश की जनता को दी गयी संकल्प-पत्र 23 की गारंटियों की पूर्ति के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने एक जनवरी, 2024 से पूरे प्रदेश में साइबर तहसील की अवधारणा लागू करने का

निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि साइबर तहसील व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के उपयोग से बिना पृथक से आवेदन दिए पारदर्शी तरीके से रजिस्ट्री के 15 दिन की समय-सीमा में क्रेता के पक्ष में नामांतरण किया जा सकेगा और खसरा-नक्शा में भी तत्काल सुधार किया जा सकेगा। बता दें कि प्रथम चरण में इस प्रक्रिया को केवल ऐसे अविवादित प्रकरणों में लागू किया जा रहा है, जहां विक्रय पूरे खसरे का है। बाद में इसे सभी प्रकार के अविवादित नामांतरण और बँटवारे में लागू किया जाएगा।

विनेश फोगाट ने कर्तव्य पथ पर छोड़ा खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व चैम्पियनशिप में कई बार की पदक विजेता विनेश फोगाट ने शनिवार को अपने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिये और दिल्ली पुलिस द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय जाने से रोके जाने के बाद दोनों पुरस्कार कर्तव्य पथ के बीच में छोड़ दिये। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश ने मंगलवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार सरकार को लौटाने का फैसला किया था और कहा था कि ऐसे समय में इस तरह के सम्मान बेमतलब हो गए हैं जब पहलवान न्याय पाने के लिए जूझ रहे हैं। विनेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अपने फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने शनिवार को अपने

पुरस्कार लौटाने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। विरोध स्वरूप विनेश ने कर्तव्य पथ पर पुरस्कार छोड़ दिए और बाद में दिल्ली पुलिस ने इन्हें उठा लिया। विनेश ने ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के चुनाव का विरोध किया था। इन तीनों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई प्रमुख की नियुक्ति के तुरंत बाद साक्षी ने कुश्ती से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

जमीन घोटाले में सीएम सोरेन को ईडी का सातवां समन

प्रात : किरण/एजेंसी

रांची। रांची के जमीन घोटाले में ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सातवीं बार समन भेजा है। एजेंसी ने इसे आखिरी समन बताते हुए उन्हें सात दिनों के अंदर बयान दर्ज कराने को कहा है।सीएम को भेजे गए पत्र में ईडी ने कहा है कि वे दो दिनों के अंदर ऐसी जगह तय करके सूचित करें, जहां उनका बयान दर्ज किया जा सके। यह जगह दोनों पक्षों के लिए उपयुक्त होनी चाहिए। इसके पहले ईडी की ओर से छह बार समन जारी किए गए थे और उन्हें एजेंसी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया था। उन्हें 14 अगस्त 2023 को पहली बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके बाद 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर, 4 अक्टूबर और 12 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए समन भेजा गया था। सीएम इनमें से किसी समन पर हाजिर नहीं हुए। उन्होंने हर बार ईडी को लिखित जवाब भेजा और समन को अनुचित बताया। सोरेन ने ईडी के समन के खिलाफ हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की, लेकिन उन्हें खास राहत नहीं मिली। सनद रहे कि रांची के बड़गाईं अचंल की जमीन से जुड़े सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ और जालसाजी के मामले की जांच के सिलसिले में ईडी सीए हेमंत सोरेन का बयान दर्ज करना चाहती है। एजेंसी द्वारा सोरेन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि आपको छह बार समन भेजे गए, लेकिन आप एक बार भी इडी कार्यालय में हाजिर नहीं हुए। इसके लिए आपने निराधार कारण बताये। समन के आलोक में आपके हाजिर नहीं होने की वजह से मामले की जांच में अड़चन पैदा हो रही है। साथ ही जांच प्रभावित हो रही है। सातवें और आखिरी समन के बाद बयान दर्ज न कराने पर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

अनुराग ठाकुर ने भारत सरकार के नए साल 2024 का कैलेंडर किया जारी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को यहां हमारा संकल्प विकसित भारत की थीम के साथ भारत सरकार का वर्ष 2024 का कैलेंडर जारी किया। यह कैलेंडर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की नीतियों के माध्यम से लोगों के जीवन में आए सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तन को दर्शाता है। श्री ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में शानदार प्रगति की है। उन्होंने कहा, जो देश मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा आयातक था, वह आज दूसरा सबसे बड़ा निमार्ता है। जो देश कभी वैक्सीन आयात करता था, वह अब वैक्सीन मैत्री के तहत पूरी दुनिया को वैक्सीन बांट रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज विनिर्माण के क्षेत्र में अपार सफलता हासिल कर चुका है। यहां तक कि जिन क्षेत्रों में भारत की उपस्थिति नगण्य थी, वहां भी वह अब एक महत्वपूर्ण शक्ति बन चुका है। इसका उदाहरण देते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि भारत आज तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार महिला सशक्तीकरण को सर्वोपरि मानती है और यह एक

ओर उज्ज्वला योजना तो दूसरी ओर ड्रोन दीदी के रूप में परिलक्षित होता है। किसान कल्याण के विषय में उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ही स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू की। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार ने किसानों की समृद्धि पर अब तक 2.8 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता एवं जवाबदेही इस सरकार के आदर्श हैं और इन्हीं मूल्यों ने एक समय पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक माने जाने वाले भारत को आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की स्थिति तक पहुंचाया है।

समारोह दूसरे दिन हजारों की संख्या में कालचक्र मैदान में जुटे श्रद्धालु

परोपकार की भावना से आएगी विश्व में शांति : बौद्ध धर्म गुरू दलाई लामा

प्रात : किरण/एजेंसी

गया। बौद्ध धर्म गुरू परम पावन दलाई लामा ने आज कहा कि परोपकार की भावना से ही विश्व में शांति आएगी। भगवान बुद्ध की पावन ज्ञानभूमि बिहार के बोधगया में इन दिनों प्रवचन कार्यक्रम चल रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन हजारों की संख्या में बोधगया के कालचक्र मैदान में जुटे श्रद्धालुओं ने परम पावन दलाईलामा का प्रवचन सुना। कड़ाके की ठंड की बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई। वहीं, इस कार्यक्रम को देश-विदेश के मीडिया के द्वारा भी व्यापक तौर पर कवरेज किया जा रहा है। हालांकि दलाईलामा तिब्बती भाषा में प्रवचन देते हैं, जिसे अनुवादकों द्वारा अलग

अलग भाषाओं में प्रसारित किया जा रहा है। प्रवचन सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु जुटे हुए हैं। धर्मगुरू दलाईलामा ने प्रवचन देते हुए कहा कि परोपकार की भावना से ही विश्व में शांति आएगी। खुद के स्वार्थ को छोड़कर जब लोग दूसरों के बारे में सोचेंगे तभी मानव जीवन बचेगा। ऐसे में स्वार्थ की भावना को त्याग देना चाहिए। भगवान बुद्ध ने जो रास्ता बताया था, उस पर चलकर ही मानवता का कल्याण हो सकता है। वर्तमान समय में कई देशों में युद्ध चल रहा है। इसके पीछे मैं और मेरा की भावना है। इसे त्यागना होगा। युद्ध से किसी का भला नहीं हुआ है। इससे सिर्फ मानव जीवन की क्षति होती है। परम पावन ने कहा कि आज के आधुनिकता के इस दौर में पौराणिक भावना का त्याग करना होगा, तभी विश्व में शांति आएगी और लोगों का जीवन सुखी होगा।

साध्वी ऋतंभरा के षष्ठिपूर्ति महोत्सव में शामिल हुए : मुख्यमंत्री

प्रात : किरण, संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को मथुरा में साध्वी ऋतंभरा के षष्ठिपूर्ति महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने साध्वी ऋतंभरा को वात्सल्य और ममता की प्रतिमूर्ति बताते हुए शुभकामना दी तथा उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित संत महात्माओं को भी नमन कर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा का व्यक्तित्व अद्भुत और कृतित्व अकल्पनीय है। उनकी वात्सल्य शक्ति से न जाने कितनी बच्चियों को प्रेरणा और नया जीवन मिला। उनसे सदैव वात्यल्य और ममता का सानिध्य प्राप्त होता हे। मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतंभरा के स्नेह और आशीर्वाद से उन्हें व्यक्तिगत रूप से हमेशा लोगों की सेवा करने की शक्ति मिलती है। वे स्वयं उनसे सबसे पहले तब प्रभावित हुए थे जब उनके मुखारबिंदु से श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के समय प्रखर उद्बोधन सुना था। उनके ओजस्वी उद्बोधन ने लाखों लोगों को हृदय की गहराइयों तक प्रभावित किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को करोड़ों देशवासियों का रामलला को उनकी जन्मस्थली पर विराजमान करने का संकल्प पूर्ण होने जा रहा है। आज रामलला उस समय अपने जन्मस्थान में विराजमान हो रहे हैं, जब भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है, सनातन संस्कृति का परचम चारों ओर लहरा रहा है, चाँद पर भारत का चंद्रयान उतर चुका है, सूर्य के चारों ओर आदित्य एल वन चक्कर लगा रहा है, पूरा विश्व, भारत की बात कर रहा है, सनातन का भगवा ध्वज चारों ओर फिर से लहरा रहा है, हम दुनिया को कोरोना की मुफ्त वैक्सीन प्रदान करने में सक्षम हो चुके हैं,

हम सफलतम जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता करने में सफल हुए हैं और जब हमारे देश के नेतृत्व का लोहा सारे विश्व के नेता मान रहे हैं, यही नहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश पहली बार गुलामी की मानसिकता से बाहर आने में सफल हुआ है। आज काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का बनना, उज्जैन में महाकाललोक कॉरिडोर का बनना, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण होना, केदारनाथ तथा हेमकुन्ट साहिब के लिये रोपवे का निर्माण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आज हमारे मंदिरों का ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का भी संरक्षण और संवर्धन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वाले न तो राम मंदिर बना पाते, न धारा 370 हटा पाते और न ही तीन तलाक हटा पाते। यह प्रधानमंत्री मोदी की ही क्षमता है जो बिना झुके, थके, व डिगे अपने कर्तव्यपथ पर आगे बढ़ते ही रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से ही वे भी बिना थके, बिना डिगे उत्तराखण्ड की जनता की सेवा कर रहे हैं। उत्तराखंड में विगत ढाई वर्षों में अनेक ऐसे महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय हमने लिए हैं, जो विगत 23 वर्षों में संभव नहीं हो पाये थे। हमने एक ओर जहां उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया, वहीं धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया, प्रदेश में पहली बार लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई कर पांच हजार हैक्टेयर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया गया है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी पहली बार कार्रवाई करने से हम पीछे नहीं हटे,यही नहीं अब हम देवभूमि में समान नागरिक आचार संहिता को भी लागू करने की तैयारी कर रहे हैं, शीघ्र ही इसे विधानसभा में प्रस्तुत किया जायेगा। उत्तराखण्ड देवभूमि है, हमारी देवभूमि का मूल स्वरूप बना रहे इस दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन समूह से अनुरोध किया कि यहां से हम अपने संतों का आशीर्वाद पाकर भगवान श्री राम को स्वयं में धारण करने की यात्रा पर आगे बढ़ें, राम को स्वयं में धारण करने के लिए प्रेम से बढ़कर कोई दूसरा मार्ग नहीं है। राम चरित मानस में कहा भी गया है ह्यरामहि केवल प्रेम पियाराह्ण उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब हम श्री राम और श्री कृष्ण को मानने के साथ साथ उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण भी करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का केस

देहरादून, एजेंसी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायाल के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। रामपुर बंजारन थाना पांवटा साहिब हिमाचल निवासी जाकिर अली का भाई जाबिर 27 फरवरी 2022 को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। दो मार्च 2022 को उसका शव कोतवाली क्षेत्र के कुंजाग्रांट गांव से बरामद किया गया। उस समय परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। कोतवाली प्रभारी सूर्यभूषण सिंह नेगी ने बताया कि परिजनों की आशंका को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच की तो हत्या जैसी कोई बात प्रकाश में नहीं आई थी। उन्होंने बताया कि मृतक के भाई ने इस संबंध में न्यायालय में वाद दायर किया था। अदालत ने फिर से नियमित जांच के आदेश पारित किए। इस आधार पर अरशद निवासी रामपुर पांवटा साहिब, आबिद निवासी कुंजाग्रांट विकासनगर, लक्ष्य निवासी रामपुर धंधलो सिरमौर हिमाचल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीत कुमार को सौंपी गई है।

बड़ोवाला और झीवारेड़ी में दो अवैध व्यावसायिक कॉम्पलेक्स सील

देहरादून, एजेंसी। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने विकासनगर तहसील क्षेत्र के बड़ोवाला और झीवररेड़ी में दो अवैध व्यावसायिक कॉम्पलेक्स को सील किया। एक भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया था। वहीं, दूसरे का निर्माण कार्य चल रहा था। टीम ने दोबारा निर्माण करने पर निर्माणकर्ताओं को कार्रवाई की चेतावनी दी है। एमडीडीए की टीम सहायक अभियंता पंकज पाठक के नेतृत्व में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चला रही है। बृहस्पतिवार को टीम शिमला बाइपास स्थित बड़ोवाला पहुंची। यहां श्री देव मार्बल एंड ग्रेनाइट नाम से एक कॉम्पलेक्स का निर्माण किया गया था। भवन का नक्शा पास नहीं करवाया गया था। टीम ने कॉम्पलेक्स को सील कर दिया। यहां से टीम शिमला बाइपास पर ही झीवारेड़ी पहुंची। यहां सचिन कुमार अवैध रूप से व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कर रहे थे। टीम ने निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स को सील किया। टीम में जेई शैलेंद्र शाह, सुपरवाइजर बीरेंद्र खंडूरी और पुलिसकर्मी शामिल रहे।

राज्य कर विभाग ने पकड़ीं 12 करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी

रुद्रपुर, एजेंसी। राज्य कर विभाग की टीम ने बिटुमिन (कोलतार) और फ्यूल ऑयल का कारोबार कर रही प्रदेश की 12 फर्म के 16 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। टीम ने बिल टू शिप टू मोड्यूल पर की जा रही 12 करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी। इस दौरान फर्मों ने एक करोड़ 13 लाख रुपये मौके पर ही जमा कराए। विभाग की ओर से फर्म के दस्तावेजों को जब्त कर टैक्स चोरी का आकलन किया जा रहा है। राज्य कर विभाग की ओर से प्रदेश की 12 फर्म के कारोबार पर निगाह रखी जा रही थी। इन फर्म की ओर से प्रदेश के बाहर स्थित फर्म के बिलों की आड़ में बोगस आईटीसी का लाभ लेकर अपनी जीएसटी देयता को समायोजित किया जा रहा था। टीम ने फर्म के ईवे बिल में दर्ज वाहनों की जांच की तो पता चला कि जिस तारीख में ई वे बिल बनाए गए थे, उस तारीख में ई वे बिल में प्रदर्शित स्थलों के मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा को वाहनों ने पार ही नहीं किया। इन तारीखों में ये ये वाहन किसी अन्य स्थल के टोल प्लाजा को पार कर रहे थे। जब इन फर्म के सप्लायर फर्म की जांच की गई तो कुछ सप्लायर फर्म अस्तित्वहीन मिलीं और कुछ का पंजीयन निरस्त था। कुछ फर्म ऐसे माल की खरीद दर्शा रही थीं, जो उनकी ओर से खरीदा ही नहीं गया। ये फर्म चार साल से फर्जीवाड़ा कर रही थीं। बुधवार को राज्य कर आयुक्त के निर्देश पर विभिन्न टीम ने बिटुमिन और फ्यूल ऑयल का कारोबार करने वालीं 12 फर्म के रुद्रपुर में एक, हल्द्वानी में एक, काशीपुर में दो, हरिद्वार में चार, देहरादून में तीन, रुड़की में दो सहित तीन अन्य जगहों पर स्थित प्रतिष्ठानों पर एक साथ छापा मारा। प्रथम दृष्ट्या इन फर्म की ओर से 12 करोड़ से ऊपर की जीएसटी चोरी का मामला प्रकाश में आया है। टीम ने काईवाई के दौरान फर्म के व्यापार स्थल से अभिलेख, लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल आदि जब्त किए हैं।

कोहरे ने रोकी ट्रेन और बस की रफ्तार, यात्री हुए परेशान

हल्द्वानी, एजेंसी। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का असर यातायात पर पड़ रहा है। इससे बस और ट्रेन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बृहस्पतिवार को दिल्ली से आने वाली रानीखेत एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से एक घंटा देरी से काठगोदाम स्टेशन पहुंची। बाघ एक्सप्रेस भी अपने समय 9 बजकर 15 मिनट की बजाय एक घंटा देरी से 10 बजकर 26 मिनट पर स्टेशन पहुंची। इधर रोडवेज की भी कुछ यही स्थिति है। कोहरे की वजह से दिल्ली, लखनऊ, कानपुर और पंजाब रूट की बस डेढ़ से दो घंटे देरी से पहुंचीं। आम तौर पर इस रूट की बस छह घंटे में हल्द्वानी पहुंच जाती हैं। कोहरे के कारण बस देर से अपने स्टेशन पहुंची।

पिथौरागढ़ में गहरी खाई में गिरी बोलेरो, दो की मौत!

पिथौरागढ़, एजेंसी। पिथौरागढ़ में गुरुवार देर रात एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस, राजस्व टीम, एसएसबी के साथ स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। पिथौरागढ़ में एक सड़क हादसा हो गया। धारचूला-पिथौरागढ़ तवाघाट लिपुलेख राष्ट्रीय राजमार्ग में गर्बाधार के पास गुरुवार देर रात एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर थाना पांगला पुलिस, राजस्व टीम, एसएसबी के साथ स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। बता दें कि, यहां मार्ग नहीं होने से रेस्क्यू कार्य में बाधा आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार वाहन में दो लोग सवार थे, जिनकी मौत होने के आशंका जताई जा रही हैं। दुर्घटना के कारणों की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

भीमताल में तीन महिलाओं को मारने वाले आदमखोर को लेकर चौंकाने वाला खुलासा, रूह कंपा देगी हकीकत

नैनीताल, एजेंसी। नैनीताल के पास भीमताल में वन्यजीवों के हमले में महिलाओं की मौत हुई थी। इन महिलाओं को मारने वाली बाघिन है। इसको लेकर ब्ल्यूआईआई की रिपोर्ट में सामने आई है।

भीमताल क्षेत्र में वन्यजीवों के हमले में तीन महिलाओं की मौत हुई थी। इनके लिए बाघिन ही जिम्मेदार थी। सूत्रों के अनुसार यह बात वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) की रिपोर्ट में सामने आई है। हालांकि इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि तीनों मामलों में एक ही बाघिन है या फिर यह वही बाघिन है जो बीते दिनों भीमताल क्षेत्र से रेस्क्यू की गई थी।

भीमताल क्षेत्र में वन्यजीव के हमले के बाद जांच शुरू की गई तो उसमें तेंदुए की जगह बाघ होने के संकेत मिले थे। मौके से स्केट और बाल टाइगर होने का संकेत कर रहे थे। घटनास्थल के पास मिले वन्यजीव के बाल आदि को एकत्र कर डीएनए जांच के लिए सैंपल वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया को भेजे गए। इसके दो सैंपल से साफ हो गया था कि इसमें तेंदुआ नहीं बाघ शामिल है। 19 दिसंबर को ग्राम पंचायत अलचौना के तोक ताड़ा में तीसरी घटना के बाद सैंपल जांच को भेजे गए। अब इसकी जांच रिपोर्ट से कई चीजें स्पष्ट हुई हैं। सूत्रों के अनुसार इन तीनों घटना में साफ हो गया है यह घटनाएं बाघिन ने की हैं।

जांच रिपोर्ट से स्थिति होगी साफ-वन विभाग की टीम ने बीते मंगलवार की रात बाघिन को जंगलियागांव के पास रेस्क्यू किया था। इसके ब्लड, स्केट (मल) और बाल डीएनए जांच के लिए भेजे हैं। अब इसकी सैंपल रिपोर्ट को तीनों घटनाओं में शामिल बाघिन के सैंपल से मिलाया जाएगा। इसके बाद यह साबित होगा कि घटना में यही बाघिन शामिल थी या कोई और बाघिन है। इसके अलावा तीनों घटना में एक ही बाघिन शामिल है या अलग-अलग है, यह भी सवाल बना हुआ है।

पकड़ी गई बाघिन की सैंपल रिपोर्ट पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं प्रसन्न पात्रो कहते हैं कि जांच रिपोर्ट आनी है। बताया जा रहा है कि पकड़ी गई बाघिन को रेस्क्यू वाहन में ही रखा गया है। रानीबाग में बाड़ा भी नहीं है। इसके पीछे अधिकारियों का तर्क है कि अगर बाघिन को कहीं और भेजना होगा तो उसे पुन-ट्रैक्यूलाइज करना होगा जो रिस्की भी होता है। सैंपल आदि लेने में संबंधित वाहन में रखे गए पिंजरे से मदद मिलती है।

पूर्व विधायक के साथ हुई ठगी, जमीन के नाम पर हड़पे 50 लाख

रुड़की, एजेंसी। भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश चंद जैन से उनके परिचितों ने जमीन के नाम पर 50 लाख की धोखाधडी की है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले की छानबीन शुरू कर दी है

रुड़की सिविलाइंस निवासी सुरेश चंद भाजपा के पूर्व विधायक है। पूर्व विधायक सुरेश चंद जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें बताया है कि उन्हें मुक-बधिर विद्यालय के लिए चार बीघा जमीन की जरूरत थी। उनके परिचित आदर्श बंधु उर्फ आदर्श यादव निवासी ओलिवे काउंटी वसुंधरा ,जिला गाजियाबाद उप्र ने शेरपुर के पास चार बीघा जमीन दिखाई थी। जमीन पसंद आने पर इनके बीच दो करोड़ रुपये में जमीन का सौंदा तय हुआ था।

आरोप है कि परिचित ने उक्त जमीन अभव सिंह की बताई थी। आरोपितों ने एक व्यक्ति को फर्जी जमीन मालिक बनकर पूर्व विधायक से मुलाकात कराई थी। इसके बाद और टोकन मनी के लिए पचास लाख रुपये ले लिये। जब वह जमीन पर निर्माण कार्य कराने के लिए पहुंचे तो उन्हें पता चला कि यह जमीन किसी और के नाम है।

नए साल का जश्न मनाने नैनीताल पहुंचे पर्यटक, गुनगुनी धूप में उठाया बोटिंग का लुत्फ, कारोबारी खुश

नैनीताल, एजेंसी।
नए साल का जश्न मनाने के लिए नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। सरोवर नगरी के पर्यटक स्थलों में पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ हैं।

नैनीताल में थर्टी फर्स्ट और नए साल को मनाने के लिए सैलानी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। जिसके चलते नैनीताल के पर्यटक स्थलों में पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ हैं। वहीं, पर्यटक नैनीझील में नौकायन का लुत्फ उठा रहे हैं। बता दें कि, नैनीताल के होटलों में 80 फीसदी कमरे पैक हो चुके हैं।

बता दें कि, थर्टी फर्स्ट से पहले ही बृहस्पतिवार को नैनीताल में सुबह से ही पर्यटकों की आवजाही शुरू हो गई है। जिसके चलते नगर के पर्यटक स्थल भी पर्यटकों से गुलजार रहें। वहीं बाजारों में भी पर्यटकों की अच्छी भीड़ नजर आई। दोपहर के बाद पंत पार्क, पाट बाजार, भोटिया बाजार व मल्लीताल बाजार में भारी संख्या में पर्यटक नजर आए। ठंड होने के चलते पर्यटकों ने गर्म कपड़ों की खरीददारी की।

इधर पूरे दिन पर्यटकों ने नैनीझील में नौकायन का लुत्फ उठाया। दोपहर के बाद शहर में मौसम का बिगड़ता मिजाज देख पर्यटक बर्फबारी होने का अनुमान लगाकर खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, पर्यटन कारोबारी भी थर्टी फर्स्ट के दौरान भारी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद लगा रहे हैं।

दिन में दिहाड़ी मजदूरी और रात डकैती करते थे शातिर

काशीपुर, एजेंसी।
काशीपुर में पिता-पुत्र को बंधक बनाकर घर में डाका डालने वाले गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में सात बदमाशों को गिरफ्तार शिक्षक कर उनके कब्जे से लूटे गए 13 लाख के जेवरात और नगदी बरामद की है। बदमाशों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

गुरुवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने काशीपुर कोतवाली में मामले से पर्दा उठाते हुए बताया कि टांडा पुलिस चौकी क्षेत्र के दढ़ियाल रोड स्थित हनुमान नगर निवासी शिक्षक यशपाल सिंह चौहान और उनके 11 वर्षीय बेटे हिमांग को 20 दिसंबर की रात बदमाशों ने घर में ही बंधक बनाकर मारपीट की। लाखों के जेवर और नगदी लूट ले गए।

पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस पड़ताल में जुट गई। बदमाशों की तलाश के लिए चार टीमें गठित की गईं। इसके बाद काशीपुर, आइटीआइ और कुंडा थाने की पुलिस ने आसपास लगाए गए सीसीटीवी खंगाले। पुलिस सर्विलास टीम की मदद से बदमाशों तक पहुंच गया।

एसएसपी ने बताया कि बदमाशों का पूरा गैंग है, जो दिन के समय में दिहाड़ी व मजदूरी करते हैं और रात को डकैती को अंजाम देते

हैं। बदमाशों को पुलिस ने काशीपुर में शुगर फैक्ट्री स्थित खाली मैदान में डकैती की घटना को अंजाम देने के लिए योजना बनाते अवैध हथियार व कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है।

इनमें गैंग का सरगना उत्तर प्रदेश के संभल के थाना चंदौसी स्थित ग्राम सेजनी निवासी विनोद उर्फ विकास पुत्र धर्मपाल, मुरादाबाद थाना काठ के ग्राम ध्यानपुरा चकफेरी निवासी नरेश पुत्र कृपाल सिंह, काशीपुर आइटीआइ के ग्राम बांसखेड़ा राशिद पुत्र शाहिद, कुंडेश्वरी के ग्राम गुलजारपुर शमशेर उर्फ शेरा पुत्र कमल सिंह, कुंडेश्वरी के ग्राम खरमासा कालोनी निवासी अजय सेन पुत्र कुंवर सेन, मुरादाबाद ठाकुरद्वारा के ग्राम लालपुर निवासी देवेन्द्र पुत्र राजा राम व गढीगंज प्रतापपुर काशीपुर निवासी नितिन पुत्र राकेश शामिल हैं।

एएसपी अभय सिंह ने बताया कि सभी आरोपित शातिर किस्म के अपराधी हैं। घटना से पूर्व व घटना के बाद अपने मूल निवास स्थान को छोड़कर किराए के मकान में रह रहे थे। पूछताछ में बताया कि वह लोग रेहड़ी, ठेली, आटो रिक्शा, मजदूरी का काम करते हैं। इसके बहाने ठीक-ठाक घर को देखकर कुछ दिन तक घरों की रेकी करते हैं तथा जिस जगह पर घटना करनी होती है उस क्षेत्र के किसी स्थानीय व्यक्ति से जान-पहचान लगाकर अपने गैंग में शामिल करते हैं। गैंग के सदस्यों को बुलाकर योजना बनाकर घटना वाले स्थान के आस-पास एकत्र होते हैं। घटना को अंजाम देनकर लूटे गए सामान को आपस में बांट लेते हैं। आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्यवाही करते हुए संपत्ति कुर्की की भी कार्यवाही की जाएगी।

कार हटाने में देर करने पर चार दोस्तों को पीटा

रूड़की, एजेंसी। शोरूम के बाहर से कार हटाने में देरी होने पर कार सवार तीन युवकों ने चार दोस्तों के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं कार में तोड़फोड़ भी कर दी। शोर मचाने पर युवक धमकी देकर फरार हो गए। चारों दोस्तों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहल्ला सोत निवासी राहुल, इमली रोड निवासी हैदर व अनस और आकाश दीप एन्क्लेव निवासी इब्राहिम चारों दोस्त हैं। बृहस्पतिवार सुबह हैदर अपने तीनों दोस्तों को कार का इंश्योरेंस कराने के लिए मंगलौर रोड पर कार के शोरूम पर गया था। उन्होंने कार शोरूम के बाहर खड़ी कर दी और इंश्योरेंस कर्मचारी फोटो खींचने लगा। इस बीच कार सवार तीन युवकों ने कार हटाने की बात कही।

इस पर चारों दोस्तों ने फोटो खींचने के बाद कार हटाने की बात कही। आरोप है कि इस पर तीनों युवकों ने गाली-गलौज कर दी। तीनों युवक इब्राहिम को जानते थे। इस पर इब्राहिम ने हैदर से कार हटवा दी। इस बीच एक युवक ने इब्राहिम के नंबर पर कॉल की और एसडीएम चौक से शराब गोदाम की रोड पर बुलाया।

इन हत्याओं से दहला उत्तराखंड का यह जिला, एक के बाद एक कत्ल, पुलिस भी रह गई थी हैरान

पिथौरागढ़, एजेंसी।
साल 2023 के बीतने में अब केवल तीन दिन ही शेष बचे हैं। यह साल गुजरते-गुजरते कई लोगों को उम्रभर का दर्द और जख्म तो दे ही गया, वहीं कुछ घटनाओं ने पिथौरागढ और चंपावत जिले के साथ ही पूरे कुमाऊं में सनसनी भी पैदा की। पहाड़ों के कठिन जीवन में जिंदगी को जंगली जानवरों ने भी कड़ी चुनौती बनाया। जंगली जानवरों (बाघ और तेंदुओं) के हमले में किसी ने अपनी जान गंवाई तो किसी को जिंदगी भर के लिए जख्मों के निशान मिले...

तीन मार्च 2023 को कालापानी-नाभीढांग सड़क पर सेना का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक जवान की मौत। नौ अक्तूबर 2023 को तवाघाट-लिपुलेख सड़क पर वाहन दुर्घटना में सात लोगों की जान गई। 24 अक्तूबर को इसी सड़क पर एक और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें छह लोगों की जान चली गई थी। 12 दिसंबर को पिथौरागढ़-धारचूला एनएच पर पलेटा के पास कार खाई में गिरने से पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत। इसके अलावा साल भर में विभिन्न सड़क हादसों में 17 लोगों की जान चली गई।

पिथौरागढ़ जिले के बुरसम गांव में 12 मई को बुरसम गांव के चंतोला तोक निवासी संतोष कुमार ने पड़ोस में रहने वाली ताई हेमंती देवी (70) पत्नी स्व. शेर राम, चचेरी भाभी रमा देवी (26) पत्नी प्रकाश राम, मायके में आई चचेरी बहन माया देवी पत्नी दीपक राम की सुबह करीब पांच बजे बड़ियाठ से हत्या कर दी थी। इसके बाद संतोष कुमार ने भी पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी थी। यह जिले के अब तक का सबसे जघन्य हत्याकांड था। इस हत्याकांड के बाद पूरे जिले में सनसनी रही। गंगोलीहाट के कोठेरा गांव में तेंदुआ 30 अक्तूबर को दो वर्ष तीन माह के मासूम को आंगन से उठाकर ले गया था। एक अन्य घटना में ग्राम पंचायत चचरेत के कलेत तोक में शंकर दत्त रूवाली की चार साल की बेटी राखी आंगन में खेल रही थी। तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। जब तक उसके माता-पिता कुछ समझ पाते तेंदुआ उसे उठाकर जंगल की ओर भाग गया। काफी खोजबीन के बाद बच्ची का शव क्षत विक्षत हालत में जंगल से बरामद किया गया था।

सिपाही पर मारपीट का आरोप, एएसपी से शिकायत

रूड़की, एजेंसी।
एक युवक ने रायसी चौकी पुलिस पर तैनात एक पुलिसकर्मी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। कार्रवाई न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के महाराजपुर कलां गांव निवासी मनीष कुमार ने अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर के कार्यालय में शिकायतपत्र देकर बताया कि 27 दिसंबर को वह गांव स्थित शिव मंदिर में भंडारे की तैयारी कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच रंजिश रखने वाला गांव निवासी युवक मंदिर में पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। इस बीच युवक ने रायसी पुलिस चौकी में तैनात अपने जीजा के दोस्त पुलिसकर्मी को मौके पर बुला लिया। पुलिसकर्मी उसे चौकी ले आया और पिटाई कर दी। इससे उसका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न हुआ है। मनीष ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी कि मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो वह आत्महत्या करने पर मजबूर होगा। उधर, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर ने बताया कि वह अवकाश पर हैं और मामले की जांच कराई जाएगी। उधर, रायसी चौकी प्रभारी सुभाष चंद ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लिखित में समझौता हुआ था।

रेलवे ट्रैक के किनारे दौड़ेगी बाइक, ट्रेन से बचेगी गजराज की जान

ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।
हल्द्वानी और आसपास के इलाकों के रेलवे लाइन को पार करते समय हाथियों की ट्रेन से कटकर मौत की घटनाओं को रोकने के लिए कवायद की जा रही है। अब रेलवे लाइन के किनारे गश्त के लिए 10 किलोमीटर का बाइक का रूट बनाने की योजना है। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के जंगलों में रेलवे लाइन को पार करते समय हाथियों की ट्रेन की टक्कर से होने वाली मौत की घटनाओं को रोकने के लिए कवायद की जा रही है। राजाजी

नेशनल पार्क की तर्ज पर तराई केंद्रीय वन प्रभाग के जंगल में भी रेलवे लाइन के किनारे गश्त के लिए 10 किलोमीटर का बाइक का रूट बनाने की योजना है। विभाग ने इसका प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा है। इस रूट में संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही के समय हाथियों के मूवमेंट पर नजर रखी जाएगी। ट्रैक के आसपास हाथी होने पर उनको हटाने की कोशिश के साथ ही रेलवे को जानकारी भी साझा की जाएगी। सर्दियों में गश्त के लिए विभाग ने मुख्यालय से आठ स्थायी कर्मचारियों की मांग की है। सर्दियों में कोहरे के कारण अक्सर ट्रैक पार करते समय हाथी ट्रेन की चपेट में आ जाते हैं। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार तराई प्रभाग के जंगलों में 23 साल में 11 हाथी ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। पिछले दो महीनों में ट्रेन की टक्कर से तीन हाथियों की मौत हो चुकी है। पूर्व में हुई दुर्घटनाओं के बाद रेलवे और वन विभाग के बीच रात में गूलरभोज, बरेली और हल्द्वानी मार्ग पर धीमी गति से ट्रेन चलाने पर समझौता हुआ था। इसके बावजूद भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। घने वन क्षेत्र में कर्मचारियों को ट्रैक के आसपास हाथियों की मूवमेंट को ट्रेस करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वन क्षेत्र में ट्रैक पर पैदल निगरानी करना संभव नहीं है। ट्रैक के साथ-साथ वन क्षेत्र में बाइक का कच्चा रास्ता तैयार करने का प्रस्ताव भेजा गया हैं।

मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 85वीं ट्रेन चार धाम में से एक रामेश्वरम के लिए रवाना, तीर्थ यात्रियों से मिली राजस्व मंत्री आतिशी

सात दिन की अपनी यात्रा में रामेश्वरम, मीनाक्षी मंदिर सहित कई धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे तीर्थयात्री - मंत्री आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत शनिवार को 780 बुजुर्गों को लेकर 85 वीं ट्रेन दिल्ली से रामेश्वरम के लिए रवाना हुई। यात्रा से पूर्व सभी तीर्थयात्रियों के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री आतिशी ने यहाँ पहुंचकर तीर्थ-यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें यात्रा टिकट व किट सौंपा। इस मौके पर राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, , मैं दिल्ली के सभी बुजुर्गों की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का धन्यवाद करना चाहती हूँ जो दिल्ली के सभी बुजुर्गों को अपने माता-पिता की तरह मानते है और बेटे की भूमिका निभाते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा रहे है। उन्होंने कहा कि, दिल्ली के बुजुर्गों के लिए श्रवण कुमार की भूमिका में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, अबतक दिल्ली से 84 ट्रेनों के माध्यम से 81 हजार से अधिक बुजुर्गों को तीर्थ-यात्रा पर भेजा है और उनका वादा है कि चाहे कितनी भी बाधाएं आ जाये लेकिन वो बुजुर्गों के लिए तीर्थ-यात्रा का सिलसिला रुकने नहीं देंगे और दिल्ली के हर बुजुर्ग की तीर्थ यात्रा करवाएंगे

राजस्व मंत्री ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि पिछली कई बार से तीर्थ-यात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में 80% से अधिक महिलाएँ होती है। ये बेहद अच्छी बात है क्योंकि हमारे समाज में एक महिला अपनी पूरी ज़िंदगी अपने परिवार की सेवा में लगा देती है। और अक्सर महिलाएँ खुद को पीछे रखकर अपने परिवार को आगे रखती है। ऐसे में हमारे लिये ये बेहद खुशी कई बात है कि जिन माताओं ने अपना पूरा जीवन अपने परिवार की सेवा में लगा दिया हम ज़िंदगी के इस पड़ाव पर उन्हें तीर्थ-यात्रा पर भेज रहे है। इस मौके पर उन्होंने तीर्थ-यात्रियों को उनके यात्रा के लिए मंगलकामनाएं दी और अपील करते हुए कहा कि, यात्रा के दौरान आप सभी अच्छे से दर्शन करें और ईश्वर से देश और दिल्ली की तरक्की की कामना जरुर करें उन्होंने तीर्थ-यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी जब रामेश्वरम पहुंचे तो अपने परिवार के साथ-साथ देश और दिल्लीवालों की सुख समृधि की कामना भी जरूर करें।

बता दे कि, मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत दिल्ली सरकार पिछले दो-तीन वर्षों से अपने बुजुर्गों को देश भर में विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाती है। इसी कड़ी में शनिवार शाम सफदरजंग रेलवे स्टेशन से एक ट्रेन रामेश्वरम के लिए रवाना हुई। इससे पहले, दिल्ली सरकार की ओर से त्यागराज स्टेडियम में एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य तीर्थ यात्रियों को अंतरमन की शांति पाने और आध्यात्मिक यात्रा पर जा रहे साथी यात्रियों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करना था।

राजस्व मंत्री ने कहा कि, दिल्लीवासियों का सौभाग्य है कि दिल्ली के हर बुजुर्ग को बेटे के रूप में अरविंद केजरीवाल मिले हैं, जिन्होंने जिम्मेदारी ली है कि मैं दिल्ली के हर बुजुर्ग को तीर्थयात्रा करवाउंगा। और वो श्रवण कुमार की भूमिका निभाते हुए अबतक लगभग 81,000 से बुजुर्गों को तीर्थ-यात्रा पर भेज चुके है

उल्लेखनीय है कि, अपनी इस योजना के तहत केजरीवाल सरकार यात्रियों को एसी ट्रेन से भेजती है, उनके लिए एसी होटल बुक करवाती है, समय से खाने-पीने और दर्शन की व्यवस्था करवाती है और एक भी मौका ऐसा नहीं आने देती जहाँ बुजुर्गों को किसी भी समस्या का सामना करना पड़े केजरीवाल सरकार सुनिश्चित करती है कि पूरी यात्रा के दौरान बुजुर्गों के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था दुरुस्त रहे इन तीर्थ स्थलों का दर्शन कराती है केजरीवाल सरकार दिल्ली सरकार रामेश्वरम्, द्वारकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वरम्, जगन्नाथपुरी, बाबा महाकाल, शिरडी में तमकेश्वरम्, तिरुपति बालाजी, अयोध्या, माता वैष्णोदेवी, पुष्कर, फतेहपुर सिकरी, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर, करतारपुर साहिब, मथुरा-वृंदावन और हरिद्वार के दर्शन अपने खर्चे पर करवाती है। पात्र यात्री अपनी मन पसंद यात्रा को चुन सकते हैं।

दिल्ली सरकार तीर्थयात्रियों की पूरी यात्रा का उठाती है खर्च इन यात्राओं में भाग लेने के लिए सभी तीर्थ यात्रियों को ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन करना होता है। आवेदनों की जांच पड़ताल के बाद दिल्ली सरकार इच्छित तीर्थ स्थलों तक उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए वातानुकूलित ट्रेनों की व्यवस्था करती है। दिल्ली सरकार तीर्थ यात्रियों के उनके घर से रेलवे स्टेशन तक और वापस घर पहुंचाने तक के लिए परिवहन की जिम्मेदारी लेती है। साथ ही, उनके होटल पहुंचने के बाद तीर्थ स्थलों तक और वहां से स्थानीय यात्रा की व्यवस्था भी करती है। यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को अच्छे होटलों में रहने के साथ भोजन और नाश्ते की व्यवस्था करती है। इसके अलावा, हर तीर्थयात्री को एक किट दी जाती है, जिसमें बेडशीट, छाता, कंबल, तौलिया और स्नान किट समेत अन्य जरूरी वस्तुएं होती हैं, ताकि उनको यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। अब तक दिल्ली के लगभग 81 हजार बुजुर्ग कर चुके हैं यात्रा दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अब तक 84 ट्रेनों के माध्यम से लगभग 81 हजार तीर्थयात्री देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा कर चुके हैं। इसी योजना के तहत शनिवार को दिल्ली के 780 बुजुर्गों को लेकर 85वीं यात्रा ट्रेन रामेश्वरम के लिए रवाना हुई।

दिल्ली में कड़ाके की ठंड में नहीं हिला जवानों का हौंसला, कोहरे में भी की परेड की रिहर्सल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली में गिरते तापमान के बीच ही गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारियां शुरू हो गई है। लगातार गिरते तापमान के बीच गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियां भी की जा रही है। दिल्ली में इन दिनों सुबह के समय जबरदस्त कोहरा देखने को मिल रहा है। दिल्ली का तापमान भी लगातार कम होता जा रहा है। कड़ाके की ठंड और कोहरे की बीच कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस परेड के लिए ड्रेस रिहर्सल करते हुए सैनिक दिखाई दिए।

देश की सेना के सैनिक कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल करते दिख रहे है। जवानों की रिहर्सल के साथ ही परेड की तैयारियों की शुरूआत हो गई है। इसी बीच दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर सेना के ढोल की ताल पर मार्च करते हुए सैनिकों ने ड्रेस रिहर्सल की। लगातार तेज बहती हवा के बाद भी सैनिकों ने अनुशासन और समझौते के साथ कदम ताल मिलाया और मार्च किया। घने कोहरे की चादर को चीरते हुए सैनिक मार्च करते रहे। गणतंत्र दिवस के लिए देश की अलग अलग सेनाओं के जवानों ने फुल ड्रेस रिहर्सल की है। जवानों ने जिस समय रिहर्सल की है, उस दौरान दिल्ली के कर्तव्यपथ पर दृश्यता मात्र 20 मीटर की रही थी। मगर इतनी कम दृश्यता होने के बाद भी सेना के जवानों की टुकड़ियों की तैयारी में कोई कमी देखने में नहीं मिली है। लगातार कम होते तापमान के बीच जवानों के जोश में बढ़ोतरी होती जा रही है।

गौरतलब है कि इस वर्ष भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड को देखने का उत्साह सिर्फ दिल्ली ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों की जनता को भी होता है। बता दें कि 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल माइक्रो मुख्य अतिथि हैं। हर वर्ष किसी विदेश के नेता को गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया जाता है। मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने की परंपरा वर्षों से रही है।

आल इंडिया फिजियोथेरेपिस्ट क्रिकेट टूनार्मेंट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी के तहत स्पोर्ट्स कनेक्ट -5 ऑल इंडिया फिजियोथैरेपिस्ट ळ-10 क्रिकेट लीग का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। इस मौके पर इरेडा के अधिकारी श्री कुमार और संत परमानंद अस्पताल के डॉ शेखर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की मुख्य संयोजक डॉ रुचि वार्षनेय आई ए पी की नेशनल हेड की गरिमामयी उपस्थिति रही।

क्रिकेट लीग के सुभारंभ के अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई हुई 10 टीमों ने भाग लिया।

स्टूडेंट टीम की विजेता सुभारती कॉलेज की टीम रही और प्रोफेशनल कप के प्रतिस्पर्धा में गाजियाबाद टीम विजेता घोषित हुई। लखनऊ अपोलो की टीम ने उपविजेता का खिताब जीता।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा अंकित वार्ष्णेय ने मुख्य भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश बोर्ड के टीम मेंबर्स डा दिनेश समूझ, डा श्रुति शर्मा, डा मोहित, डा प्रियंका त्यागी भी उपस्थित रहे। अन्य अथितियों में डा यश प्रताप , डा अभिव्यक्ति नवगीत , भी उपस्थित रहे।

गलगोटिया फिजियोथेरेपी कॉलेज के डीन डा शगुन अग्रवाल ने सभी टीमों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि हार और जीत हर खेल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। खेल में भागीदारी ज्यादा महत्वपूर्ण है।

विजेता टीम अब अपने जोनल मैचों के लिए भुनेश्वर जायेगी ,जो की जनवरी में आयोजित होंगे , वहां पूर्वी भारत के अन्य राज्यों से आई हुई टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और फिर दिल्ली में जोनल विजेताओं का फाइनल मैच होगा।

हिंदी अकादमी ने मनाया अपना स्थापना दिवस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

हिन्दी अकादमी, दिल्ली की विगत 42 वर्षों की इस यात्रा में अनेक अनुभवी अध्यक्षों, उपाध्यक्षो, सचिवों, अधिकारियों और कर्मचारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से पल्लवित-पुष्पित अकादमी वर्तमान में नई ऊंचाइयों को छूती हुई देश की श्रेष्ठ संस्थाओं में गिनी जाती है। यह विचार हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सचिव संजय कुमार गर्ग ने अकादमी के 43वें स्थापना दिवस के अवसर पर समुदाय भवन, पदम नगर, किशनगंज, दिल्ली में आयोजित कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने अकादमी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार के अधीन कार्यरत हिन्दी अकादमी, दिल्ली ने अपनी योजनाओं में निरंतर नए आयाम जोड़ें हैं साथ ही हिन्दी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संवर्धन, प्रचार-प्रसार और विकास में लगातार क्रियाशील है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सोमदत्त ने अकादमी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए अकादमी के कार्यों और योजनाओं की सराहना की।

हास्य-कवि दीपक गुप्ता के संचालन में हुए कवि सम्मेलन का प्रारंभ कवयित्री प्रियंका राय की सरस्वती वंदना से हुआ। गजलकार डॉ. संजय जैन ने अपने काव्य-पाठ में रिश्तों-संबंधों में हो रहे बिखराव को रेखांकित किया। उन्होंने पढ़ाः *कभी मैं नाव कागज की न बारिश में चला पाया/ कभी भी रहनुमा कोई न अब तक मैं बना पाया/लगी थी दौड़ दुनिया में बहुत पैसा कमाने की/मुझे था शौक रिश्तों का फक़्त रिश्ते कमा पाया।* कवि दीपक गुप्ता ने पढ़ाः *मैं घुटने मोड़कर सोता हूँ साहब जी/मेरी चादर कभी छोटी नहीं पड़ती/औ उस दिन तो जियादा मुस्कुराता हूँ/कि जिस दिन पेट में रोटी नहीं होती।* कवयित्री प्रियंका राय ने देश-प्रेम से ओत-प्रोत अपनी रचना में पढ़ाः *मैं भारत की आन बान सम्मान की खातिर जीती हूँ/मुरझाए चेहरों पर मैं मुस्कान की खातिर जीती हूँ/जीते होंगे लोग यहाँ धन दौलत शोहरत की खातिर/सच कहती हूँ मैं तो हिंदुस्तान की खातिर जीती हूँ।* राजस्थान से पधारे कवि मेघश्याम मेघ ने पढ़ाः *धरा क्या है क्या है अम्बर तुम्हारे नाम के आगे/झुकाते सर हैं जादूगर तुम्हारे नाम के आगे।* इस अवसर पर बादशाह आर्ट के निर्देशक टोनी के निर्देशन में कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में राजस्थानी, हरियाणवी, हिमाचली और उत्तराखण्डी लोकगीतों तथा लोकनृत्यों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर किया। कार्यक्रम के अंत में हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सचिव संजय कुमार गर्ग ने सभी कवियों, अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

रूक्मणी यानी मन को एकाग्र कर कृष्ण अर्पण : राजेश्वरानंद

नई दिल्ली। जब बुराई का खात्मा करने की बात आए तो उसमें अपने पराए का भेद किए बिना बुराई का नाश होना चाहिए यह संदेश दिया कथाव्यास बृज रसिक पुज्यता किशोरी जी ने अनारकली गार्डन जगतपुरी स्थित श्री राजमाता जी मंदिर में स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भक्तसमूह को। अंग्रेजी नववर्ष पर सनातनी संस्कृति द्वारा स्वागत हेतु स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में कथा के छठे दिन कथाव्यास पुज्यता किशोरी जी ने कंस वध पर चर्चा करते हुए कहा कि ह्भगवान श्री कृष्ण ने बुराई का विरोध, बुराई का नाश करते हुए अपने पराए का भेद नहीं रखा। एक तरफ उन्होंने अपने मामा कंस के राक्षसी राज से मुक्ति हेतु मामा कंस का वध किया तो दूसरी तरफ जब श्री कृष्ण जी ने देखा की उन्ही के वंशज यदुवंशियों गलत, बुरे आचरण की ओर बढ़ रहे हैं तो स्वयं ही उनके नाश का कारण बने।इससे शिक्षा मिलती है कि बुराई के खात्मा करते हुए अपने पराए में भेद न रखकर बुराई का खात्मा होना चाहिए। दुख का विषय है कि जब अपनों में बुराई हो तो व्यक्ति वकील बनकर खड़ा दिखाई देता है लेकिन बुराई दूसरे में हो तो व्यक्ति से बड़ा कोई न्यायधीश नही, यही गलत बात है। रूक्मणी मंगल पर स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने भक्तसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ह्रुक+मणि=रुकमणी। मन को रोकने वाला व्यक्तित्व रुक्मणि। रुकमणी प्रसंग से हमे ज्ञान मिलता है कि रूक्मणी का भाई रुक्मी अपने बहन का विवाह अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु प्रसिद्ध चेदीराजा शिशुपाल से करना चाहता था लेकिन रूक्मणी का मन वैभव विलासिता पर आकर्षित न होकर भगवान श्री कृष्ण को अर्पित था।इससे ज्ञान मिलता है कि मन का स्वभाव तो संसार के आकर्षण में फंसाना ही है लेकिन मन को रोककर यानी नियंत्रण में रखते हुए परमात्मा को अर्पित करने से ही मनुष्य का जीवन मंगलमय हो सकता है।यही कृष्ण रूक्मणी मंगल तत्वार्थ। श्री कृष्ण रुक्मणि के विवाह का सुंदर दृश्य प्रस्तुत करते हुए स्वामीजी ने संदेश दिया की कोई भी विवाह योग्य कन्याओं के अभावग्रस्त परिवार हो तो हमारे संपर्क में लाइए, अति शीघ्र सामूहिक विवाह महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

आईजीडीटीयूडब्ल्यू ने एआई और स्पीच टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आईजीडीटीयूडब्ल्यू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पीच टेक्नोलॉजी पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के 5वें संस्करण का आयोजन किया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में स्वदेशी कम लागत और उच्च गुणवत्ता वाले एआई आधारित समाधान प्रदान करना था। कृषि, शिक्षा और अन्य जो हमारे देश को विकासशील से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ने में मदद करेंगे। सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं, पैनल चचाओं और पेपर प्रस्तुतियों की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिसमें कंप्यूटर दृष्टि, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और भाषण मान्यता के लिए कुछ नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधानों पर प्रकाश डाला गया। मुख्य आकर्षण डॉ. अमिता देव, कुलपति, आईजीडीटीयूडब्ल्यू, डॉ. रंजना एन., उत्कृष्ट वैज्ञानिक और निदेशक, डीएसटीए, डीआरडीओ, डॉ. सचिन गुलाटी, निदेशक, कैंपस हायरिंग, अमेरिकन एक्सप्रेस, प्रोफेसर युडोंग के विभिन्न उद्घाटन और मुख्य भाषण थे। झांग, कंप्यूटिंग और गणितीय विज्ञान स्कूल, लीसेस्टर विश्वविद्यालय, यूके, डॉ. हेलमी बिन अब्द वहाब विश्वविद्यालय तुन हुसैन ओएन मलेशिया, डॉ. मीना झा, सेंट्रल क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया, मो. हेलमी अब्द वहाब, यूनिवर्सिटी ट्यून हुसैन ओएन मलेशिया, डॉ. एसएस अग्रवाल, एमेरिटस वैज्ञानिक, सीएसआईआर और प्रोफेसर अरुण शर्मा, आयोजन अध्यक्ष, एआईएसटी2023, जिनकी अंतर्दृष्टि एआई और भाषण प्रौद्योगिकी के अंतर्संबंध पर प्रकाश डालती है, और भविष्य को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं पर जोर देती है। तकनीकी। कार्यक्रम के दो दिनों के दौरान शोधकर्ताओं द्वारा भारत और कई देशों के कुल 71 शोध पत्र आठ अलग-अलग ट्रैक में प्रस्तुत किए गए। इन ट्रैक की अध्यक्षता प्रख्यात एआई और भाषण विशेषज्ञों द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान साझा किया गया सामूहिक ज्ञान एआई और भाषण प्रौद्योगिकी के प्रक्षेप पथ को प्रभावित करने के लिए तैयार है, जिससे एक ऐसे भविष्य की शुरूआत होगी जहां ये प्रगति स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा से लेकर वित्त और उससे आगे तक विभिन्न क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी।

नए साल की पार्टी के लिए भारी छूट दे रहे होटल-रेस्तरां

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में नए साल के जश्न को लेकर तैयारियां चल रही हैं। होटल, क्लब, रिजॉट, बार और रेस्तरां इस बार लोगों के लिए कई लुभावने पैकेज लेकर आए हैं, इनमें नकद छूट से लेकर बुफे सिस्टम के तहत सुबह का ब्रेक फास्ट मुफ्त देने की पेशकश की जा रही है। हालांकि, छूट के बाद भी दो लोगों के लिए दो रात और तीन दिन का पैकेज 40 से 70 हजार रुपये में मिल रहा है। दिल्ली में पड़ोसी शहरों से भी लोग बड़ी संख्या में नए साल का जश्न मनाने आते हैं, क्योंकि उनके शहरों में शानदार होटल, क्लब, बार और रेस्तरां की सुविधा नहीं मिलती है। यही नहीं, राजधानी के थ्री स्टार से लेकर सेवन स्टार तक के होटलों में विदेशी मेहमानों की संख्या भी अच्छी खासी रहती है। दिल्ली होटल एसोसिएशन के सचिव सौरभ छावड़ा का कहना है कि इस वर्ष पूरी दुनिया में कोरोना का वैसा खौफ नहीं है, जैसा बीते तीन सालों के दौरान देखा गया था। इसे देखते हुए विदेशी मेहमान भी भारत का रुख कर रहे हैं, क्योंकि बाकी देशों की तुलना में भारत में रहना सस्ता है। साथ ही यूरोप समेत अन्य देशों से भारत आने वाले लोगों के लिए यहां का मौसम काफी अच्छा रहता है, इसलिए इस बार बड़े होटलों में विदेशी मेहमानों की संख्या काफी ज्यादा है। उसके बाद पड़ोसी राज्यों और शहरों के लोग हैं, जो बड़ी संख्या में दिल्ली के होटल में रहकर नए साल का जश्न मनाएंगे। इस वजह से होटलों की कीमतों में भी भारी उछाल आया है। हालांकि, तमाम होटल और रेस्तरां अपनी तरफ से ग्राहकों को अच्छा डिस्काउंट दे रहे हैं।

बड़े होटलों में टिकट के लिए मारामारी

विभिन्न होटल न्यू ईयर पार्टियों का भी आयोजन कर रहे हैं, जिनमें कलाकारों को रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए बुलाया गया है। इन पार्टियों में शामिल होने के लिए लोगों को टिकट खरीदना पड़ेगा, जिनकी कीमतें काफी ज्यादा है। वहीं, कुछ होटल टिकट से सिर्फ प्रवेश दे रहे हैं, बाकी खाने-पीने की बिल अलग से देना होगा। जिन होटलों में सिर्फ डीजे के साथ पार्टी होनी है, उनमें तीन घंटे तक की पार्टी का करीब तीन हजार तक टिकट है, मगर जहां पर किसी पंजाबी या फिल्मी कलाकार को बुलाया गया है तो वहां पर 10 हजार से ऊपर की टिकट धनराशि रखी गई है।

टिकटों की कीमतों में भारी उछाल

स्थान - टिकट राशि
पंजाबी बाग - 950
पश्चिमी पंजाबी बाग - 1450
विश्वास नगर - 10800
एरोसिटी - 3000
कनॉट प्लेस - 3999

नोट- यह धनराशि सिर्फ तीन घंटे की नई ईयर पार्टी के टिकट की है

बुजुर्ग महिला की चाकू से वार करके हत्या, करीबी पर शक

नई दिल्ली। रनहौला इलाके में सुबह एक बुजुर्ग महिला की उसी के खेत में गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में प्रॉपर्टी विवाद की आशंका लग रही है। जिसमें परिवार में भी विवाद था। वारदात वाली जगह के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं होने पर पुलिस मृतक महिला के परिवार वालों से भी पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला की पहचान वीरमती(70)के रूप में हुई है। वह अपने बेटे और उसके परिवार के साथ रनहौला गांव में रहती थी। उसका पति उससे अलग रहता है। जबकि दो बेटियां अपने अपने परिवार के साथ रहती हैं। रनहौला पुलिस को शनिवार सुबह करीब पांच बजे रनहौला गांव स्थित खेत में वीरमती की चाकू मारकर हत्या करने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वीरमती के गर्दन पेट आदी में चाकू के निशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये नजदीक के अस्पताल की मार्चरी में रखवा दिया। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला है कि वीरमती ने घर से करीब छह सौ मीटर पर मवेशी पाल रखे थे। जिनको सुबह चार सवा चार बजे उठाकर उनका चारा और दूध निकालने के लिये वह अकेली चली जाती थी। सुबह जब काफी देर तक वह घर वापिस नहीं लौटी। उसकी बहू मौके पर पहुंची। जहां पर वह खून से लथपथ हालत में मृतावस्था में पड़ी थी। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और उसके बेटे व पुलिस को वारदात की जानकारी दी थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह से महिला की हत्या की गई है। उससे लगता है कि आरोपी पहले से ही घाट लगाकर खेत में बैठे थे। जिनको वीरमती के आने का समय पता था। आरोपियों की वीरमती से पहले से ही किसी बात को लेकर विवाद चल रहा होगा। आरोपियों ने जिस तरह से वीरमती को चाकू मारे हैं।

लोक सेना हिंद ने जन लोकपाल विधेयक पर केजरीवाल को घेरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

लोक सेना हिंद के अध्यक्ष डॉ. मुनीश रायजादा ने आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जन लोकपाल विधेयक को लेकर बड़ा हमला किया है। अन्ना हजारे के आंदोलन में केजरीवाल व अन्य के साथ सक्रिय हिस्सा लेने वाले डॉ. रायजादा कभी आम आदमी पार्टी के मजबूत समर्थक रहे हैं। डॉ. रायजादा के नेतृत्व में लोक सेना हिंद ने राजीव चौक में मेट्रो के गेट नंबर छह के बाहर शुक्रवार दोपहर से शाम तक जन लोकपाल विधेयक की बरसी मनाई। डॉ. रायजादा ने दिल्ली के मुद्दों को फलक पर लाने के लिए राजनीतिक दल के रूप में लोक सेना हिंद का गठन किया है। राजीव चौक में यह कार्यक्रम आम लोगों के बीच कौतूहल का विषय रहा। डॉ. रायजादा का कहना है कि केजरीवाल ने 2013 में रामलीला मैदान में अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान यह वचन दिया था कि अगर आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता में आई तो जन लोकपाल विधेयक को पास कर उसका क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को सत्ता में आए नौ वर्ष से अधिक का समय हो चुका है लेकिन उन्होंने इस विधेयक की सुध नहीं ली है। उसे पास करना तो दूर केजरीवाल ने अब इसके बारे में बात करना भी बंद कर दिया है।

उन्होंने कहा कि लोक सेना हिंद जन लोकपाल विधेयक के प्रति अक्षमता को जनसमर्थन का गंभीर उल्लंघन मानती है। दिल्ली के नागरिकों को अरविंद केजरीवाल ने धोखा दिया है। वह कहते हैं कि अगर दिल्ली में लोक सेना हिंद की सरकार बनती है तो जन लोकपाल विधेयक को लागू किया जाएगा।

भीषण सर्दी और घने कोहरे के बीच भी जारी है सफाई अभियान : हाजी जरीफ

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली आजकल भयंकर कोहरे की चपेट में है और सर्दी भी अपने चरम पर है बावजूद इसके उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के तहत उनके वार्ड कबीर नगर में तडके ही सफाई अभियान शुरू हो जाता है और पूरे वार्ड में निगम के सफाई कर्मी लगातार सफाई करते हैं। यह कहना है कबीर नगर वार्ड से कांग्रेस के निगम पार्षद हाजी जरीफ का। हाजी जरीफ कहते है जिस वक्त लोगो भीषण ठंड के चलते अपनी रजाईयों में सोये होते है उस वक्त उनकी टीम के लोग वार्ड की गलियों में सफाई कर रहे होते हैं। हाजी जरीफ बताते हैं वे स्वयं भी सफाई कार्य की निगरानी करने गलियों में पहुंचते है। वे कहते है सफाई कार्य में लापरवाही किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं हो सकती। हाजी जरीफ नें बताया ह्दो कदम स्वच्छता की ओरह्व वार्ड कबीर नगर में झाड़ू लगने और कूड़ा उठवाने के बाद वार्ड की साफ सुथरी गलियां और सड़कें हर रोज की तरह वार्ड में साफ सफाई का काम चालू है। हर रोज की तरह आज भी वार्ड में जगह -जगह कूड़ा उठाया और सड़क की सफाई कराई गई। उन्होंने लोगो से अपील की रास्तों पर कूड़ा न फेंके और अपने इलाके को साफ रखने में हमारी मदद करें। कूड़ा सिर्फ कूड़ा गाड़ी या कूड़ेदान में ही डालें, क्षेत्र को साफ सुथरा रखने में मेरा सहयोग करें।

हंस गौशाला ने डेरा मोड़ में लगाया निःशुल्क पशु जांच एवं चिकित्सा शिविर, 117 गायों एवं अन्य पशुओं का किया इलाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

परमपूज्य श्री भोले जी महाराज एवं माताश्री मंगला जी की प्रेरणा से हंस गौशाला-ए यूनिट आफ द हंस फाउंडेशन द्वारा दक्षिणी दिल्ली के एम.के.गार्डन डेरा मोड़ में निःशुल्क पशु जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कुशल एवं अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में 117 गायों, भैंसों एवं अन्य पशुओं के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हें निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। शिविर में डेरा मोड़, डेरा गांव, भाटी कलां तथा फतेहपुर बेरी आदि गांवों के पशुपालक अपनी गाय, गोवंश, भैंस एवं कुत्ता आदि बीमार पशुओं को इलाज कराने के लिए लेकर आये थे। हंस गौशाला शिविर में राजकीय पशु चिकित्सालय फतेहपुर बेरी तथा पशुपालन विभाग दिल्ली सरकार का भी योगदान रहा। हंस गौशाला निःशुल्क जांच एवं चिकित्सा शिविर के संयोजक श्री मानस स्वाइन ने बताया कि पिछले कई माह से दक्षिणी दिल्ली के अनेक गांवों में इस तरह के शिविर लगाये जा चुके हैं। यह सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि अधिक से अधिक पशुपालकों को इसका लाभ मिल सके।

श्री मानस स्वाइन ने बताया कि हंस गौशाला भाटी, दिल्ली में स्थानीय स्तर पर लावारिस, बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त पशुओं के इलाज के लिए निःशुल्क काऊ रेस्क्यू एंड ट्रीटमेंट जोन का संचालन किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डा.बाला मुरुगन, डा.सतवीर सिंह तथा डा.मुदस्सिर इकबाल ने अपने पैरामेडिकल स्टाफ के साथ 117 गायों, गोवंश, भैंस एवं कुत्ता आदि पशुओं के स्वास्थ्य की जांचकर उनका इलाज किया तथा निःशुल्क दवाइयां प्रदान कीं। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डा. बाला मुरुगन ने बताया कि अधिकतर गायों एवं भैंसों में भूख न लगना, बांझपन तथा कम दूध देना आदि बीमारियों का इलाज कर निशुल्क दवाइयां दी गईं। थनेला, चीचड/कलीदें, खाज-खुजली, जख्म, खांसी, जुकाम और बुखार का इलाज किया गया। गायों और भैंसों में खुरपका एवं मुंहपका से बचाव के लिए की वैक्सीन दी। पशुपालकों को वैक्सीन, कैल्शियम, खनिज पदार्थ तथा संतुलित आहार के लाभ बताकर उन्हें जागरूक किया गया। गायों के एवं भैंसों के छोटे बच्चों के पेट में कीड़ों को खत्म करने की दवाई पिलाई गई तथा उनके जख्मों/घावों का इलाज किया। हंस गौशाला शिविर को सफल बनाने में हंस गौशाला के वरिष्ठ सेवक एवं पत्रकार भागेश कुमार त्यागी, अमरदीप, विनय यादव, संदीप झांझरिया, शिव शर्मा तथा वैभव आदि सेवकों के साथ-साथ ग्रामवासियों तथा पैरामेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में आये पशुपालकों ने द हंस फाउंडेशन के प्रेरणास्रोत श्री भोले जी महाराज एवं माता श्री मंगला जी द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) गौतमबुद्धनगर
उत्तराधिकार याचिका सं.–500 सन 2023

प्रशान्त राठौर पुत्र श्री मनोहर लाल राठौर निवासी ए–1304 अंतरिक्ष नेचर, प्लाट नम्बर ए–110 सैक्टर–52 नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र.201301 मुख्तयारेआम नि. मनोहर लाल राठौर पुत्र श्री आर.एल. राठौर निवासी ए–1304 अंतरिक्ष नेचर प्लाट नम्बर ए–110 सैक्टर–52 नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र.–201301 .....प्रार्थी / याची

बनाम

उत्तर प्रदेश सरकार .....प्रतिवादी

इश्तहार

हरगाह प्रार्थी / याची ने आपके नाम एक नालिश बाबत वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतका पूनम राठौर पत्नी प्रशान्त राठौर की मृत्यु के पश्चात उनकी HDFC Bank शाखा सैक्टर– 18, नोएडा में कुल 12 Fixed Deposit है जिनकी मूल धनराशि 33 लाख रूपये है तथा ब्याज अतिरिक्त है जिनका विवरण निम्न प्रकार
1)FD No. 50300302117811N, Rs. 500000/-
2) FD No. 50300442126011N, Rs. 300000/
3) FD No. 50300442126774N, Rs. 300000/-
4) FD No. 50300442127165N, Rs. 300000/
5) FD No. 50300499499030N, Rs. 200000/-
6) FD No. 50300499499043 N, Rs. 200000/
7) FD No. 50300499499069N, Rs. 200000/-
8) FD No. 50300499499072N, Rs. 200000/
9) FD No. 50300499499082N, Rs. 200000/-
10) FD No. 50300499499095N, RS. 200000/-
11) FD No. 50300173361498N, Rs. 100000/-
12) FD No. 50300365992891N, Rs. 600000/
अंधारा–372 अधिनियम 1925 प्रस्तुत किया गया है। वास्ते ऐतराज व समायत हेतु दिनांक 12.01.2024 नियत की गयी है। अतः यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रातः 10:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के द्वारा प्रस्तुत हो सकता है अन्यथा इसके पश्चात किसी की भी नहीं सुना जायेगा। अतः दिनांक 20.12.2023 को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। दिनांक–20.12.2023

आदेशानुसार / मुंसरिम
सिविल जज (सी.डि.),
गौतमबुद्धनगर

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि) गौतमबुद्धनगर
उत्तराधिकार याचिका सं.–403 सन 2023

शिवम पुत्र श्री रमेश सिंह, आयु करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम खगौड़ा, तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर। .....वादी

बनाम

1. श्री रामप्रसाद सिंह पुत्र बददन सिंह,
2. श्री रमेश पुत्र स्व. उदवीर
3. श्री सुरेश पुत्र स्व. उदयवीर
4. श्री योगेन्द्र पुत्र स्व. उदयवीर
5. श्री जगदीश पुत्र स्व. राजेन्द्र
6. श्री संजय पुत्र स्व. राजेन्द्र
7. श्री शिवकुमार सिंह पुत्र फूल सिंह उर्फ फूला सिंह निवासीगण निवासी ग्राम खगौड़ा तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर। .....विपक्षीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु उक्त वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 05.01.2024 बक्त 10 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सकें हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करो। आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तइमाल करना चाहते हो।
आपको इत्तला दी जाती है कि अगरा बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बतौर मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 05.12.2023 को जारी किया गया।

आदेशानुसार / मुंसरिम
सिविल जज (सी.डि.), गौतमबुद्धनगर

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 31 दिसंबर, 2023

मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान के बाद अब आम आदमी पार्टी दिल्ली में करेगी जन संवाद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

- दिल्ली में 4 जनवरी से शुरू होगा मैं भी केजरीवाल जन संवाद आभियान, आप के सभी मंत्री, विधायक और पार्षद होंगे शामिलः संदीप पाठक
- लोगों का कहना है कि अगर मोदी सरकार अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा लेती है तो उन्हें किसी भी हालत में अपना इस्तीफा नहीं देना चाहिएः संदीप पाठक

आम आदमी पार्टी का मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान शनिवार को खत्म हो गया। यह अभियान 1 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक चला। आम आदमी पार्टी के संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने डोर टू डोर कैंपेन की सफलता और 4 जनवरी से शुरू होने वाले मैं भी केजरीवाल जन संवाद अभियान की ट्रेनिंग को लेकर पार्टी मुख्यालय में बैठक बुलाई। बैठक में आम आदमी पार्टी के मंत्री इमरान खान, प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक दिलीप पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक जरनैल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक कुलदीप कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक ऋतुराज झा, प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक राजेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक गुलाब सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर समेत दिल्ली के सभी विधायक शामिल हुए। इनके अलावा आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री डॉक्टर संदीप पाठक ने कहा कि मैं आप सबको बधाई देना चाहता हूं कि आपने मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हमारे डोर टू डोर अभियान को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। हमारी पार्टी दिल्ली में घर-घर तक पहुंचने में कामयाब रही है। हमने जितना सोचा था इस अभियान को उससे कहीं ज्यादा सफलता प्राप्त हुई है। इस सफलता को और बड़ा बनाने के लिए अब हम दिल्ली में मैं भी केजरीवाल जन संवाद अभियान शुरू करने जा रहे हैं। जन संवाद अभियान पूरी दिल्ली में 4 जनवरी 2024 से शुरू होगा। जन संवाद में आम आदमी पार्टी के सभी मंत्री, विधायक और पार्षद हिस्सा लेंगे। मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान की तरह ही हम सब लोगों को मिलकर जन संवाद अभियान को भी सफल बनाना है। जन संवाद में हमें दिल्ली के ज्यादा से ज्यादा लोगों की उपस्थिति दर्ज करानी है।

राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने आगे कहा कि मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान को दिल्ली के लोगों से भरपूर प्यार और समर्थन प्राप्त हुआ है। दिल्ली के लोगों का कहना है कि मोदी सरकार हमारे मुख्यमंत्री को जेल के अंदर बंद करने के लिए यह सभी षड्यंत्र रच रही है। हम अपने मुख्यमंत्री को किसी भी हालत में गिरफ्तार नहीं होने देंगे। जो अच्छे काम हमारे लिए अरविंद केजरीवाल ने किए हैं वह काम किसी और मुख्यमंत्री ने नहीं किए। हम अपने मुख्यमंत्री से बहुत प्यार करते हैं, उन्हें हमने दिल्ली का मुख्यमंत्री चुना है। अगर मोदी सरकार षड्यंत्र करके हमारे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेती है तो केजरीवाल जी को किसी भी हालत में अपना इस्तीफा नहीं देना चाहिए। उन्हें जेल से ही सरकार चलानी चाहिए। अगर मोदी सरकार हमारे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेती है तो उनके साथ हम भी जेल में जाएंगे।

डॉक्टर संदीप पाठक ने आगे कहा कि हमारे नेताओं ने दिल्ली में घर-घर जाकर लोगों को मोदी सरकार की तानाशाही से अवगत कराया। हमने दिल्ली के लोगों को बताया कि किस तरीके से मोदी सरकार आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खत्म करने के लिए षड्यंत्र रच रही है। हमने लोगों को बताया कि आज जो भी मोदी सरकार से सवाल पूछता है या तो उसको सस्पेंड कर दिया जाता है या फिर उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाता है। मोदी जी अगर किसी से डरते हैं तो वह अरविंद केजरीवाल जी हैं। मोदी जी ने इसी डर के चलते अब अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार करने की साजिश रची है। भाजपा केजरीवाल जी को गिरफ्तार करने के बाद पार्टी को तोड़ना चाहती है। मैं भाजपा से कहना चाहता हूं कि ना हम पहले कभी झुके थे और ना हम आगे कभी झुकेंगे। अगर हमारे सारे नेताओं को जेल के अंदर बंद कर दिया जाएगा तब भी हम ईमानदारी और सच्चाई के लिए लड़ते रहेंगे। मैं भी केजरीवाल हस्ताक्षर अभियान की आज पूरी दिल्ली में चर्चा हो रही है।

27 आपराधिक वारदातों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार थाना पुलिस ने लूटपाट समेत 27 आपराधिक वारदातों में शामिल बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान कल्याणपुरी निवासी 26 वर्षीय विनोद उर्फ गोलू के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ ने बताया कि 29 दिसंबर को प्रीत विहार पुलिस को शिकायतकर्ता ने सूचना दी कि निर्माण विहार बस स्टैंड के पास एक बदमाश को पकड़ा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बदमाश ने उनका मोबाइल चोरी किया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को विनोद उर्फ गोलू मिला। उसे चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि वह ई रिक्शा चलाने का काम करता था, लेकिन नशे की आदत और अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए लूटपाट समेत अन्य आपराधिक वारदातों को अंजाम देने लगा। जांच में पता चला कि वह पहले से भी 27 अपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

10 दिन की विपश्यना के बाद दिल्ली वापस लौटे केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बीते 10 दिन से विपश्यना साधना पर थे और शनिवार को ही लौटे हैं। इसकी जानकारी उन्होंने खुद एक्स पर एक पोस्ट डालकर दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अपना आगे का प्लान भी बताया। सीएम केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह विपश्यना साधना से लौट आए हैं और अब नई ऊर्जा के साथ जनता की सेवा में लगेंगे।

केजरीवाल ने पोस्ट में लिखा, 10 दिन की विपश्यना साधना के बाद आज वापस लौटा। इस साधना से असीम शांति मिलती है। नई ऊर्जा के साथ आज से फिर जनता की सेवा में लगेंगे। सबका मंगल हो! ईडी ने भेजा है तीसरा समन दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को तीसरी बार समन भेज रखा है। इस संबंध में उन्हें 3 जनवरी को ईडी के सामने पेश होना है। इससे पहले के जो दो समन भेजे गए थे उनका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह राजनीति से प्रेरित समन है।

क्या तीसरे समन पर पेश न होने पर ईडी को हैं गिरफ्तारी के अधिकार?

माना जा रहा है कि 3 जनवरी को केजरीवाल ईडी के सामने पेश हो सकते हैं। ईडी के नियम के अनुसार अगर कोई व्यक्ति बार-बार समन मिलने पर भी पूछताछ के लिए पेश न हो तो ईडी उसे गिरफ्तार कर सकती है। हालांकि ईडी को गिरफ्तारी के लिए पुख्ता सबूत की जरूरत होती है कि जिसकी गिरफ्तारी हो रही है वह अपराधी है ही।

सुनहरी बाग मस्जिद को ध्वस्त करने के प्रस्ताव के खिलाफ इमाम ने अदालत का रुख किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सुनहरी बाग मस्जिद के इमाम ने क्षेत्र में कथित यातायात जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए ढांचे को ध्वस्त करने के प्रस्ताव के खिलाफ शनिवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया। याचिकाकर्ता अब्दुल अजीज ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा 24 दिसंबर को जारी सार्वजनिक नोटिस को चुनौती दी। इसमें मस्जिद के विध्वंस के संबंध में एक जनवरी तक आम जनता से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए हैं।

न्यायमूर्ति मनोज जैन की अवकाश पीठ ने एनडीएमसी के वकील के आश्वासन के बाद याचिका को आठ जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। एनडीएमसी के वकील ने अदालत को सूचित किया कि फिलहाल इसपर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी क्योंकि अंतिम फैसला विरासत संरक्षण समिति (एचसीसी) को करना है। एनडीएमसी के वकील ने कहा, मान्यवर इस मामले की सुनवाई स्थगित की जा सकती है क्योंकि इसमें कोई कार्रवाई नहीं होने वाली है। निर्णय एचसीसी को लेना है, हमें तो केवल सुझाव देना है। उन्होंने कहा, एचसीसी की अनुमति के बिना मैं एक ईंट भी छूने नहीं जा रहा।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि वह इस स्तर पर अंतरिम आदेश का अनुरोध नहीं कर रहे हैं और तर्क दिया कि कानून एनडीएमसी को एक विरासत संरचना को हटाने का अधिकार नहीं देता है। उन्होंने कहा, अदालत याचिका को रोस्टर पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर सकती है। उन्हें निर्देश लेने दीजिए।मैं कोई स्थगन आदेश नहीं मांग रहा हूं। अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के बजाय इमाम के याचिका दायर करने के अधिकार पर सवाल उठाया।

इमाम के वकील ने कहा कि उन्होंने उनके नेतृत्व में होने वाली नमाज में शामिल लोगों की रक्षा के लिए याचिका दायर की है क्योंकि सुनहरी बाग मस्जिद में नमाज अदा की जाती है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया कि मस्जिद 150 साल से अधिक पुरानी है और एक विरासत इमारत है जो सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उच्च न्यायालय ने 18 दिसंबर को सुनहरी बाग रोड चौराहे पर स्थित मस्जिद को ध्वस्त करने की आशंका वाली दिल्ली वक्फ बोर्ड की एक अलग याचिका में कार्यवाही बंद कर दी थी, जबकि यह दर्ज किया था कि पक्ष कानून के अनुसार कार्य करेंगे।

उलझन में छात्रः जेएनयू में सीयूईटी से ही होगा प्रवेश, आवेदन करते वक्त लिस्ट में नहीं दिख रहा नाम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से जारी परास्नातक में सीयूईटी प्रवेश के लिए विश्वविद्यालयों के नामों की सूची में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का नाम नहीं है। इससे छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।

24 जनवरी आवेदन की आखिरी तिथि है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जेएनयू प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर, जल्द से जल्द नाम सूची में शामिल करने की अपील की है, जिससे छात्र आवेदन कर सकेंगे। दूसरी ओर, पंजीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का छात्र संगठनों ने विरोध किया है।

जेएनयू में परास्नातक में प्रवेश अब सीयूईटी के जरिये ही हो रहे हैं। सीयूईटी की परीक्षाएं एनटीए की ओर से आयोजित की जाती हैं। एनटीए ने प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, उनमें कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों का नाम नहीं है। जेएनयू भी उनमें से एक है। वेबसाइट पर जेएनयू का विकल्प न आने के कारण छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। एबीवीपी जेएनयू इकाई के अध्यक्ष सतीश अजमेरा ने कहा, गलती दोनों ओर से हुई है। इसलिए नाम नहीं दिखाई दे रहा है।

अगर शनिवार शाम तक वेबसाइट पर नाम दिखाई नहीं देगा, तो एनटीए के अधिकारियों से मुलाकात कर शिकायत करेंगे। अगर इसमें वक्त लगेगा तो छात्र जेएनयू के लिए आवेदन करने से छूट जाएंगे।

जेएनयू के डायरेक्टर आफ एडमिशन प्रो. जयंत त्रिपाठी ने कहा, 56 विश्वविद्यालयों की सूची जारी होनी है। अभी 18 के ही नाम है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय का नाम भी नहीं है। जल्द नाम दिखाई देने लगेगा और छात्र आवेदन कर सकेंगे।

छात्रों ने एनटीए के अधिकारियों से बढ़ी फीस पर की मुलाकात

स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआई) ने सीयूईटी परास्नातक की परीक्षा में बैठने के लिए पंजीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का विरोध किया है। शुक्रवार को छात्रों के दल ने एनटीए के अधिकारियों से मुलाकात कर बढ़ा शुल्क वापस लेने की मांग की।

एसएफआई ने एक बयान में कहा है कि पंजीकरण शुल्क में 200 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। सामान्य श्रेणी के लिए 1200, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए एक हजार, एससी, एसटी और थर्ड जेंडर के लिए 900 और पीडब्ल्यूडी छात्रों के लिए 800 रुपये का शुल्क तय किया गया है। एसएफआई की अध्यक्ष आइशी घोष ने कहा, एनटीए को बढ़ी हुई फीस संरचना को तुरंत रद्द करना चाहिए। हम छात्रों से भी अपील करते हैं कि वे ऐसे मनमाने फैसलों के खिलाफ आवाज उठाएं जो विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदाय से आने वाले छात्रों के लिए आर्थिक बोझ बन गए हैं।

लड़की के चक्कर में युवक को चाकू घोंपकर मार डाला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

गोकलपुरी स्थित भागीरथी विहार में बीच सड़क 50 से अधिक वार कर की गई माहिर नाम के युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। एक युवती से दोस्ती बनाएं रखने के चक्कर में युवक की हत्या की गई थी।

मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान भागीरथी विहार निवासी मुख्य आरोपित अरमान खान, फैसल खान और समीर उर्फ बालू के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जाय टिर्की ने बताया कि माहिर अपने परिवार के साथ गाजियाबाद के विजय विहार में रहते थे।

वह पहाड़गंज में फ्लेक्स बोर्ड की फैक्ट्री में नौकरी करते थे। बुधवार रात नौ बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि भागीरथी विहार के लाखन चौक पर एक युवक का शव खून से लथपड़ हालत में पड़ा हुआ था। पास ही एक चाकू भी पड़ा हुआ था। शरीर पर जगह-जगह चाकू के निशान थे।

एक ही युवती से दोनों की थी दोस्ती

गोकलपुरी थाना पुलिस ने हत्या की धारा में प्राथमिकी की। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार और इंस्पेक्टर विनोद अहलावत व अन्य की टीम बनाई गई। पुलिस ने आरोपितों की पहचान कर उन्हें भागीरथी विहार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को पूछताछ में अरमान ने बताया कि उसकी और माहिर की दोस्ती एक युवती से थी।

एक सप्ताह पहले माहिर उस युवती के घर पर उससे मिलने के लिए गया था, उसी दौरान वह उस युवती से इंस्टाग्राम पर वीडियो कॉल पर बात कर रहा था। यह देखकर माहिर भड़क गया और उसने अरमान को गालियां देनी शुरू कर दी। उस दौरान मामला शांत हो गया था। बाद में अरमान ने उस युवती से उसका मोबाइल छीन लिया था, ताकि वह माहिर से बात न कर सके।

उसे डर था कि अगर वह माहिर से बात करती रही तो उससे दोस्ती तोड़ देगी। उस मोबाइल को वापस देने के लिए उसने फोन करके माहिर को भागीरथी विहार मिलने के लिए बुलाया। दोनों के बीच कहासुनी हुई और उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर माहिर की हत्या कर दी।

दिल्ली में वायु प्रदुषण को लेकर भाजपा का आप के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकताओं ने ऑक्सीजन मास्क पहनकर शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के खिलाफ शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में चार स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के नेताओं ने बताया कि विरोध प्रदर्शन आईटीओ चौराहे, इंडिया गेट के समीप, ली मेरिडियन होटल के पास वाले चौराहे और 11 मूर्ति चौराहे पर किया गया। उन्होंने बताया कि सांसद मनोज तिवारी और दिल्ली की भाजपा इकाई के महासचिव कमलजीत सहरावत 11 मूर्ति चौक पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। नेताओं के अनुसार, दिल्ली में भाजपा के महासचिव हर्ष मल्होत्रा आईटीओ क्रॉसिंग और योगेन्द्र चंदोलिया ली मेरिडियन चौराहे पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं, दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव बब्बर इंडिया गेट पर प्रदर्शन में हिस्सा लिया। शहर में खराब होती वायु गुणवत्ता के बीच केंद्र सरकार ने 22 दिसंबर को दिल्ली-एनसीआर में गैर-जरूरी निर्माण कार्य और बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल चालित चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी), केंद्र सरकार की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना है जिसे सर्दियों के मौसम के दौरान क्षेत्र में लागू किया जाता है। जीआरएपी के तहत कार्रवाई को चार चरणों में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें प्रथम चरण खराब (एक्यूआई 201-300), द्वितीय चरण बहुत खराब (एक्यूआई 301-400), तृतीय चरण- गंभीर (एक्यूआई 401-450) और चतुर्थ चरण- अति गंभीर (एक्यूआई 450 से अधिक) शामिल हैं।

राजधानी में कड़ाके की ठंड के बीच सैर-सपाटे के लिए इंडिया गेट पहुंचे सैलानी

नई दिल्ली। नए साल 2024 के स्वागत का उत्साहक जोरों पर है। दिल्ली पूरी तरह जश्न में डूबी हुई है। इस साल के अंतिम शनिवार को राजधानी और दूसरे राज्यों से पहुंचे सैलानी प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर पर जमकर मस्ती करते दिखे। कड़ाके की ठंड के बीच मौसम का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण गंभीर श्रेणी में होने के बावजूद हर कोई नए साल के स्वागत के जश्न में डूबा दिख रहा है। स्कूली बच्चे भी इंडिया गेट पर स्कूल की तरफ से पिकनिक मनाने के लिए पहुंचे। जम्मू से दिल्ली के इंडिया गेट घूमने आए सागर सिंह ने बताया कि दिल्ली की ठंडा में घूमने का अलग ही आनंद है। वे सर्दी को इंजोय करने के लिए अपने परिवार के साथ यहां छुट्टियां मनाने के लिए यहां पहुंचे हैं। सुबह से लेकर रात तक इंडिया गेट पर लोगों की भीड़, जम्मू के जगबीर सिंह पहली बार इंडिया गेट घूमने के लिए आए हैं। उन्हे लगा यहां ज्यादा ठंड होगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। वे दिल्ली के खूबसूरत नजारों का आनंद लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। कोई दोस्तों के साथ यहां घूम रहा है तो कोई परिवार के साथ सेल्फी ले रहा है, वहीं असम के गुवाहाटी से दिल्ली घूमने आए अमित ने बताया कि वह पहले उत्तराखंड घूमने के लिए गए थे। वहां ठंड ज्यादा थी लेकिन यहां का मौसम भी अच्छा है और इंडिया गेट घूमने के बाद काफी आनंद आया अपनी फैमिली के साथ वह इंडिया गेट घूमने के लिए आए हुए और अभी दिल्ली के अन्य जगहों पर घूमने के लिए जाएंगे।

पंजाब से 10 दिवसीय विपश्यना सत्र के बाद केजरीवाल दिल्ली लौटे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वह पंजाब के होशियारपुर जिले से अपना दस दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र पूरा करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आए हैं और फिर से लोगों की सेवा करना शुरू करेंगे। केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में तीन जनवरी को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश होना है। दिल्ली के मुख्यमंत्री 20 दिसंबर को होशियारपुर से करीब 11 किलोमीटर दूर आनंदगढ़ स्थित धम्म धज विपश्यना केंद्र (डीडीवीसी) पहुंचे थे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दस दिनों की विपश्यना साधना के बाद आज वापस लौटा। इस साधना से असीम शांति मिलती है। नई ऊर्जा के साथ आज से फिर जनता की सेवा में लगेंगे। सबका मंगल हो। ध्यान केंद्र से प्रस्थान करने से पहले केजरीवाल को डीडीवीसी के न्यासी गौतम लाल ने सम्मानित किया। यह पहली बार था जब केजरीवाल ने पंजाब में विपश्यना का अभ्यास किया। इससे पहले उन्होंने जयपुर, नागपुर, धर्मकोट और बेंगलुरु में यह अभ्यास किया था। विपश्यना आत्म-अवलोकन के माध्यम से आत्म-परिवर्तन के लिए ध्यान की एक प्राचीन भारतीय पद्धति है, जिसमें मन और शरीर के बीच गहन अंतसंबंध पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। ध्यान के दौरान केजरीवाल को केंद्र के नियमों का पालन करना था, जिसमें मोबाइल फोन, इंटरनेट, टेलीविजन और समाचार पत्रों के उपयोग से परहेज करना शामिल था। डीडीवीसी के प्रवक्ता ने कहा कि उनकी दिनचर्या सुबह चार बजे शुरू होती थी और रात साढ़े नौ बजे समाप्त होती थी। इस दौरान वह साधारण भोजन करते थे और उन्हें दोपहर के बाद भोजन की अनुमति नहीं थी।

राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से 31 दिसंबर को रात नौ बजे के बाद यात्रियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं

- दयाल ने कहा कि यात्रियों से अनुरोध है कि वे इसी के अनुसार अपनी यात्रा योजना बनाएं
- 31 दिसंबर को स्टेशन से अंतिम ट्रेन रवाना होने तक यात्रियों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने शनिवार को कहा कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर अत्यधिक भीड़भाड़ से बचने के लिए रात नौ बजे के बाद यात्रियों को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हालांकि यात्रियों को स्टेशन पर प्रवेश की अनुमति होगी। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने एक बयान में कहा कि पुलिस अधिकारियों से मिले परामर्श के आधार पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर अत्यधिक भीड़ से बचने के लिए रात नौ बजे के बाद राजीव चौक स्टेशन से निकास की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर को स्टेशन से अंतिम ट्रेन रवाना होने तक यात्रियों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। दयाल ने कहा कि यात्रियों से अनुरोध है कि वे इसी के अनुसार अपनी यात्रा योजना बनाएं। दयाल ने कहा, बाकी मेट्रो स्टेशनों पर सेवाएं नियमित समय सारिणी के अनुसार उपलब्ध रहेंगी। दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि रविवार रात 8 बजे के बाद कनॉट प्लेस की ओर जाने वाले यातायात को नियंत्रित किया जाएगा। पुलिस ने कहा था कि वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए लगभग 2,500 यातायात पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे और नशे में गाड़ी चलाने पर रोक लगाने के लिए 250 टीम तैनात की जाएंगी।

कोहरे का कहर जारी, आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेशल 28 घंटे की देरी से होगी रवाना

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

कोहरे के कारण रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। कई ट्रेनें एक दिन बाद गंतव्य पर पहुंच रही है। शुक्रवार सुबह आठ बजे चलने वाली आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट विशेष 28.30 घंटे की देरी से शनिवार दोपहर 12.30 बजे रवाना होगी। वहीं, शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे चलने वाली आनंद विहार-आरा त्योहार विशेष 19.30 घंटे की देरी से शनिवार पांच बजे प्रस्थान की। दिल्ली आने वाली 125 से ज्यादा ट्रेनें विलंब से चल रही हैं।

देरी से रवाना होने वाली ट्रेनें

हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस-18.50 घंटे

नई दिल्ली हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस-साढ़े छह घंटे

नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर क्लोन एक्सप्रेस-12.45 घंटे

नई दिल्ली-गया महाबोधि एक्सप्रेस-साढ़े तीन घंटे

हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर-4.07 घंटे

हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस-3.40 घंटे

हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस-1.20 घंटे

जम्मूतवी-अजमेर एक्सप्रेस-साढ़े नौ घंटे

कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस-पौने आठ घंटे

छह घंटे से ज्यादा विलंब से दिल्ली पहुंचने वाली मुख्य ट्रेनें

रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस-19.43 घंटे

रानी कमलापति-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस-साढ़े आठ घंटे

पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट विशेष-29 घंटे

खजुराहो-कुरुक्षेत्र गीता जयंती एक्सप्रेस-24 घंटे

कुरुक्षेत्र-खजुराहो गीता जयंती एक्सप्रेस (शुक्रवार को आने वाली)-19.40 घंटे

कुरुक्षेत्र-खजुराहो गीता जयंती एक्सप्रेस (शनिवार को आने वाली)-10 घंटे

दरभंगा-नई दिल्ली हमसफर क्लोन एक्सप्रेस-12 घंटे

नांदेड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस-12 घंटे

मुंबई सेंट्रल- फिरोजपुर पंजाब मेल-11.30 घंटे

अमृतसर-नई दिल्ली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस-11 घंटे

गया-नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस-साढ़े छह घंटे

पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस-साढ़े सात घंटे

विशाखापट्टनम-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस-सवा आठ घंटे

भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस-आठ घंटे

रक्सौल-आनंद विहार सद्भावना एक्सप्रेस-साढ़े आठ घंटे

पुरी-योगनगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस- 20 घंटे

योगनगरी ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस- 12 घंटे

मदुरै-चंडीगढ़ एक्सप्रेस-13 घंटे

हरिद्वार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई एक्सप्रेस-13 घंटे

मानिकपुर-हजरत निजामुद्दीन यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस-पौने आठ घंटे

अमृतसर-बिलासपुर छतीसगढ़ एक्सप्रेस-साढ़े नौ घंटे

जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस-साढ़े नौ घंटे

रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस-12 घंटे

दिल्ली में कड़ाके की ठंड में नहीं हिला जवानों का हौंसला, कोहरे में भी की परेड की रिहर्सल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली में गिरते तापमान के बीच ही गणतंत्र दिवस की परेड की तैयारियां शुरू हो गई है। लगातार गिरते तापमान के बीच गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियां भी की जा रही है। दिल्ली में इन दिनों सुबह के समय जबरदस्त कोहरा देखने को मिल रहा है। दिल्ली का तापमान भी लगातार कम होता जा रहा है। कड़ाके की ठंड और कोहरे की बीच कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस परेड के लिए ड्रेस रिहर्सल करते हुए सैनिक दिखाई दिए।

देश की सेना के सैनिक कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल करते दिख रहे है। जवानों की रिहर्सल के साथ ही परेड की तैयारियों की शुरूआत हो गई है। इसी बीच दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर सेना के ढोल की ताल पर मार्च करते हुए सैनिकों ने ड्रेस रिहर्सल की। लगातार तेज बहती हवा के बाद भी सैनिकों ने अनुशासन और समझौते के साथ कदम ताल मिलाया और मार्च किया। घने कोहरे की चादर को चीरते हुए सैनिक मार्च करते रहे। गणतंत्र दिवस के लिए देश की अलग अलग सेनाओं के जवानों ने फुल ड्रेस रिहर्सल की है। जवानों ने जिस समय रिहर्सल की है, उस दौरान दिल्ली के कर्तव्यपथ पर दृश्यता मात्र 20 मीटर की रही थी। मगर इतनी कम दृश्यता होने के बाद भी सेना के जवानों की टुकड़ियों की तैयारी में कोई कमी देखने में नहीं मिली है। लगातार कम होते तापमान के बीच जवानों के जोश में बढ़ोतरी होती जा रही है।

गौरतलब है कि इस वर्ष भारत अपना 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड को देखने का उत्साह सिर्फ दिल्ली ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों की जनता को भी होता है। बता दें कि 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल माइक्रो मुख्य अतिथि हैं। हर वर्ष किसी विदेश के नेता को गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया जाता है। मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने की परंपरा वर्षों से रही है।

संक्षिप्त खबरें

स्मार्ट डिवाइस का प्रयोग कर कार चोरी करने वाला गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। स्मार्ट डिवाइस का प्रयोग कर कार चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को कल पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।दूरभाष के माध्यम से सदर थानाध्यक्ष को खबड़ा के डॉ निर्भय कुमार की स्विफ्ट डिजायर कार अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा चुराने की सूचना प्राप्त हुई थी।इसके बाद थानाध्यक्ष, सदर द्वारा अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए कार चुराकर भाग रहे अभियुक्त को ग्रामीणों के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। भागने के क्रम में जख्मी अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उचित उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त का नाम निखिल कुमार मिश्रा बताया गया है।वह हाजीपुर सदर थानान्तर्गत पहेतिया गांव का निवासी बताया गया है।उसके पास से पुलिस ने एक कार ,एक मोटरसाइकिल,. ओबीडी स्टार की प्रोग्रामिंग टूल ,काले रंग का ओबीडी टूल ,. टपारिया 8 एम. एम. कोका 2, मास्टर चाभी 2 , पेचकश,फोरव्हीलर का चाभी 3, यू0एस0बी0 ड्राइव 1 एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है।पुलिस अभियुक्त का आपराधिक इतिहास पता कर रही है।

शराब बेचते और पीते दो आरोपी गिरफ्तार

बोचहा।बोचहा गरहां और बोचहा थाने की पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है । दोनो थाने की पुलिस ने छापामारी कर देसी सहित विदेशी शराब बरामद किया है, साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बोचहा पुलिस ने बाजितपुर मझौली से 2 लीटर विदेशी शराब के साथ ललन सहनी को पकड़ा है। वही गरहां थाने की पुलिस ने मिल्की चौक स्थित दीपक कुमार के अस्बेस्टेस नुमा घर से 200 एम एल का 3 पीस देसी चुलाई शराब साथ एक मोटरसाइकिल से 2 लीटर देसी शराब बरामद किया है साथ ही एक बाइक भी जप्त किया गया है। वही देसी शराब का धंधा कर रहे दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया है।, बोचहा थाना अध्यक्ष अनिल राम और गरहां थाना अध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि शराब की अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

जाम से मुक्ति दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान को मिल रहा समर्थन भ्रम फैलाने वालों को है जवाब : किशोर कुमार

- शिलान्यास और व्यापारियों को बदनामी करने की राजनीति नहीं चलेगी : विजय पंजियार
- आरओबी निर्माण की मांग को मिल रहा अभूतपूर्व समर्थन, नवें दिन 5463 लोगों ने किया हस्ताक्षर

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। 30 दिसंबर 2023 : सहरसा नगर का अभिशाप बन चुकी जाम की समस्या से निपटने के लिए बंगाली बाजार ओवर ब्रिज के निर्माण की मांग को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। नव निर्माण मंच द्वारा इस मांग को लेकर चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के नवें दिन आज शंकर चौक सहरसा, कॉलेज गेट, मत्स्यगंधा, नया बाजार बाईपास बजरंगबली चौक, बेगहा, बरियाही, कोरलाही, धमसैनी आदि जगहों पर सघन हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें कड़ाके की ठंड के बावजूद भी लोगों की स्वतः स्फूर्त भागीदारी देखने को मिली। मौके पर आम लोगों ने हस्ताक्षर कर संकल्प लिया कि सरकार को किसी भी सूरत में ओवरब्रिज बनाना ही पड़ेगा। सहरसा के लोगों का अब बर्दाश्त के सभी सीमा को पार कर गया है। सिर्फ शिलान्यास पर शिलान्यास तथा व्यापारी को बदनाम करने की साजिश नहीं चलेगी।व्यापारियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और कहा की आरओबी का निर्माण शीघ्र हो। शंकर चौक पर हस्ताक्षर अभियान के अध्यक्ष विवाह भवन के सचिव विजय पंजियार में कहा कि व्यापारी को कुछ राजनेता समाज में विलेन बनाना चाहते हैं क्योंकि ऐसा उनके प्रभाव से प्रचारित किया जा रहा है कि व्यापारी ओवरब्रिज के विरोधी है। उन्होंने कहा कि नव निर्माण मंच के संस्थापक सह पूर्व विधायक किशोर कुमार को शुरू से ही ओवरब्रिज की मांग करते रहे हैं और उनका यह भी कहाना है कि व्यापारी को कम से कम नुकसान हो। कुछ लोग व्यापारी समाज और पूर्व विधायक बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं।कहते है कि व्यापारी पूर्व विधायक को मोटा रकम दिया है तो उन्हें बताना चाहिए कितना और कहाँ दिया,वैसे प्रतिनिधि झूठे मक्कार है। सहरसा का हक है ओवरब्रिज हर हाल में बनाना पड़ेगा। कोरलाही में निगम पार्षद प्रतिनिधि अमरजीत शर्मा, वार्ड 10 बैंगहा के निगम पार्षद प्रतिनिधि कामेश्वर साह ने कहा कि सहरसा की जनता पहली बार लंबी लड़ाई के लिए एकजुट हो रहा है नेता जितना भी तिकरम करले सरकार को ओवरब्रिज बनाना पड़ेगा, सह ने की भी सीमा होती है। बरियाही बाजार में संतोष गुप्ता संजय गुप्ता के नेतृत्व में चले हस्ताक्षर अभियान लोगों ने इस लड़ाई में साथ देने का वचन दिया। सहरसा कॉलेज गेट पर चल रहे हस्ताक्षर अभियान को प्रशांत सिंह,सुनील झा,ब्लू झा, विकास जायसवाल,पिंकू सिंह,राजदेव भगत चला रहे थे।नायबाजार में दिलीप कुमार सिंह काउंटर लगा कर हस्ताक्षर करवा रहे थे।बैंगहा में विजय गुप्ता के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चला।पटुआहा के पूर्व सरपंच हरेराम शर्मा ,स्कूल ऐसोसियेसन के अध्यक्ष रामसुंदर साहा ने कहा कि पूर्व के लोगों का पश्चिम जाना तथा पश्चिम के लोगों का पूरब आना बड़ी समस्या है। इस शहर को राजनेता ने दो भागों में बांट दिया है। वहीं बटराहा निवासी छात्र अभिषेक आनंद ने कहा कि जाम के वजह से पिछले बोर्ड की परीक्षा में बायोलॉजी की परीक्षा छूट गया। यहां का विकास देखना हो तो जाम देखिए हमेशा ढाला बंद ही मिलेगा। वार्ड 32 कुमर टोला की छात्रा माही आर्या में कहा कि जाम के कारण कॉलेज जाने में दिक्कत होती है और इसी जाम ने हमारे मुहल्ले के रमेश सिंह की जान लेली।सपहा के अंशु कुमारी,संतनगर के बेबी कुमारी ने कहा जल्द से जल्द आरओबी बने।राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद विक्रमादित्य खा ने कहा कि मैं किशोर कुमार जी को धन्यवाद देता हूँ की ज्वलंत जाम कि समस्या के लिये संघर्ष कर रहे है।कड़ाके ठंड के बावजूद नव निर्माण मंच के कार्यकर्ता लगातार लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है तो सहरसा का हर पीड़ित किशोर जी के साथ है। मंच के उपस्थित साथी- नरेश जायसवाल, डॉ सुरेंद्र झा, त्रिभुन प्रसाद सिंह, पत्रकार रत्ना मिश्रा,शक्ति गुप्ता, आशु शंघई, प्रभु पंजियार,विनय गुप्ता,अमरेन्द्र तिवारी,मनोज यादव,सुधा इलेक्ट्रॉनिक के गुड्डु गुप्ता,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, संजीव कु० गुड्डू, विनोद गुप्ता, आसिफ आलम, अमित सिंह, रमण जी, युवा नेता रोहित आनंद, संजीव सिंह,उमेश साह, डॉ नवनीत सिंह, अमित सिंह, अभिजीत आनंद, निखिल सिंह, राकेश यादव, रौनक सिंह।

गम्हरिया में मालगाड़ी से कटकर एक महिला और दो बच्चे की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार / सहरसा - बीते गुरुवार को बैजनाथपुर पुलिस शिविर क्षेत्र के गम्हरिया उत्तरवारी टोला वार्ड नंबर 10 निवासी प्रेम सादा के धर्म पत्नी गीता देवी अपने बच्चों के साथ रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ी से कटकर जान गवां बैठी। स्वजनों ने आनन फानन में शव को कब्जे में लेकर अंतिम दाह संस्कार कर दिया। हालांकि लोगों के बीच तरह तरह की चर्चा हो रही हैं। मृतक महिला के सासु माँ सुबधी देवी ने बताया कि हमारी पुत्र बधू कान से बहरा होने के कारण तीन बच्चों के साथ मालगाड़ी से टकरा गई और साथ में बड़ी पुत्री करीब 5 वर्षीय कुसुम कुमारी व 3 वर्षीय पुत्र जिगर कुमार भी कटकर जान गवां बैठा और सबसे छोटा पुत्र प्रदीप कुमार की जान बाल-बाल बच गए। जबकि उन्होंने कहा कि हमारी पुत्र बधू मृतक गीता देवी गुरुवार की सुबह को तीरी गांव के पास टुनटुन भगत के ईट भट्टा पर हमारे पति दिनेश सादा व पुत्र प्रेम सादा को खाना पहुंचा कर घर आई और तीनों बच्चों को शौच कराने रेलवे ट्रैक से नीचे गई थी। लेकिन जैसे ही रेलवे ट्रैक पार कर रही थी कि अचानक मालगाड़ी ने अपने चपेट में ले लिया जिससे दो बच्चों समेत उनकी मौत हो गई। वो मृतक महिला कान से बहरा थी। घटना की सूचना पर बैजनाथपुर पुलिस सदर बल के साथ मृतक महिला के घर पहुंच कर उनके परिवार के लोगों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली। अभी तक घटना को लेकर बैजनाथपुर पुलिस शिविर में आवेदन नहीं दिया गया है।

सहरसा एसपी प्रेस वार्ता के दौरान 30 लोगों को ऑपरेशन मुश्कान के तहत दिया मोबाइल

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। खबर बिहार के सहरसा जिले से आ रही है जहां चोरी की गई मोबाइल बरामद मामले को लेकर एसपी उपेन्द्र नाथ वर्मा ने आज शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता किया।प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कुल 30 लोगों को ऑपरेशन मुश्कान के तहत मोबाइल दिया।मोबाइल मिलने से लोगों में काफी खुशी झलक रही थी।इससे पहले भी सहरसा पुलिस के द्वारा चोरी हुई मोबाइल बरामद कर ऑपरेशन मुश्कान के तहत लोगों के बीच बांटा गया था। एसपी उपेन्द्र नाथ वर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बिहार पुलिस के द्वारा ऑपरेशन मुश्कान चलाया गया था।उसी के अंतर्गत सहरसा पुलिस के द्वारा चोरी की गई मोबाइल,या छिनतई की गई मोबाइल का लगातार ट्रेकिंग किया जा रहा था।और पुलिस के द्वारा रिकवर भी कर लिया गया।इससे पूर्व भी मोबाइल रिकवर हुआ था जो वास्तविक स्वामी को दे दिया गया था।और इसी कड़ी में आज भी कुल 30 मोबाइल वास्तविक स्वामी को दिया गया।वो भी उसी को दिया गया है जो सनहा दर्ज करवाया चोरी का या गुम होने का उसी को मोबाइल सुपुर्द किया जा रहा है।उन्होंने ये भी बताया कि कुछ कुछ ऐसे भी मामले हैं मोबाइल का जो चोरी हुई है या स्नेचिंग हुआ है तो उसका केस दर्ज हुआ है तो वो माननीय न्यायालय के द्वारा ही मुक्त होने पर दिया जाएगा।

बाढ़ राहत वितरण में फजीर्वाड़ा नहीं संगठित लूट व घोटाला हुआ

छूटे हुए राशन कार्डधारी बाढ़ पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मिले सहायता राशि:-कुंदन

- बाढ़ राहत फजीर्वाड़ा में दोषी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी तो मामला विधानसभा में उठाया जाएगा : माले

प्रात : किरण, संवाददाता

नवहट्टा/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के सात पंचायतों में बाढ़ राहत वितरण में अंचल कार्यालय के कर्मियों के द्वारा किये फजीर्वाड़ा एवं फजीर्वाड़ा के जाँच में चल रही धांधली के खिलाफ अंचलाधिकारी सहित संलिप्त अन्य अंचल कर्मियों पर कारवाई करने एवं छूटे हुए राशन कार्डधारी बाढ़ पीड़ित परिवारों को बाढ़ राहत सहायता राशि देने की मांग को लेकर शनिवार को भाकपा माले कार्यकत्ताओं और राशि से वंचित बाढ़ पीड़ित परिवारों ने प्रखंड कार्यालय पर धरना- प्रदर्शन कर जिला पदाधिकारी के नाम मांगों का ज्ञापन बीडीओ को सौपा और जल्द से जल्द कारवाई की मांग की। माले युवा नेता सह जिला 20सूत्री सदस्य कुंदन यादव के नेतृत्व में धरना- प्रदर्शन किया। मौके पर धरना-प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए कुंदन ने कहा कि अंचल में भ्रष्टाचार चरम पर है जिसका जीता जागता उदाहरण है बाढ़ सहायता राशि वितरण में जमकर धांधली हुई है। अंचलाधिकारी सहित अन्य संलिप्त अंचल कर्मियों के मिलीभगत से बाढ़ सहायता राशि वितरण में पड़े पैमाने पर अनियमितता कर करोड़ो रुपयों की राशि का गबन किया गया है जो एक संगठित लूट व घोटाला है हजारों ऐसे छूटे राशन कार्डधारी बाढ़ पीड़ित परिवारों को सहायता नहीं मिल पाया है उन्हें तत्काल सहायता राशि मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत फजीर्वाड़ा का हो रहे जाँच में भी व्यापक धांधली हो रही है जिला प्रशासन अगर इसका निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जाँच कर दोषी अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कारवाई नहीं करेगी तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा और आगामी विधानसभा सत्र में भाकपा माले इस मुद्दा को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएगी। मौके पर माले नेता कृष्ण कुमार, समाजसेवी सकलदेव यादव, मनोज यादव, छोटेलाल पासवान, विलक्षण शर्मा, अजित राज, राजेंद्र यादव, सागर कुमार, मुकेश सादा, उमेश चौपाल, ललित यादव, बिपेंद्र यादव, लालमोहर यादव, मनोज यादव, शुभंकर यादव, बेचनी देवी, मीरा देवी, अफसाना प्रवीण, गुलसन खातून, संजय यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बने राजनंदन यादव

प्रात : किरण, संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) । युवा राजद के जिलाध्यक्ष अनिता कुमारी के अध्यक्षता में सर्किट हाउस मे कमेटी विस्तार हेतू बैठक आयोजित किया गया। जहां घैलाढ प्रखंड क्षेत्र में लगातार कई वर्षों से समर्पण भाव से काम करने वाले राजद के सक्रिय कार्यकर्ता सह समाजसेवी राजनंदन कुमार को घैलाढ प्रखंड युवा राजद अध्यक्ष पद पर मनोनीत कर मनोनयन पत्र दिया।नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष राजनंदन कुमार ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिक्षा मंत्री प्रो चन्द्रशेखर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी युवा साथी को मजबूती से काम करना होगा ताकि लालू प्रसाद , तेजस्वी यादव का हाथ मजबूत हो सके। इस अवसर पर राजद नेता सह पैक्स अध्यक्ष दीपनारायण कामत, धर्मदेव यादव, राजद अध्यक्ष विकास मंडल, मनोहर यादव, प्रमोद प्रभाकर, कैलाश मेहता, भरत चौधरी, मिथिलेश यादव, प्रो. शिवनारायण मंडल, मो. इम्तियाज आलम, जनार्दन यादव, गोशाय मंडल, हरिनंदन यादव, राजू मंडल, मनोहर ठाकुर, सुशील यादव, संजय सादा आदि खुशी प्रकट करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व मे राजद और भी मजबूत होगा।

जाप पार्टी में जिला पार्षद प्रतिनिधि सौरबाजार संतोष मेहता बनाए गए जिला उपाध्यक्ष

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। आज जन अधिकार पार्टी(लो) के जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष रंजन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए रंजन यादव ने कहा कि पार्टी के सभी विंग के जिला अध्यक्ष व मैन विंग के प्रखंड अध्यक्ष की बैठक बुलाई गई।जिसमें सभी कार्यकताओं को पार्टी के बूथ स्तर पर कमिटी तैयार करने की बात कही गई। इस दौरान पार्टी के सक्रिय कार्यकताओं को विभिन्न पदों पर मनोनित किया गया। सिमरीबख्तियारपुर से कई लोगो ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस बीच जिला पार्षद प्रतिनिधि सौरबाजार संतोष मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकताओं के लिए माँ समान होती हैं। हम सौरबाजार में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद पप्पू यादव जी के विचारधारा को जन जन तक पहुचाने का कार्य कर रहे हैं। इस बैठक में शामिल छात्र जिला अध्यक्ष शंकर कुमार ने छात्र परिषद के पूरी कमिटी का लिस्ट सौपते हुए कहा कि जन अधिकार छात्र परिषद हर परिस्थितियों में पार्टी के साथ कार्य करने के लिए तैयार है।छात्र को जिले के किसी भी गांव या कॉलेज में दिक्कतें हो तो हमारी टीम मदद करती हैं । इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश्वरी यादव,उमेश यादव,किसान प्रोकोष्ठ जिला अध्यक्ष अरबिंद यादव,युवा जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा,युवा शक्ति जिला अध्यक्ष कपिलदेव यादव,राहुल भगत,पप्पू कुमार,अशोक यादव,मिथलेश यादव,कुमोद कुमार यादव,नाथो यादव,नीतीश कुमार, राजीव, अजित, आरजू, रम्पी रंगीला, धीरज रमन, सुभाष साह, बिंदेश्वरी साह, मुन्ना कुमार, नरेश एंजेल, प्रमोद साह आदि लोग शामिल हुए।

ओपेन क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। 150वां जिला स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज स्थानीय नगर भवन में जिला स्तरीय ओपन क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कुल 98 टीम ने इसमें हिस्सा लिया। प्रारंभिक परीक्षा जो बहुविक्लपीय था, के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 टीम का चयन किया गया, जो सेमिफाईनल राउन्ड में खेलें, उसमें से 06 टीम का फाईनल राउन्ड के लिए चयन किया गया। केसरिया प्रायोजित जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस क्विज में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आनेवाले टीम को क्रमशः 11000, 7500 एवं 5100 की नगद पुरस्कार राशि दी जाएगी। साथ ही चैथें से छठे स्थान पर आनेवाले टीम को भी आकर्षक इनाम दी जाएगी। दिनांक 01.01.2024 को जिला स्थापना दिवस कार्यक्रम समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम स्थान पर अधृत श्रीवास्तव एवं आरव श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान पर विशाल राज एवं आरोह राज, एवं तृतीय स्थान पर हनि कुमार एवं कविता देवी रहें। चैथे स्थान पर अभ्युदय शरण और अभिषेक भट्टाचार्य, पाँचवे स्थान पर काजल कुमारी एवं रितु कुमारी एवं छठे स्थान पर अनु कुमारी एवं आयुष राज रहें। क्विज मास्टर के रूप में जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दिनेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार , जिला अवर निबंधक पदाधिकारी मनीष कुमार प्रमुख रूप से रहे। सभी विषयों से समेकित रूप से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया। सभी उपस्थित टीमों ने खूब आनंद उठाते हुए अपना ज्ञानवर्द्धन किया। सफलता पूर्वक ऐंकरिंग आकांक्षा, अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी प्रणव कुमार, डी.डी.सी. आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त नवीन कुमार, अपर समाहर्त्ता आपदा, डॉ. अजय कुमार, विकास प्रभारी -सह- नगर प्रबंधक रविशंकर, डी.पी.एम. जीविका अनिशा गांगूली, डी.पी.ओ. शिक्षा, इन्द्र कुमार कर्ण, नवीन, विकास, पुष्पांजली, समरेन्द्र, लक्ष्मी, पवन आदि उपस्थित थें।

भाजपा युवा मोर्चा, विकसित भारत संकल्प यात्रा हुआ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से मंडल अध्यक्ष कुमार गौरव के मधु निवास भतखोरा पंचायत के वार्ड 5 पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री स्वदेश कुमार, मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दीपक कुमार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक सह मंडल प्रभारी मुकेश कुमार सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि स्वदेश कुमार ने बताया कि मोदी जी को जो भी व्यक्ति यह कहते हैं की वह विकास पुरुष नहीं है तो मैं उनसे सवाल पूछना चाहता हूं क्या कभी कोई भी सरकार किसी भी प्रकार का लाभ गरीब को डायरेक्ट पहुंचा है? उज्ज्वला योजना हो, गरीबों का खाता खोलना हो, किसानों के खाते में 2 हजार की रकम पहुंचना हो, वृद्ध व्यक्ति को पेंशन देना और जो भी व्यक्ति बेरोजगार हैं उनके लिए विश्वकर्मा योजना लाना हो यह तमाम योजना कोई भी सरकार आज तक लाई है क्या? अब गरीबों तक जो लाभ पहुंच रहा है तो विपक्षी को पेट में दर्द हो रहा है कि वह गरीब खुश है तो क्यों है? भाजपा नेता स्वदेश कुमार ने बेरोजगार व्यक्तियों के लिए विश्वकर्मा योजना की पर चर्चा करते हुए कहा कि तमाम योजना केंद्र सरकार द्वारा लाई गई और इसका लाभ गरीबों को पहुंच रहा है। जिससे गरीबों में खुशहाली है। मौके पर पंसस मनोज सिंह, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ रॉकी प्रिंस, अमरजीत, अमन, इंद्र भूषण सिंह , मो. रहमान, मुन्ना सिंह सेंगर, सुधीर सिंह समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

अपने क्षेत्र भ्रमण में आंगनवाड़ी केंद्रों का भी करेगे निरीक्षण, गड़बड़ी पाए जाने पर होगी कर्रवाई : जिलाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिले में बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई।समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के चयन में ग्राम सभा स्तर पर लंबित सभी चयन प्रक्रियाओं को एक माह के अंतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया कि जिला अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केदो पर जहां भी शौचालय एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है उनके लिए जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए सभी केंद्रों पर नल जल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित की जाए। सभी महिला पर्यवेक्षिका एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को इसका नियमित अनुसरण करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण हेतु जिन केदो के स्थल का एनओसी प्राप्त है उनके लिए अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। ढटटश एवं टडव योजनाओं में अगले एक माह में जिले की उपलब्धि को राज्य स्तर के औसत के ऊपर लाने का सख्त निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वयं अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और लापरवाही करने वाले पर कार्रवाई होगी। ऐसे में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का समय से खुलना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर टैग किए गए बच्चों का प्रत्येक माह ऊंचाई और वजन लेकर पंजी में संधारित किया जाए। इसके लिए संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अपने अधीनस्थ आंगनवाड़ी कार्यकताओं से इसका अनुपालन सुनिश्चित करवाएं।जिलाधिकारी ने पोषण ट्रेकर पर सभी संबंधित आंकड़ों को समय से अपलोड करने पर बल देते हुए कहा कि सभी महिला पर्यवेक्षक भ्रमणशील रह कर आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए रखें। उन्होंने लापरवाही बरतने पर महिला पर्यवेक्षकों पर जबाबदेही तय कर करवाई की बात भी कही। उक्त बैठक में डीपीओ आईसीडीएस कविता कुमारी सहित जिले के सभी प्रखंडों की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मौजूद थी।

पीसीसी सड़क का शिलापट्ट से पर्दा खिंचकर किया गया उद्घाटन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के चतरा गोबरौरा उत्तरी पंचायत के पश्चिम नीलामी गाछी के पास शनिवार को बिहार विधान पार्षद के ऐच्छिक कोष से 507 फीट लंम्बाई जिसका लागत राशि 9 लाख 99 हजार 600 रुपये से नव निर्मित पीसीसी दलाई सड़क का उद्घाटन बिहार विधान परिषद सदस्य श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव,प्रमुख कुमारी उषा, जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह, मुखिया सोनी देवी, पंसस मनोज झा द्वारा शिलापट्ट की पर्दा खिंचकर संयुक्त रूप से किया गया. वही पीसीसी सड़क उद्घाटन के बाद सभी मुख्य अतिथियों को पाग,दोपता एव पुष्पमाला से सम्मानित किया गया. इस दौरान बिहार विधान परिषद सदस्य श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से एमएलसी बनने का बाद लगातार जिला के 21 प्रखंडों में घूमकर क्षेत्र में आम जनता की समस्या को देखते हुए सड़क,तालाब की घाट निर्माण सहित अन्य कार्यो को पूरा किया है.उन्होंने कहा चतरा गोबरौरा उत्तरी पंचायत के मरुकिया गांव के वार्ड -6 के दर्जनों ग्रामीणों की मांग पर डीहवार स्थान के पास तालाब में घाट निर्माण करने का आम जनता के बीच अपील की है. विधान परिषद सदस्य अम्बिका गुलाब यादव ने मरु किया ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वर्ष 2024 में मेरे द्वारा अपील की गयी तालाब पर घाट निर्माण पर ही सभी ग्रामीण छठ पूजा मनाएंगे. वही प्रखंड प्रमुख कुमारी ने कहा कि बिहार विधान परिषद सदस्य द्वारा खजौली प्रखंड के सुदूर देहात में मरुकिया गांव में अपने ऐच्छिक कोष से योजना देकर एक कृतिमान स्थापित किया है.उन्होंने कहा कि मैं प्रमुख पद पर लगातार साढ़े सात साल पूरा करने पर प्रखंड़ के 14 पंचायत में अपने पंचायत समितियों के माध्यम से क्षेत्र में विकास कार्य किया है. वही जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह ने कहा कि मैं जिला परिषद सदस्य बनने के बाद चतरा गोबरौरा उत्तरीभकुआ चंद्रडीह, इनरवा सहित अन्य पंचायतों में यात्री सेड,पीसीसी सड़क निर्माण तालाब की घाट निर्माण एव शवदाह गृह निर्माण कर क्षेत्र में विकास कार्य किया है. उन्होंने कहा कि शेष पंचायत में जो भी कार्य बचे है उस पंचायत में वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा.इस उद्घाटन के मौके पर मुखिया सोनी देवी,पंसस मनोज झा,समाजसेवी नरेश यादव, शंकर महतो,बिजली कांत झा.राम विनय यादव,मुरलीधर झा,बिनु भ्रद्र झा, श्याम भ्रद्र झा,शुभक लाल मंडल,राम उदगार मंडल,विकास कुमार ,सुरेंद्र झा, परमेश्वर मंडल,महेंद्र दास, रेखा देवी,विपिन कुमार यादव, कमलदेव झा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

आम के बगीचा से देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी खजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थानाक्षेत्र के महुआ एकडारा गांव स्थित आम के बगीचा से नेपाली देशी शराब की 216 बोतलें सहित कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार शराब कारोबारी को शुक्रवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया. गिरफ्तार कारोबारी में महुआ एकडारा गांव निवासी संतोष कुमार राय है. एसआई मदन उराव के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में एफआईआर दर्ज हुआ है. इसके अनुसार पुलिस को महुआ एकडारा में शराब बेचने का गुप्त सूचना मिली. पुलिस सूचना पुष्टि को वहां पहुंचा तो पुलिस को देखते हुए कारोबारी संतोष कुमार राय भागने लगा. पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया. आम के बगीचे की तलाशी ली। एक पुआल की ढेर से तीन बोरी मिला . बोरी की तलाशी लेने पर एक बोरी से 36 बोतल तथा दूसरी एवं तीसरी बोरी से 90-90 बोतल यानि 216 बोतल नेपाली देशी शराब बरामद हुआ. गिरफ्तार शराब कारोबारी को जेल भेज दिया गया।

मौत के बजाय कारावास

कतर में भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों की सजा-ए-मौत रद्द कर दी गई है। उन्हें अब कारावास की सजा दी गई है। वह सजा कितने साल की होगी, यह अदालत के विस्तृत फैसले से ही स्पष्ट होगा। यह अदालती फैसला भारत और उसके पूर्व नौसैनिकों के लिए सुखद और राहतपूर्ण है, क्योंकि जासूसी के अपुष्ट आरोपों पर भारतीय विदेशों में जेल की सजाएं झेलते रहे हैं। कतर में मौत की सजा ने भारत को हैरानी के साथ-साथ सदमे में भी डाल दिया था। कतर के सरकारी अफसर अपराध का खुलासा नहीं कर रहे थे और न ही आरोपों को सार्वजनिक कर रहे थे। यह आरोप जरूर सामने आया कि पूर्व नौसैनिकों ने कतर की एक महत्त्वपूर्ण पनडुब्बी परियोजना की संवेदनशील सूचना इजरायल को दी थी। मौजूदा संदर्भों में भारत इजरायल का मित्र-देश है, जबकि कतर हमास के सियासी नेतृत्व की आर्थिक मदद करता रहा है और उन्हें पनाह भी देता रहा है, लेकिन पनडुब्बी वाली सूचना को लेकर कतर के आरोपों का आधार पुख्ता नहीं था और न ही साक्ष्य थे। बहरहाल भारत की कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई रंग लाई और 8 भारतीय मौत की सजा से बच गए। भारत और कतर के दरमियान 2015 का एक समझौता है, जिसके तहत सजायाफ्ता लोगों को उनके गृह देश में ही स्थानांतरित करने का प्रावधान है। वे शेष सजा अपने ही देश में काट सकते हैं। मौजूदा मामले में क्या होता है, उसका खुलासा आने वाले दिनों में ही होगा। गौरतलब यह भी है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की दुबई में मुलाकात पर्यावरण के कॉप-28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। प्रधानमंत्री ने पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी और सजा-ए-मौत का जिक्र किया था अथवा नहीं, सरकार उसे लेकर बिल्कुल खामोश है।

अगस्त, 2022 में भारत के पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें एकांत कारावास में रखा गया था और मामले को पूरी तरह गोपनीय बना दिया गया था। दोनों ही सरकारों ने आरोपों पर सार्वजनिक बातचीत करने में संकोच बरता। हालांकि कतर में भारत के वाणिज्य दूत और कानूनी टीम को पूर्व नौसैनिकों से मिलने की इजाजत दी गई। कतर में 8 लाख से अधिक भारतीय बसे और काम करते हैं। पूरे पश्चिमी एशिया में भारतीयों की कार्यरत आबादी सर्वाधिक है, लिहाजा जासूसी के आरोप सहज और चुनौतीपूर्ण हैं। पूर्व नौसैनिकों में कैप्टन स्तर के अधिकारी भी हैं, जो ओमान की अल दहरा ग्लोबल टेक्नॉलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज कंपनी के लिए काम कर रहे थे। कंपनी कतर की नौसेना को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दे रही थी। हम किसी भी तरह का दावा नहीं कर सकते कि यह रक्षा-कंपनी संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न रही है या उसे काली सूची में डाल देना चाहिए अथवा भारतीय अब भी इस कंपनी में कार्यरत हैं या कंपनी छोड़ चुके हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों में शामिल होने से पहले भारतीयों को विस्तृत जानकारी ले लेनी चाहिए कि उन कंपनियों की पृष्ठभूमि क्या रही है। जिन देशों की न्यायिक व्यवस्था ब्लैक बॉक्स जैसी है, वहां नौकरी नहीं करनी चाहिए। आखिर न्यायिक इंसाफ तो अनिवार्य है। कमोबेश यह मामला भारतीयों को कई बड़े सबक दे सकता है। आज की युवा पीढ़ी वे सबक लेना चाहे अथवा विदेश जाने की अंधी दौड़ में शामिल रहे। फिर भी पश्चिमी एशिया में हमें अपनी सक्रियता और तालमेल, संपर्क को बढ़ाना चाहिए, क्योंकि आज दुनिया ही एक परिवार की तरह है।

कांग्रेस 2004 से आगे नहीं बढ़ रही

अजीत द्विवेदी

विपक्ष की बैठकें हो रही हैं, सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए डेडलाइन तय की जा रही है? चुनाव लडे की रणनीति बन रही है और प्रचार के प्रबंधन पर भी टीमें बन गई हैं, जो थोड़ा बहुत काम कर रही हैं। लेकिन सवाल है कि विपक्ष का आंदोलन कहा है? जमीन पर लडे की तैयारी कहां दिख रही है? क्या बिना जमीनी लड़ाई लड़े विपक्ष अगले लोकसभा चुनावों में भाजपा को हरा देने के सपने देख रहा है? विपक्षी गठबंधन का अघोषित तौर पर नेतृत्व कर रही कांग्रेस के नेता क्यों नहीं 2004 के सिंड्रोम से बाहर निकल रहे हैं? जब भी किसी से पूछा जाता है कि 2024 के चुनाव में भाजपा को कैसे हराएंगे तो वह कहता है कि जैसे 2004 में हरा दिए थे। सोचें, क्या 2004 और 2024 में फर्क नहीं है? क्या अटल बिहारी वाजपेयी-लालकृष्ण आडवाणी वाली भाजपा और नरेंद्र मोदी-अमित शाह की भाजपा में अंतर नहीं है? पिछले 20 साल में गंगा-जमुना में कितना पानी बह गया, लेकिन कांग्रेस के नेता अभी वही अटके हैं।ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को 2004 को याद करके खुशी मिलती है, उम्मीद बंधती है, फीलगुड होता है इसलिए वे उसी सिंड्रोम में अटके हैं। भारत के पिछले 75 साल के इतिहास में वह एकमात्र चुनाव था, जिसमें बिना किसी बड़े आंदोलन या विरोध प्रदर्शन के सत्ता बदल गई थी। न हारने वाले ने सोचा था कि वह हार सकता है और न जीतने वाले को यकीन था कि वह जीत भी सकता है। वाजपेयी सरकार शाइनिंग इंडिया और फीलगुड के नारे पर भाजपा लड़ रही थी और सौ फीसदी जीत के भरोसे में थी। लेकिन समय से पहले चुनाव कराने और एकाध राज्यों में गलत गठजोड़ की वजह से भाजपा हार गए। उसकी सीटें 183 से घट कर 138 रह गईं। वह कांग्रेस से सात सीट पीछे हो गई। कांग्रेस उसी चमत्कार में अटकी है। असल में यह कांग्रेस नेताओं का भाग्यवाद है। वे पिछले 10 साल की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ कोई जन आंदोलन नहीं खड़ा कर पाने की अपनी अक्षमता को 2004 के चमत्कार से ढकना चाहते हैं।कांग्रेस के नेता मानते हैं कि उस समय भी कोई आंदोलन नहीं हुआ था लेकिन तब भी कांग्रेस जीत गई थी। इसलिए अब भी कोई आंदोलन नहीं करेंगे और जीतना होगा तो जीत जाएंगे। कांग्रेस को यह याद रखना चाहिए कि 2004 के अलावा आजाद भारत के इतिहास में कभी सत्ता पलट किसी बड़े आंदोलन के बगैर नहीं हुआ है। 1975 की संपूर्ण क्रांति ने 1977 में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनाई थी। 1987 में बोफोर्स पर हुए आंदोलन ने 1989 में राजीव गांधी की चार सौ से ज्यादा सांसदों वाली सरकार को हराया था, 1996 में भी भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण कांग्रेस की सरकार गई थी और 2011 के इंडिया अगेंस्ट करप्शन के आंदोलन ने 2014 में कांग्रेस की 10 साल की सरकार की विदाई का रास्ता बनाया था। कांग्रेस इन सबको भूल कर 2004 को पकड़े बैठी है, जो एक अपवाद है।यह नियतिवादी सोच कांग्रेस को भारी पडे वाली है। उसे समझना चाहिए कि मौजूदा भाजपा वाजपेयी-आडवाणी वाली भाजपा नहीं है। अब मोदी और शाह की भाजपा जीत के अति आत्मविश्वास में कभी गाफिल नहीं रहती है और न कोई गलत गठजोड़ करती है। कुछ राज्यों में वह जरूर हारी लेकिन वहां भी उसने अपना वोट आधार कायम रखा या उसमें बढ़ोतरी की। यह जानते हुए कि स्थिति कमजोर और चुनाव हार जाएंगे, मोदी और शाह ने कई राज्यों में प्रचार के रिकॉर्ड बनाए। ऐसी मेहनत की, जैसी किसी चुनाव में पहले देखने को नहीं मिली। वे दोनों हर चुनाव ऐसे लड़ते हैं, जैसे आखिरी चुनाव है। इसी तरह वाजपेयी-आडवाणी से उलट मोदी-शाह की भाजपा में गलत फैसलों को सीने से नहीं चिपकाए रखा जाता है। अगर कहीं गलती हो गई तो उसे तुरंत दुरुस्त किया जाता है।मोदी और शाह के पास जो रणनीतिक लचीलापन है वह किसी और नेता में नहीं दिखता है। सरकार में आने के बाद पहले साल से लेकर अभी तक भूमि अधिग्रहण कानून से पीछे हटने से लेकर तीन विवादित कृषि कानूनों तक मोदी और शाह ने यह दिखाया है। राजनीतिक समझौतों में महबूबा मुफ्ती से लेकर नीतीश कुमार, एचडी देवगौड़ा और अजित पवार तक भाजपा ने गजब लचीलापन दिखाया है। इसके लिए उसकी आलोचना भी होती है लेकिन चुनावी जीत के आगे सारी आलोचना दब जाती है। पुरानी और नई भाजपा का फर्क यह भी है कि मोदी-शाह ने लगभग सारे पुराने वादे पूरे कर दिए हैं। अनुच्छेद 370 हटाने से लेकर अयोध्या में राममंदिर के निर्माण का काम पूरा हो गया है। समान नागरिक संहिता आने वाली है और तीन तलाक को अपराध बनाया जा चुका है। अयोध्या के बाद काशी और मथुरा में सर्वे का काम शुरू हो गया है। यह दीर्घकालिक परियोजना है, जिससे शॉर्ट टर्म के ध्रुवीकरण की नहीं, बल्कि हिंदू पुनरुत्थान या पुनर्जागरण का माहौल बना है।भाजपा इतनी बदल गई लेकिन कांग्रेस के नेता अब भी 2004 को सीने से चिपकाए हुए हैं। लगातार हार के बाद भी कांग्रेस के नेता समझ रहे हैं कि उन्हें बैठे बैठे सत्ता मिलेगी। भाजपा और उसकी केंद्र सरकार गलतियां करेंगे और लोग खुद ही उनको हटा कर कांग्रेस को चुन देंगे। ऐसा नहीं होने वाला है। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों को लडे की तैयारी करनी होगी।

संकट में योग के संकल्प

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश मेंआयुष प्रणाली को बढावा देनेकेलएए अथक प्रयास ककयेजा रहेहैं। बता दें कक आयुष प्रणाली मेंआयुवेद, योग, प्राकृततक चिककत्सा, यूनानी, लसद्ध, और होम्योपैथी जैसेकई आयाम हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आयुष केसमस्त पद्धततयों के ज्ञान को संरक्षित और संवचधित करनेके उद्देश्य केसाथ, नवंबर 2014 मेंआयुष मंत्रालय का भी गठन ककया और उनका यह प्रयास अभी तक अपनेलक्ष्यों को इष्टतम रूप सेहालसल करनेमेंअत्यंत सफल रहा है। लेककन, इसेलेकर अब आयुष मंत्रालय के उच्च् अचधकाररयों द्वारा अपनेकाम मेंलापरवाही और पिपातपूणिरवैयेका मामला प्रकाश मेंआया है, जजससेप्रधानमंत्री मोदी केलक्ष्यों और संकल्पों को गहरा आघात पहुँच सकता है। दरअसल, आयुष मंत्रालय केसूत्रों के अनुसार, यह सूनिा हैकक ववभाग केउच्च् अचधकारी पिपात पूणितरीकेसे के वल आयुवेद सेजुडेपहलुओंपर ध्यान कें द्रत कर रहेहैंऔर उनका योग सेजुडेआयामों पर कोई ध्यान नहीं है। उनके इस कायिशैली सेन के वल योग केपेशेवरों मेंकुंठा का भाव जाग्रत हो रहा है, बजल्क इससेपूरेभारत में योग को बढावा देनेकी गतत भी प्रभावत हो रही है। सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय केशीषिअचधकाररयों नेमोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान मेंतनदेशक केपद को भरनेके दौरान बेहद ही अपारदलशिता और पिपातपूणिकायिशैली का पररिय द्रदया है। क्योंकक, इस ररजक्त के ललए बैंलिर ऑफ नुिरोपैथी एंड योचगक साइंसेज वालेउम्मीदवारों को आवेदन की अनुमतत ही नहींदी गई ।जबकक, योग को अंशकाललक ववषय रखनेवालेआयुवेद डडग्री धारकों को इस पद पर आवेदन करनेकी अनुमतत देदी गई।

बता देंकक आयुवेद पीजी पाठ्यक्रम मेंजजस ह्यस्वस्थवत्तृ ह्व ववषय को शालमल ककया गया है, उसमेंके वल योग और प्राकृततक चिककत्सा के वल और के वल ववषय केअंग हैं, नकक कोई स्पेशलाइजेशन। वहीं, बीएनवाईएस केललए तनधारिरत साढेंिर वर्षों के दौरान हर द्रदन सुबह 5.45 बजेसेशाम 7 बजेतक 80% उपजस्थतत केसाथ 1250 घंटे योग थ्योरी और 1200 घंटेप्रैजक्टकल रेतनंग केमुकाबलेउन्द्हें200 घंटेसेभी कम रेतनंग लमलती है। ऐसेमें, अब प्रश्न उठता हैकक जब ररजक्त योग पेशेवरों केललए है, तो वहाँआयुवेद केडडग्री धारक आवेदन कैसे कर सकतेहैं और योग केपेशेवरों को आवेदन क्यों नहींकरनेद्रदया गया?उच्च् अचधकाररयों के इस रवैयेसेस्पष्ट हैकक वेइस ररजक्त केललए ककसी ववशेष व्यजक्त को पदस्थावपत करने का प्रयास कर रहेहैं, जो वास्तव मेंबेहद दु:खद है।इस प्रकार की घटनाओंसेआयुष मंत्रालय जैसेबडे और महत्वपूणिववभाग पर एक गंभीर सवाल खडा होता है। इससेमंत्रालय की कायियोजनाएंबुरी तरह सेप्रभावत होनेकेसाथ ही, देश मेंयोग पेशेवरों और प्रततभाओंमेंभी तनराशा का भाव जागतृ होगा।क्योंकक, योग और आयुवेद को अलग-अलग करकेनहींदेखा जा सकता है। दोनों आपस मेंघतनष्ठता केसाथ जुडेहुए हैं। यद्रद देश मेंआयुष ववतनमाणि उद्योग को बढावा देतेहुए, भारत को वैजश्वक जन-कल्याण का रास्ता तय करना है, तो हमें इसकेललए एक समग्र द्दष्टकोण को अपनाना होगा। बहरहाल, इस रवैयेको देखतेहुए आयुष प्रेमी संगठनो द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र ललखनेकी तैयारी की जा रही है, ताकक मंत्रालय केउच्च् अचधकाररयों की सतत तनगरानी केललए एक समवपित तंत्र स्थावपत ककया जा सके ।

मोदी-शाह की अगुवाई में हिन्दी की नई वैश्विक पहचान

दयानिधि मारन का यह बयान न केवल बेहतर आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार के मेहनतकश श्रमिकों के सम्मान और प्रतिष्ठा पर चोट है, बल्कि इससे सभी भारतीय भाषा प्रेमियों को एक गहरा आघात हुआ है। इस प्रकार की ओछी बयानबाजी के लिए दयानिधि मारन को पूरे देश की जनता से क्षमा माँगनी चाहिए। वैसे तो यह स्वाभाविक है कि दयानिधि मारन का यह बयान पूरी तरह से एक निजी राजनीतिक स्वार्थ को साधन के लिए है, लेकिन इस प्रकार की बयानबाजी से पूरे भारत की एकता और अखंडता को एक बड़ा नुकसान पहुँच सकता है। इतिहास इसका गवाह है। इसके अलावा, यहाँ मैं सांसद में हुए एक घटनाक्रम के बारे में भी विशेष रूप से रेखांकित करना चाहूँगा। दरअसल, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी मामले के मंत्री हरदीप पुरी से किसी सांसद ने हिन्दी में एक सवाल पूछा था। और, हरदीप पुरी उसका उत्तर अंग्रेजी में देना चाह रहे थे। लेकिन, इस विषय में लोक सभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला ने हस्तक्षेप करते हुए, हरदीप पुरी से कहा कि यदि उन्हें हिन्दी में देने में कठिनाई नहीं है, तो उन्हें प्रश्न का उत्तर हिन्दी में ही देना चाहिए। इसके बाद हरदीप पुरी ने अपनी भाव-भंगिमा बदलते हुए, ओम बिड़ला से सभी सांसदों को ऐसा ही निर्देश देने की अपील की और उन्होंने पंजाबी में बोलना शुरू कर दिया।

विवेकानंद शांडिल
स्वतंत्र पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक

हिन्दी भाषा को लेकर देश में इन दिनों हलचल काफी बढ़ी हुई है। इसके कई कारण हैं। जैसे कि कुछ समय पहले द्रमुक नेता दयानिधि मारन ने हिन्दी को लेकर एक बेहद ही आपत्तिजनक बयान देते हुए कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश के हिन्दी भाषी लोग तमिलनाडु आकर शौचालय साफ करते हैं। दयानिधि मारन का यह बयान न केवल बेहतर आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार के मेहनतकश श्रमिकों के सम्मान और प्रतिष्ठा पर चोट है, बल्कि इससे सभी भारतीय भाषा प्रेमियों को एक गहरा आघात हुआ है। इस प्रकार की ओछी बयानबाजी के लिए दयानिधि मारन को पूरे देश की जनता से क्षमा माँगनी चाहिए। वैसे तो यह स्वाभाविक है कि दयानिधि मारन का यह बयान पूरी तरह से एक निजी राजनीतिक स्वार्थ को साधन के लिए है, लेकिन इस प्रकार की बयानबाजी से पूरे भारत की एकता और अखंडता को एक बड़ा नुकसान पहुँच सकता है। इतिहास इसका गवाह है। इसके अलावा, यहाँ मैं सांसद में हुए एक घटनाक्रम के बारे में भी विशेष रूप से रेखांकित करना चाहूँगा। दरअसल, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी मामले के मंत्री हरदीप पुरी से किसी सांसद ने हिन्दी में एक सवाल पूछा था। और, हरदीप पुरी उसका उत्तर अंग्रेजी में देना चाह रहे थे।

लेकिन, इस विषय में लोक सभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला ने हस्तक्षेप करते हुए, हरदीप पुरी से कहा कि यदि उन्हें हिन्दी में देने में कठिनाई नहीं है, तो उन्हें प्रश्न का उत्तर हिन्दी में ही देना चाहिए। इसके बाद हरदीप पुरी ने अपनी भाव-भंगिमा बदलते हुए, ओम बिड़ला से सभी सांसदों को ऐसा ही निर्देश देने की अपील की और उन्होंने पंजाबी में बोलना शुरू कर दिया।

हालांकि, ओम बिड़ला ने उनके इस रवैये को लेकर थोड़ी आपत्ति जताई और कहा, ह्लआपको कई भाषाएं आती हैं। लेकिन यहां हिन्दी और अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में बोलने के लिए उन्हें पहले लिखकर देना होगा। बहरहाल, यदि आप अवलोकन करें, तो पाएंगे कि बीते कुछ वर्षों के दौरान एकाध सांसदों को छोड़ दें, तो सदन में अधिकांश सदस्य अपनी पूरी बहस, प्रश्न और उत्तर हिन्दी में ही करते हैं। यह वास्तव में हिन्दी के निरंतर बढ़ते आयामों का प्रतिबिम्ब है।

हिन्दी की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दूरदर्शी नेताओं को देना चाहूंगा। जिन्होंने न केवल हिन्दी, बल्कि भारतीय इतिहास, परंपरा और विरासत के पक्षों को एक वैश्विक आयाम देने के लिए अथक प्रयास किया।

बहरहाल, वर्तमान समय में मोदी और शाह की अपनी पूरी कार्यशैली ही हिन्दी में है। लेकिन, विपक्षी नेताओं द्वारा हिन्दी को अपनाना यह दर्शाता है कि वे अब इस बात को पूरी तरह से समझ चुके हैं कि यदि उन्हें जनता से जुड़ना है, उन तक अपनी बात पहुँचानी है, तो उन्हें हिन्दी या किसी भारतीय भाषा में ही सोचना और बोलना होगा। अंग्रेजी वाली लाठशाही अब नहीं चलने वाली है।

क्योंकि, सदन के इतिहास में एक दौर ऐसा भी था जब कथित प्रगतिशील नेता हिन्दी बोलने वाले सदस्यों को अधिक महत्व नहीं देते थे। उन्हें सदैव कमतर आंका जाता था।

इन्हीं मुद्दों के बीच, आज हम ह्लविश्व हिन्दी दिवसह्व की तैयारी कर रहे हैं। हर वर्ष 10 जनवरी से मनाए जाने वाले इस उत्सव का उद्देश्य हिन्दी के वैश्विक महत्वों और उपलब्धियों को उजागर करना और उसे एक नया आयाम देना है।

यह एक जगजाहिर तथ्य है कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि यह हमारे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का एक अभिन्न अंग है। आज हिन्दी अपने पूरे वेग के साथ विश्व में अपना पैर पसारती जा रही है और यह श्रीलंका, मालदीव, सिंगापुर, थाईलैंड, चीन, जापान, ब्रिटेन, जर्मनी, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मॉरिशस, यमन, युगांडा, कनाडा और फिजी जैसे अनगिनत देश में एक संपर्क भाषा के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है, जो हमारे लिए गर्व का विषय है।

हालांकि, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी की यात्रा अत्यंत कठिन रही है और राजनीतिक कारणों की वजह से हमारी प्यारी हिन्दी, राष्ट्रभाषा का दर्जा हासिल नहीं कर पायी।

लेकिन, बीते 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अगुवाई में हिन्दी ने वैश्विक स्तर पर एक नई ऊँचाई को हासिल किया है। आज के समय में हिन्दी का दायरा 132 से भी अधिक देशों में फैला हुआ है और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जब से अपने कार्यों और अनिवार्य संदेशों को हिन्दी में प्रेषित करने की घोषणा की, हम हिन्दी भाषियों के आत्मविश्वास ने एक नया आसमान छूना शुरू कर दिया।

आज के समय में हिन्दी को सामान्य जनामानस के अलावा, सरकारी विभागों, मण्डलों और समितियों में भी बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा अथक प्रयास किये जा रहे हैं और इन प्रयासों के लिए मैं मोदी-शाह के साथ ही, भारतीय जनता पार्टी के सभी साथियों को धन्यवाद प्रेषित करता हूँ।

बहरहाल, भारत प्राचीन काल से ही विविध भाषाओं का देश रहा है और आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। हिन्दी ने हमारे इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को एक-सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया है। इसने हमारे विविध क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के अलावा, कई वैश्विक भाषाओं के साथ घुल-मिल कर पूरे विश्व में अपनी एक अनूठी पहचान बनाई है। हिन्दी ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी एक ह्यसंवाद भाषाह्ल के तौर पर समाज को पुनजागृत करने में एक उल्लेखनीय भूमिका निभायी। इतिहास साक्षी है कि हमारे देश में ह्यस्वराजह्ल प्राप्ति और ह्यस्वभाषाह्ल के आन्दोलन एकसाथ चले। हालांकि, हिन्दी के प्रति सम्मान और इसके प्रसार को बढ़ावा कुछ लोगों को रास नहीं आता है। उन्हें लगता है कि हम आधुनिकता केवल अंग्रेज़ियत से हासिल कर सकते हैं। लेकिन, हमें यह समझना होगा कि किसी भी समाज में मौलिक और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को केवल और केवल अपनी भाषा के माध्यम से ही विकसित किया जा सकता है। यह एक शाश्वत सत्य है कि हमारी अपनी मातृभाषा में भी हमारी उन्नति का मूल छिपा हुआ है।

हमारी भाषाएँ, हमारी बोलियाँ, हमारी अमूल्य विरासत हैं। यदि हमें आगे बढ़ना है, तो इसे हमें साथ लेकर चलना ही होगा। इसी संकल्प के साथ मोदी सरकार ने हिन्दी समेत सभी भारतीय भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से सार्वजनिक, प्रशासन, शिक्षा और वैज्ञानिक प्रयोग के अनुकूल उपयोगी बनाने का प्रयास किया है।

हिन्दी के विरोधी यह समझें कि हिन्दी की प्रतिस्पर्धा किसी भारतीय भाषा से नहीं है और न ही इसे किसी पर थोपे जाने का प्रयास है। यदि हिन्दी ने भारत में अपने संपूर्णता को हासिल कर लिया, तो वह क्षण सही मायनों में हमारे सभी स्थानीय भाषाओं के उदय का शुभारंभ होगा।

हमें इस वास्तविकता को अच्छी तरह से समझना होगा कि आज जब हमने स्वंय को वर्ष 2047 तक एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए ह्यपंच प्रणह्ल का संकल्प लिया है, तो ऐसे में यह निश्चित है कि हिन्दी हमारे पारंपरिक ज्ञान, ऐतिहासिक मूल्यों और आधुनिक प्रगति के बीच, एक महान सेतु की भूमिका निभाएगी। इसलिए हमें हिन्दी भाषा को अपनी पूरी शक्ति के साथ संरक्षित और संवर्धित करने की आवश्यकता है।

नया साल : नई शुरूआत का सुनहरा अवसर

यह ऐसा समय भी होता है जब हम बीते हुए साल को पीछे छोड़ते हैं और आने वाले नए साल का स्वागत बड़ी खुशी से करते हैं। यदि हम अपने पिछले वर्ष पर एक नजर डालकर देखें तो हम पाएंगे कि बीते वर्ष में ऐसे बहुत से समय हमारे जीवन में आए होंगे, जब हमने अपने ईश्वर की कृपा को अनुभव किया होगा। ठीक इसके विपरीत हमारे जीवन में कई बार ऐसे भी मौके आए होंगे, जब हम कठिनाईयों या दु :ख-दर्द के समय से भी गुजरे होंगे। ऐसे समय में हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हर गुलाब में कांटे भी होते हैं, वे भी अपनी भूमिका निभाते हैं और उनका भी अपना महत्त्व है। ठीक इसी तरह हमारे जीवन में सुख और दु :ख दोनों आते हैं। यदि हम इन बातों पर विचार करेंगे तो हम देखेंगे कि हम हरेक परिस्थिति में शांत व सुखी रहेंगे। नया साल सिर्फ बाहरी तौर पर खुशियाँ मनाने का समय नहीं है बल्कि यह हमें अपने जीवन में सुधार लाने का एक सुनहारा अवसर भी प्रदान करता है। हम देखते हैं कि नये साल पर बहुत से लोग बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतों को ढालने का भी संकल्प लेते हैं। यह एक ऐसा मौका होता है जब वे स्वयं में सुधार लाने का प्रयत्न करते हैं। कई लोग धूम्रपान न करने का प्रण लेते हैं जबकि बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो मांसाहार को छोड़कर शाकाहारी जीवन जीने का संकल्प लेते हैं। कई ऐसे भी होते हैं जो क्रोध न करने, सभी से प्रेमपूर्वक व्यवहार करने और दूसरों की मदद करने की प्रतिज्ञा लेते हैं।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

हम सब यह अच्छी तरह जानते हैं कि पूरी दुनिया में नए साल का जश्न बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब हम अपने जीवन की सामान्य गतिविधियों को कुछ समय के लिए रोक कर अपना ध्यान उन कार्यों की ओर करते हैं जिनसे हमें लगता है कि हमें खुशी मिलेगी। यह ऐसा समय भी होता है जब हम बीते हुए साल को पीछे छोड़ते हैं और आने वाले नए साल का स्वागत बड़ी खुशी से करते हैं।

यदि हम अपने पिछले वर्ष पर एक नजर डालकर देखें तो हम पाएंगे कि बीते वर्ष में ऐसे बहुत से समय हमारे जीवन में आए होंगे, जब हमने अपने ईश्वर की कृपा को अनुभव किया होगा। ठीक इसके विपरीत हमारे जीवन में कई बार ऐसे भी मौके आए होंगे, जब हम कठिनाईयों या दु:ख-दर्द के समय से भी गुजरे होंगे। ऐसे समय में हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हर गुलाब में कांटे भी होते हैं, वे भी अपनी भूमिका निभाते हैं और उनका भी अपना महत्त्व है। ठीक इसी तरह हमारे जीवन में सुख और दु:ख दोनों आते हैं। यदि हम इन बातों पर विचार करेंगे तो हम देखेंगे कि हम हरेक परिस्थिति में शांत व सुखी रहेंगे। नया साल सिर्फ बाहरी तौर पर खुशियाँ मनाने का समय नहीं है बल्कि यह हमें अपने जीवन में सुधार लाने का एक सुनहारा अवसर भी प्रदान करता है। हम देखते हैं कि नये साल पर बहुत से लोग बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतों को ढालने का भी संकल्प लेते हैं। यह एक ऐसा मौका होता है जब वे स्वयं में सुधार लाने का प्रयत्न करते हैं। कई लोग धूम्रपान न करने का प्रण लेते हैं जबकि बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो मांसाहार को छोड़कर शाकाहारी जीवन जीने का संकल्प लेते हैं। कई ऐसे भी होते हैं जो क्रोध न करने, सभी से प्रेमपूर्वक व्यवहार करने और दूसरों की मदद करने की प्रतिज्ञा लेते हैं। बहुत से विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो दूसरे विद्यार्थियों की तुलना में अपनी पढ़ाई में बेहतर से बेहतर करने का संकल्प लेते हैं। अगर ध्यान से देखा जाए तो हर कोई अपने-अपने स्तर पर अपने जीवन में कुछ अच्छा करने का प्रयत्न करता है। नये साल के इस मौके पर बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो यह प्रार्थना करते हैं कि नए साल में हम ज्यादा से ज्यादा आध्यात्मिक विकास करेंगे। यदि हम भी नये साल पर आध्यात्मिक रूप से प्रगति करना चाहते हैं तो इसके लिए हमें अपनी दिनचर्या को बड़ी ही गहराई से देखना होगा। ऐसे में हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि हम कोई भी ऐसा कार्य न करें जो हमको इस उद्देश्य से दूर करे। आध्यात्मिक रूप से तरक्की करने के लिए हमें ध्यान-अभ्यास को अपने जीवन में ढालना होगा। इसके लिए हमें वक्त के किसी पूर्ण संत से ध्यान-अभ्यास करने की विधि सीखनी होगी। जब हम अपनी दिनचर्या में ध्यान-अभ्यास को शामिल करते हैं तो हम अपने अंतर में प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव होता है। इसके अलावा हमें यह भी अनुभव हो जाता है कि प्रभु की जो ज्योति मुझे जान दे रही है, वही दूसरे लोगों में भी है। तो फिर हमें इस बात का पक्का विश्वास हो जाता है कि हम सब एक ही पिता-परमेश्वर की संतान हैं। यह नये साल पर हमें यह भी समझना चाहिए कि हम जो भी प्रयास करें चाहे वह कितना भी कम क्यों न हो, हम जो भी कदम उठाएं चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, वो हमें हमारे लक्ष्य के करीब लाता है। नये साल पर हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि अतीत हमारा चाहे कैसा भी हो लेकिन हमारा भविष्य हमेशा बेदाग रहे। हम अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें, इसके लिए आध्यात्मिक मार्ग ही हमें

संक्षिप्त खबरें

उन्नाव में डंपर की चपेट में आने से युवती की मौत

उन्नाव जिले के दही थाना क्षेत्र में उन्नाव बाईपास के पास पैदल जा रही एक युवती को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। दही थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अनुराग सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल के सामने थाना कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के रहने वाले अनिल कुमार की बेटी मोनिका (20) नवीन मंडी स्थित किसी दुकान में काम पर जा रही थी। एसएचओ ने बताया कि शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अयोध्या में लता मंगेशकर चौक की सुंदरता देख प्रधानमंत्री हुए भाव विभोर

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के बाद एयरपोर्ट लौटते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लता मंगेशकर चौक गए। पिछले वर्ष लता मंगेशकर की जयंती पर 28 सितंबर को उन्होंने इसका वर्चुअली उद्घाटन किया गया था। चौक पर 14 टन वजनी एवं 40 फुट लंबी वीणा लगाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को पहली बार वीणा के पास पहुंचकर भाव-विभोर हो गए। उन्होंने वीणा की अलौकिक छवि का दीदार किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से इसकी विस्तृत जानकारी भी ली। उन्होंने अयोध्या के समूचे जनमानस का यहीं से अभिवादन किया। प्रधानमंत्री को यहां देख जनता भी अभिभूत हो गई। यहां सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के सुरों में श्रीराम के भजन भी गूंज रहे थे।

500 वर्षों का इंतजार अब खत्म हो रहा : योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 500 वर्षों का इंतजार अब खत्म हो रहा है। भगवान श्रीराम आगामी 22 जनवरी को निमार्णाधीन राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि नए भारत की नई अयोध्या का आज दर्शन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण अयोध्या को एक नई पहचान मिली है। अयोध्या में सभी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के करकमलों से अयोध्या के रेलवे स्टेशन और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उदघाटन किया गया। योगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया है। अयोध्या में 22 जनवरी को अतिथियों के स्वागत के लिए हमें तैयार रहना है। केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की आत्मा की ज्वाला हैं। यहां से 10 लाख यात्रियों का प्रतिवर्ष आवागमन होगा। देश विदेश के बड़े विमान अब अयोध्या नगरी में उतर सकेंगे। जहां प्रधानमंत्री के कर कमलों से ट्रेनों की श्रंखला शुरू हुई है। अयोध्या,मुंबई,बंगलूरू और कोलकाता को आने वाले दिनों में अयोध्या से जोड़ा जायेगा। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव,केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरल वी.के.सिंह,उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,ब्रजेश पाठक,प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही और स्थानीय सांसद लल्लू सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राम की नगरी का वैभव बढ़ा गये मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्रेतायुग में तीनों लोकों की राजधानी रही अयोध्या के सैकड़ों वर्षों के धूलधूसरित इतिहास की गर्द हटा कर भगवान राम की नगरी के वैभव को आज कई गुना बढ़ा दिया। श्री मोदी अपने विशेष विमान से शनिवार प्रातः अयोध्या के नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से अयोध्या के धर्मपथ और रामपथ पर रोड शो में शामिल हुए। अयोध्या आगमन पर श्री मोदी का साधु संतों ने शंखनाद, डमरू वादन, स्वस्ति वाचन एवं मंत्रोच्चार से स्वागत अभिनंदन किया। रोड शो के दौरान हजारों अयोध्या वासियों ने प्रधानमंत्री का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक, केंद्रीय रेल, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलैक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा राज्य सरकार के अनेक मंत्री एवं शीर्ष अधिकारी भी प्रधानमंत्री के साथ मौजूद थे। इसके बाद प्रधानमंत्री पुनर्विकसित अयोध्या धाम स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि।

अयोध्या को शनिवार को मिलीं रेलवे की अनेक सौगातें

अयोध्या, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या को शनिवार को पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, यहां से देश की राजधानी से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस और श्री राम की ससुराल मिथिला से जोड़ने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित रेलवे की कई महत्वपूर्ण सौगातें दीं। इससे पहले अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीके सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह समेत प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी मौजूद थे।हवाई अड्डे से बाहर आने के बाद श्री मोदी ने धर्म पथ से राम पथ तक एक रोड शो भी किया। साधु संतों ने शंखनाद, डमरू वादन, स्वस्ति वाचन एवं मंत्रोच्चार से श्री मोदी का स्वागत अभिनंदन किया। रोड शो के दौरान हजारों अयोध्या वासियों ने प्रधानमंत्री का पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम में सबसे पहले पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन लोकार्पण किया और फिर अयोध्या से दिल्ली के आनंद विहार के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और सुपरफास्ट यात्री ट्रेनों की एक नई श्रेणी में आनंद विहार-अयोध्या - दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित थे। इससे पूर्व श्री मोदी ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सवार स्कूल के बच्चों से वातालार्प भी किया। दरभंगा जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन गोरखपुर और नेपाल की सीमा पर रक्सौल तथा सीतामढ़ी होते हुए दरभंगा पहुंचेगी। अयोध्या से दिल्ली के आनंद विहार जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अयोध्या के लिए दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन है। गोरखपुर और लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अयोध्या हो कर गुजरती है। अयोध्या धाम स्टेशन का पहला चरण 240 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा की जरूरतों के लिए दुकानें, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। प्रधानमंत्री ने इन दोनों ट्रेनों के साथ वीडियो लिंक के माध्यम से मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन तथा पांच अन्य नई वंदे भारत एक्स प्रेस ट्रेनों - श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर -दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, कोयंबटूर -बेंगलुरु छावनी वंदे भारत एक्सप्रेस, मैंगलोर-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस, जालना-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन 22 गैर वातानुकूलित डिब्बों (10 सामान्य अनारक्षित तथा 12 स्लीपर श्रेणी कोचों वाला एक एलएचबी पुश पुल ट्रेन सेट है। बेहतर त्वरण के लिए इस ट्रेन के दोनों छोर पर 6000 अश्वशक्ति वाले दो लोको हैं। यह रेल यात्रियों के लिए सुंदर और आकर्षक डिजाइन वाली सीटें, बेहतर सामान रैक, उपयुक्त मोबाइल होल्डर के साथ मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एलईडी लाइट, सीसीटीवी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली जैसी बेहतर सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें सेमी परमानेंट कपलर लगाए गए हैं जिससे गाड़ी के चलते या रुकते हुए झटके लगने की समस्या खत्म हो गई है। शौचालय आधुनिक डिजाइन पर आधारित है और इसमें वाशबेसिन के नल का बटन पैर से दबाने वाला है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में रेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 2300 करोड़ रुपये की तीन रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं। इन परियोजनाओं में रूमा चकेरी -चंदेरी तीसरी लाइन परियोजना, जौनपुर -अयोध्या-बाराबंकी दोहरीकरण परियोजना के जौनपुर -तुलसी नगर, अकबरपुर-अयोध्या, सोहावल -पटरंगा और सफदरगंज-रसौली खंड और मल्हौर-डालीगंज रेलवे खंड का दोहरीकरण और विद्युतीकरण परियोजना शामिल हैं। इस तरह श्री मोदी के हाथों अयोध्या को रेलवे की अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिलीं।

इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह होंगे थाना स्योहारा के प्रभारी निरीक्षक

धीरज सिंह सोलंकी का हुआ रेहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक पद पर स्थानांतरण

- शांति एवं कानून व्यवस्था बनाना मेरी प्राथमिकता: धर्मेंद्र सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। जनपद के तेज तर्रार पुलिस कप्तान नीरज कुमार जादौन ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त करते हुए कई निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते कुछ को थानों का चार्ज सौंपा इसी क्रम में डीसीआरबी प्रभारी इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह को थाना स्योहारा के प्रभारी पद पर तैनात किया गया है वह अब थाना स्योहारा का चार्ज संभालते हुए कार्य करंगे। तो वही स्योहारा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर धीरज सिंह सोलंकी का स्थानांतरण करते हुए थाना रेहड़ प्रभारी क पद पर नई तैनाती दी।

नवागत थाना स्योहारा प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्योहारा थाने का चार्ज संभालने बाद कहां की सरकार तथा शासन प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए कानून और शांति व्यवस्था कायम कराना मेरी प्राथमिकता होगी। छोटे से छोटे अपराधों पर भी पैनी नजर रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि पीड़ितो विशेषकर महिलाओं तथा बच्चो के साथ अपराध करने वाले अपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। पीड़ित व्यक्ति मुझसे सीधे आकर मिल सकता है। किसी को भी कानून हाथ मे लेने की इजाजत नही होगी इसके साथ ही उन्होंने स्योहारा थाना क्षेत्र में चोरी ,पशु चोरी,जुआ, सट्टा,नशे का कारोबार करने वालों को चेतवानी देते हुए कहा कि जो लोग इस बुरे कार्यो में सम्मिलित हैं तुरंत ये गैर कानूनी कारोबार बंद कर दें । अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाकर जेल भेजा जाएगा। कानून का सम्मान करने वालों को पूरा सम्मान दिया जाएगा।आपको बताते चले कि इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह अनेक जनपदों में कार्यरत रहते हुए पुलिस विभाग को अपनी सरहानीय सेवाएं दे चुके हैं।

पशु चिकित्सक का जंगल में मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। घर से निकले अपंजीकृत पशु चिकित्सक अतर सिंह (65) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जंगल में सड़क पर पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने जांच करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसा मान रही है।अतर सिंह अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के जलीलपुर बक्काल के रहने वाले चेतराम सिंह के बेटे थे। उनके परिवार में पत्नी, तीन बेटे विजयपाल सिंह विनीत, रामनिवास और चार बेटियां हैं। अतर सिंह निजी रूप से पशुओं का इलाज करके परिवार का पालन पोषण करते थे। शुक्रवार सुबह पशुओं का इलाज करने के लिए घर से निकले लेकिन वापस नहीं लौटे।काफी तलाश करने के बाद भी उनका पता नहीं चला। रात करीब नौ बजे उनका शव डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ढ़ेला नगला के जंगल में सड़क पर पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। इस दौरान अतर सिंह के सिर और शरीर पर चोटों के निशान पाए गए। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की।एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए। इस दौरान परिजनों ने रिश्तेदार पर हत्या का आरोप लगाया। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।अतर सिंह के सिर पर मिलते चोटों के निशान सड़क हादसे की ओर इशारा कर रहे हैं। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मोदी ने अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया

अयोध्या, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम रखा गया है। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी। उनके बहुत सारे अनुयायी हैं जिनमें विशेष रूप से दलित समुदाय के हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अयोध्या के अत्याधुनिक हवाई अड्डे का पहला चरण 1,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6,500 वर्ग मीटर है, जो सालाना लगभग 10 लाख यात्रियों की सेवा करने के लिए तैयार रहेगा। टर्मिनल भवन का अग्रभाग अयोध्या के आगामी श्री राम मंदिर की मंदिर वास्तुकला को दर्शाता है। टर्मिनल भवन के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्रीराम के जीवन को दर्शाते हुए स्थानीय कला, चित्रों और भित्ति चित्रों से सजाया गया है। अयोध्या हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न सुविधाओं से लैस है जिनमें इंसुलेटेड रूफिंग सिस्टम, एलईडी लाइटिंग, वर्षा जल संचयन, फव्वारे के साथ भूनिर्माण, जल उपचार संयंत्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं। हवाई अड्डे से क्षेत्र में संपर्क में सुधार होगा, जिससे पर्यटन, व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे जहां वह राज्य में 15,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लता मंगेशकर चौक पहुंचे और लोगों का अभिवादन किया। मोदी के साथ मुख्य,मंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा यहां राम मंदिर की ह्यप्राण प्रतिष्ठाह्न समारोह से पहले हो रहा है। यहां राम मंदिर अभी निमार्णाधीन है, जिसका प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा, जिसमें मोदी शामिल होंगे।

मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने के लिए शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान शुरू करेगा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

लखनऊ, एजेंसी

आगामी लोकसभा चुनाव में मुस्लिम महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का अल्पसंख्यक मोर्चा दो जनवरी से उत्तर प्रदेश के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में ह्यशुक्रिया मोदी भाईजानह्न नामक एक विशेष अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के तहत मोर्चा हर लोकसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें कम से कम 1,000 मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मुस्लिम महिला मतदाताओं को रिझाने की इस योजना की टैगलाइन ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है

रखी गई है। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने शनिवार को बताया कि ह्यशुक्रिया मोदी भाईजानह्न कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा उनके लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही उन्हें यह बताया जाएगा कि उन्हें आखिर भाजपा को वोट क्यों देना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन सम्मेलनों के जरिए कोशिश की जाएगी कि मुस्लिम

महिलाओं को उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हज का कोटा बढ़ाया जाना, महिलाओं को महरम व्यक्ति के साथ ही हज पर जाने की अनिवार्यता खत्म किया जाना, मुस्लिम बच्चों को छात्रवृत्ति समेत समुदाय को लाभ पहुंचाने वाली तमाम योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। अली ने बताया कि यह अभियान आगामी दो जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्यह्नहाल ही में प्रदेश के सभी जिलों में मुस्लिम महिलाओं ने जिलाधिकारी को मोदी सरकार की योजनाओं को लेकर धन्यवाद ज्ञापन दिया था। अब इस सिलसिले को आगे बढ़ते हुए हर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रिया मोदी भाईजान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अली ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुस्लिम महिलाओं को मकान मिले हैं और मुस्लिमों को इस योजना का लाभ उनकी आबादी के प्रतिशत के मुकाबले ज्यादा दिया गया है। प्रदेश में महिला सुरक्षा पहले से बेहतर हुई है और विभिन्न योजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान का नाम ह्यशुक्रिया मोदी भाईजानह्न रखे जाने की एक बड़ी वजह यह है कि मोदी ने विभिन्न योजनाओं में मुस्लिम महिलाओं को प्राथमिकता देकर भाई-बहन का रिश्ता कायम किया है।

शीश झुका कर प्रधानमंत्री ने किया अयोध्यावासियों का अभिवादन

अयोध्या, एजेंसी

कड़ाके की ठंड भी अयोध्यावासियों का हौसला न डिगा सकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीदार को समूची अयोध्या उमड़ पड़ी। रामनगरी में अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत मोदी ने भी शीश झुकाकर अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। आलम यह रहा कि मोदी की मुस्कान पर फिदा रामनगरी ने गुलाब की पंखुड़ियों संग उनका स्वागत किया और मोदी-मोदी की गूंज से अयोध्या को गुंजायमान कर दिया। रास्तों में लगे फूलों की खुशबू में भी आज अलग ही महक थी, क्योंकि अयोध्या के पुनर्विकास के नायक खुद यहां मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर अयोध्यावासियों के मन में अलग की उमंग था। बच्चे हों या बुजुर्ग, महिलाएं हों या युवतियां, सभी प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को आतुर दिखे।धर्मपथ से लेकर रामपथ होते हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंचने के दौरान बच्चे भी जय श्रीराम के साथ मोदी-मोदी की गूंज करते रहे। मोदी ने भी बच्चों को निराश नहीं किया। वे भी यहां के लोगों का अभिवादन करते रहे। रोड शो में प्रधानमंत्री के चेहरे पर मुस्कान रही, जिसने समूचे अयोध्यावासियों का दिल जीत लिया। मोदी की मुस्कान पर फिदा अयोध्या में मोदी-मोदी की गूंज सुनाई दी। अयोध्या की सड़कों पर मोदी का यह स्वागत और भी महत्वपूर्ण हो गया, क्योंकि इसके बाद मोदी जब आएंगे तो रामलला को उनके दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान करेंगे। लता चौक पर साधु-संतों ने की पुष्पवर्षा- यूं तो पूरे रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री पर जोरदार पुष्पवर्षा हुई, लेकिन लता चौक पर भी साधु-संतों ने उन पर पुष्पवर्षा की और उन्होंने आशीर्वाद भी दिया। अयोध्या की नई पहचान बन चुके लता चौक पर भी आम जनमानस की भीड़ ने जोरदार स्वागत किया। यहीं से मोदी अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के लिए मुड़े तो यहां फूलों से बनी गणपति की छवि काफी आकर्षित कर रही थी। वैसे, आज अयोध्या का शृंगार काफी अद्भुत था। जिसने भी देखा, यह शृंगार देख मन मोह उठा। लोक कलाकारों ने बांधा समां- प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कुल 50 मंच बनाए गए थे जिसमें 1400 से अधिक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। इसके अतिरिक्त, लता चौक पर एक विशाल मंच बनाया गया था। यहां प्रधानमंत्री मोदी के काफिले पर फ्लावर कैनन से पुष्प वर्षा की गई। धर्मपथ के साथ कलाकारों ने 26 चरणों पर अपना प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शंखवादन और डमरू वादन से सभी को झंकृत कर दिया। खजान सिंह और महिपाल ने अपनी टीम के साथ मथुरा, बम रसिया के प्रदर्शन के माध्यम से छाप छोड़ी। इसके अतिरिक्त, मथुरा के लोकप्रिय मयूर नृत्य ने भी कई मंचों की शोभा बढ़ाई। अयोध्या के कई ख्यात कलाकारों ने भी विभिन्न मंचों पर प्रस्तुतियां दीं। अवधी, वनटांगिया और फरुवाही समेत विभिन्न संस्कृतियों की लोक कला प्रस्तुतियों के रंगों से सजी अयोध्या में पलवल (हरियाणा) के बीन-बांसुरी डांस और राजस्थान की चकरी डांस ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में खेला गया अध्यापकों एवं छात्रों की बीच क्रिकेट मैच

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। शनिवार को राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल मे छात्रों एवं अध्यापकों के मध्य एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यार्थियों की टीम ने जीत हासिल की।राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की टीम के कप्तान राघव भारद्धाज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 16 ओवर मे 178 रन का लक्ष्य रखा। विद्यार्थियों की तरफ से उनके बल्लेबाज सक्षम ने 82 रन , सूर्याश ने 45 रन बनाये और अपनी टीम का स्कोर 178 तक पहुँचाया।अध्यापको की टीम की तरफ से 3 विकेट रोहित शर्मा, 2 विकेट ओबेद रजा रिजवी, 1 विकेट विकास शर्मा व 1 विकेट कसीम अहमद, 1 विकेट जिया नकवी ने लिए।अध्यापकों की टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी परन्तु इनके बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नही कर पाये । अध्यापक टीम से विकास शर्मा ने सर्वाधिक 43 बनाये एवं अध्यापकों की पूरी टीम 114 रन पर सिमट गयी। मैच के एंपायर सोनू, मैंच के कमेंटेटर शुजाउद्दीन अंसारी, स्कोरर मोहसीन अंसारी व माधव रहे।विजयी विद्यार्थियों टीम के सक्षम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।विद्यालय संरक्षक अजय टंडन, प्रबन्धिका अंजनी टण्डन, अध्यिक्षका सुश्री अदिति टण्डन, प्रधानाचार्या डा0 शिक्षा सरदाना ने सभी छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्साहवर्धन किया एवं विजयी टीम को बधाई दीं।

मानव संसाधन प्रबंधन देश के विकास में सहायक : डॉ विनय कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मन रिसोर्स के द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में शुक्रवार को ग्लोबल हुमन रिसोर्स कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन किया गया जिसमें मानव संसाधन प्रबंधन और आत्मनिर्भर भारत विषय पर चर्चा हुई इस अवसर पर ग्लोबल ह्यूमन रिसोर्स कॉन्क्लेव 2023 के संयोजक डॉ विनय कुमार ने कहा कि मानव संसाधन प्रबंधन के कारण देश में विकास तेजी से हो रही है और भारत अभी विश्व के पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, माननीय प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर बढ़ रहा है और इसमें मानव संसाधन लीडरो की अहम भूमिका है, मानव संसाधन के लोग सॉल्यूशन पर ज्यादा जोर देते हैं प्रॉब्लम पर नहीं, आजकल भारत की इकोनॉमी 4 ट्रिलियन डॉलर है और कुछ साल बाद हम जर्मनी और जापान को भी पीछे छोड़ देंगे, हमें विकास के साथ सतर्क होने की आवश्यकता है, हमने जिनको पीछे छोड़ा वह हमसे ईर्ष्या भी करेंगे, लेकिन भारत को इससे घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि भारत किसी का नुकसान नहीं चाहता है और भारत केवल मानवता और वसुधैव कुटुंबकम को बढ़ावा देता है इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मानव संसाधन लीडर्स संदीप सिंह शासन ने कहा कि प्रधानमंत्री के विभिन्न योजनाओं के कारण देश आत्मनिर्भर भारत बनने के कगार पर है और देश में शिक्षा के स्तर को सुधारने की आवश्यकता है, भारतीय सेवा के रिटायर्ड कर्नल और आईआईएमटी कॉलेज के प्रोफेसर के एन चौबे ने कहा लेबर लॉ में सुधार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है, लैडर 2 सक्सेस के संस्थापक मिशेल खन्ना ने कहा कि मानव संसाधन नीति में कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि मानव संसाधन को अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके, द्रोणाचार्य कॉलेज के प्रोफेसर साहब सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा में छात्रों को कौशल विकास और एंटरप्रेन्योरशिप पर जोर देने की आवश्यकता है, आईएमएस कॉलेज के प्रोफेसर नवीन विरवानी ने कहा डिजिटल टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के कारण देश में काफी प्रगति हुई है कॉन्क्लेव में मानव संसाधन के अधिकारी एवं विभिन्न महाविद्यालय के प्राध्यापक, रिसर्च स्कॉलर और छात्रों ने भी भाग लिया, धन्यवाद ज्ञापन आईआईएचआर के संयुक्त सचिव स्वर्णिम दीक्षित ने किया

हाईवे पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला

प्रात : किरण संवाददाता

डिडौली।शुक्रवार रात हाईवे पर अवैध कट को पार करते समय युवक को वाहन ने कुचल दिया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद भी जान गंवाने वाले की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है। यह हादसा डिडौली कोतवाली के सामने गांव के अड्डे पर हुआ। अवैध कट पार करके मुरादाबाद से दिल्ली की तरफ जाने वाली लेन पर जा रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन के चालक ने कुचल दिया। थोड़ी देर में ही लोगों की भीड़ जमा हो गई।आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।स्थानीय लोगों से पूछताछ करने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी।सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 साल है।उसने लाल रंग की शर्ट पहन रखी है।फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हाउस पर मोर्चरी में रखवा दिया है। उसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, गजरौला-हसनपुर मार्ग पर टायर भरे कैंटर एवं सब्जी लदे ट्रक में टक्कर हो गई।इसमें रजबपुर क्षेत्र के गांव पीपली कला निवासी संजीव (35) कैंटर चालक की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया गया। घायलों की शिनाख्त नहीं हुई। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपली कला निवासी संजीव पुत्र रामलाल कैंटर चालक है। शुक्रवार देर शाम को वह कैंटर लेकर गजरौला से हसनपुर की तरफ जा रहा था।हसनपुर-गजरौला मार्ग पर हसनपुर के नजदीक सामने से आ रहे सब्जी लदे ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें दोनों वाहन क्षतिग्रस्त और चालक संजीव समेत चार लोग घायल हो गए। बाद में संजीव ने दम तोड़ दिया।सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने विधान सभा हसनपुर के ग्राम शाहपुर खुर्द, बाईखेड़ा, गंगाचौली, भैंसरौली, सिरसा गुर्जर, महरपुर गुर्जर, रूखालू व शकरौली मिलक इत्यादि में जिला पंचायत द्वारा लगभग 2 करोड़ 85 लाख की लागत से कराये गये विकास कार्यों का फीता काटकर लोकार्पण किया।जिसमें क्षेत्रवासियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कि फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष के साथ अपर मुख्य अधिकारी जितेन्द्र कुमार, राहुल सिंह, जिला पंचायत सदस्य पति पिन्टू भाटी, महेश खडगवंशी, विचित्र भाटी, अमित गुर्जर, मेघराज सिंह ग्राम प्रधान शकरौली, गोपाल सिंह ग्राम प्रधान रूखालू, रामपाल सिंह ग्राम प्रधान गंगाचौली, विनेश सिंह ग्राम प्रधान भैंसरौली, गन्नू सिंह ग्राम प्रधान बाईखेड़ा, सभी ग्रामों के प्रधान, पूर्व प्रधान, भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

हज 2024 के लिए जनपद से अभी तक 380 लोगों ने किए आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। हज कमेटी ऑफ इंडिया की नई गाइडलाइन ने आवेदन की रफ्तार को सुस्त कर दिया है। मुबारक सफर के लिए जिले से अब तक करीब 380 लोगों ने ही आवेदन किया है। कोटे के मुताबिक आवेदन नहीं मिलने पर हज कमेटी ने अब तारीख को बढ़ाकर 15 जनवरी तक बढ़ाया है। ऐसे में आने वाले 15 दिन में आवेदन की संख्या बढ़ सकती है।गौरतलब है कि हज 2024 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया ने बाता चार दिसंबर को अपनी वेबसाइट खोली थी। आवेदन की आखिरी तारीख 20 दिसंबर निर्धारित की थी। इसके साथ ही नए नियम भी लागू किए थे, दोबारा सफर-ए-हज कराने पर पाबंदी लगाई थी। इसके साथ ही गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को आवेदन न करने का मश्वरा देते हुए 70 साल की उम्र पार कर चुके बुजुर्गों के साथ खिदमतगार की मौजूदगी को जरूरी किया गया था। नई बंदिशों के कारण जिले में आवेदन की रफ्तार सुस्त रही। अभी तक जिले में महज 380 आवेदन ही हो पाए हैं। ऐसे में हज कमेटी ने आवेदन की तारीख 15 जनवरी तक बढ़ाई है। हज ट्रेनर हाजी शबीह अहमद के मुताबिक तारीख बढ़ने के साथ ही आवेदन की संख्या भी बढ़ सकती है। बताया कि आवेदन कर चुके आजमीन को दो किस्तों में दो लाख 51 हजार रुपये जमा कराने होंगे। तीसरी और आखिरी किस्त जमा करने के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया से बाद में जानकारी मिलेगी।

हादसों के मद्देनजर नेशनल हाईवे पर छह एम्बुलेंस की तैनाती

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा।मौसम में ठंड और कोहरे के बीच बढ़ते हादसों को मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आया है। नए साल और आगामी त्योहारों पर स्वास्थ्य सेवाओं की त्वरित उपलब्धता के लिए अस्पतालों में जांच व इलाज के संसाधनों के साथ ही मुस्तैदी से ड्यूटी करने का फरमान जारी किया गया है। चिकित्सकों संग कर्मचारियों को भी लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी गई है। सभी 108 व 102 ऐंबुलेंस को तय स्पॉट पर तैनात करते हुए मरीजों को रेस्पॉन्स टाइम में नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने पर पूरा जोर दिया जा रहा है। इसके लिए नेशनल हाईवे पर छह ऐंबुलेंस की तैनात कर ईएमटी व चालक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐंबुलेंस के जिला कोर्डिनेटर अमित चौहान के मुताबिक नेशनल हाईवे पर कोहरे और वाहनों की बढ़ती भीड़ के बीच हादसों की आशंका भी बढ़ी है। ऐसे में सभी 41 ऐंबुलेंस संवेदनशील स्पॉट पर तैनात की गई हैं। ईएमटी व चालकों को इस ओर अलर्ट कर लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत भी दी गई है।

संक्षिप्त खबरें

प्रशासन ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया

बक्सर (शाहाबाद) शुक्रवार को नगर परिषद बक्सर क्षेत्रांतर्गत माखन भोग से लेकर सूरज भी मोड़ तक रास्ते में अतिक्रमण कर लगाने वाले अस्थाई सब्जी, फल, मसाला, इत्यादि दुकानों को हटवाया गया। अस्थाई बाजार को वेडिंग जोन में लेजाने के लिए नगर परिषद बक्सर द्वारा बार बार प्रयास माइकिंग, प्रचार प्रसार कर सभी से अनुरोध किया गया। उपस्थित लोगो मे अंचल अधिकारी, नगर प्रबंधक, नारसिंह चौबे, विजय चौरसिया, नवीन कुमार पाण्डेय, अविनाश कुमार, सीएमएम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आपसी विवाद में भतीजा ने चाचा का किया हत्या

सिमरी (बक्सर) थाना क्षेत्र के एकौना गांव में गुरुवार की शाम भतीजा ने सहोदर चाचा का ईट्ट से पीटकर हत्या कर अंजाम तक पहुंचा दिया। जिसके बाद पूरे गांव कोहराम मच गया। मृतक व्यक्ति की पहचान 60 बर्षीय व्यास यादव के रूप हुई है। घटना के संबंध मृतक वृद्ध की पत्नी कलावती देवी ने लिखित शिकायत देते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है।

ठंड से वृद्ध किसान की मौत

चक्की (बक्सर) ओपी थाना क्षेत्र के चक्की गांव में ठंड लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई। प्राप्त मिली जानकारी के मुताबिक चक्की गांव के रहने वाले रामदेव यादव 62 वर्ष के रूप पहचान हुई है। जिस संदर्भ में ग्रामीणों ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद खेत में सोने के लिए गये हुए थे तभी रात में ठंड लग गया। जिसके बाद किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

नगर पालिका में भ्रष्टाचार के विरुद्ध लोक शिकायत में दायर हुआ परिवाद

डुमरांव (बक्सर) नप के भ्रष्टाचार लूट खसोट काली कमाई करने वालो के विरुद्ध राजद नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह पूर्व पार्षद धीरज कुमार प्रजापति ने बक्सर जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में प्रथम परिवाद दायर किया है। मामले की सुनवाई आगामी 5 जनवरी को निर्धारित की गई है। धीरज कुमार ने बताया कि बिहार का इकलौता ऐसा कार्यालय है जहा संविदा पर कार्यरत कनीय अभियंता सभी प्रकार के सरकारी विभागीय विकास कार्य करते है जबकि नगर विकास आवास विभाग के सरकारी मार्गदर्शिका में सरकारी विभागीय कार्य को कनीय अभियंता से करने को वर्जित किया गया है। इसके बाद भी नगर परिषद डुमरांव के ईओ के देख-रेख में लूट खसोट धन उगाही का खेल खेला जा रहा है। यहां कोई भी सड़कछाप आदमी डुमरांव नगर परिषद कार्यालय से जुड़कर खाकपति से करोड़पति बन जाता है। इसी भ्रष्टाचार के संबंध में छः बिंदुओं पर आधारित एक खुला पत्र जो माननीय निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना तथा आर्थिक अपराध इकाई बिहार के नाम से निकाला गया है।

एमपी उच्च विद्यालय को मिली हांकी प्रशिक्षण केन्द्र की स्वीकृति

बक्सर (शाहाबाद) शुक्रवार को नोडल पदाधिकारी उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा पदाधिकारी बक्सर से प्राप्त सूचनानुसार अपर मुख्य सचिव, कला संस्कृतिक एवं युवा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 1940, 21नवंबर 2023 के आलोक में महानिदेशक-सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना की अध्यक्षता में 21 दिसम्बर को बैठक की। जहां कार्यवाही के क्रम में गैर आवासीय खेल प्रशिक्षण योजना के तहत बक्सर जिलें के एमपी उच्च विद्यालय में हॉकी खेल के गैर आवासीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र की स्वी.ति प्राप्त हुईहै। इसकेन्द्रकेलिएप्रशिक्षक, अतिकुशल का चयन किया जाना है। सभी बक्सर जिलें के स्थानीयही-निकटवर्ती क्षेत्र के इच्छुक अभ्यर्थी 02 जनवरी 2024 तक अपना आवेदन उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कार्यालय एमपी उच्च विद्यालय बक्सर में कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है।

डीएम के नेतृत्व में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

बक्सर (शाहाबाद) शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर भवन प्रबंध समिति की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में नगर भवन के जीर्णोद्धार के संबंध संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गएः- बैठक में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण कार्य संगठन प्रमंडल बक्सर के सहायक अभियंता ने बताया कि सिविल वर्क का इस्टीमेट बना कर बुडको को भेज दिया गया है। नगर भवन के अन्य कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण कार्य संगठन प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता को संयुक्त रूप से जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को यथा संभव प्रारंभ कराने को कहा कि बैठक में अपर समाहर्ता बक्सर, उप विकास आयुक्त बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं अन्य प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित थे।

नए साल में मां आरण्य देवी मंदिर में उमड़ेगी भक्तों की भीड़, तैयारी पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नए साल के मौके पर सोमवार को मां आरण्य देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। दूसरी बार नववर्ष के मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा भक्तों के बीच निःशुल्क प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर परिसर में स्टाल लगाए जाएंगे। वही मंदिर में नव निर्माण के लिए दान और सहयोग देने वालों के लिए काउंटर लगाया जाएगा। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि 1 जनवरी (सोमवार) 2024 को मां आरण्य देवी मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ होने की संभावना को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में सजावट एवं लाइटिंग का कार्य किया गया है। मंदिर में देवी दर्शन को आने वाले श्रद्धालु भैरव बाबा के मंदिर के बगल वाली गली से प्रवेश करेंगे। पूजा-अर्चना के बाद मुख्य द्वार से भक्तो की निकासी होगी। मंदिर परिसर में ही भक्तों के बीच ट्रस्ट द्वारा प्रसाद के रुप में बुंदिया का वितरण किया जाएगा। भीड़ की संभावना को देखते हुए महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति हेतू स्थानीय थाना को सूचना दी गई है।

नववर्ष के मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ की संभावना को देखते हुए मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में अस्थायी दुकानें खुल

गई है। जहां फूल, माला और प्रसाद की बिक्री की जा रही है।

आरा की अधिष्ठात्री देवी है मां आरण्य देवीः आरा की आरण्य देवी का मंदिर द्वापरकालीन है। द्वापर युग में यहां पांडवों ने देवी का दर्शन किया था। इस मंदिर सालोंभर श्रद्धालु- भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्र में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां पशु बलि नहीं दी जाती है। बल्कि मां को नारियल चढ़ाया जाता है।

आरा शहर के नामकरण की प्रचलित हैं तीन कहानियांः आरा एक अति प्राचीन शहर है। आरा शहर के नामकरण की प्रचलित कथा कहानियों के अनुसार इसके ऐतिहासिक होने के प्रमाण भी मिलते रहते है, महाभारतकालीन अवशेष यहां के बिखरे पड़े हैं। पुराणों में लिखित मोरध्वज की कथा से भी इस नगर का संबंध बताया जाता है द्वापर युग में राजा मोरध्वज के समय चारों ओर वन था। घने जंगल से घिरा होने के कारण ये 'आरण्य क्षेत्र' के नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल में पांडवों ने भी अपना गुप्त वासकाल यहां बिताया था, बताया जाता है कि घने जंगल के बिच उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी।

पांडवों ने की थी आदिशक्ति की पूजा-अर्चनाः ऐसा कहा जाता है की मां ने युधिष्ठिर को स्वपन में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करें। तब धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की थी। इसके बाद 'आरण्य क्षेत्र' आरण्य देवी के क्षेत्र से बहुत प्रसिद्ध होता गया। दूसरी कहानी जेनरल कनिंघम के अनुसार हवेगसांग द्वारा उल्लिखित कहानी का संबंध, जिसमें अशोक ने दानवों के बौद्ध होने के संस्मरणस्वरूप एक बौद्ध स्तूप खड़ा किया था, इसी स्थान से है। आरा के पश्चिम स्थित मसाढ़ ग्राम में प्राप्त जैन अभिलेखों में उल्लिखित 'आराम नगर' नाम भी इसी नगर के लिए आया है। तीसरी कहानी के अनुसार बुकानन ने इस नगर के नामकरण में भौगोलिक कारण बताते हुए कहा कि गंगा के दक्षिण ऊंचे स्थान पर स्थित होने के कारण, अर्थात आड या अरार में होने के कारण, इसका नाम 'आरा' पड़ा।

आरण्य देवी मंदिर में एक साथ विराजती मां सरस्वती और महालक्ष्मीः आरण्य देवी मंदिर में स्थापित बड़ी प्रतिमा को जहां सरस्वती का रूप माना जाता है, वहीं छोटी प्रतिमा को महालक्ष्मी का रूप माना जाता है। इस मंदिर में वर्ष 1953 में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुध्न व हनुमान जी के अलावे अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। बताया जाता है कि उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी। इस मंदिर के चारों ओर वन था। पांडव वनवास के क्रम में आरा में ठहरे थे। पांडवों ने आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की। मां ने युधिष्ठिर को स्वपन में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करे। धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की। कहा जाता है कि भगवान राम जी, लक्ष्मण जी और विश्वामित्र जी जब बक्सर से जनकपुर धनुष यज्ञ के लिए जा रहे थे तो आरण्य देवी की पूजा-अर्चना की। तदोपरांत सोनभद्र नदी को पार किये थे।

108 फीट ऊंचा बन रहा है माता का मंदिरः मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है। मंदिर का नवनिर्माण कार्य मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि माता का नया मंदिर 108 फीट ऊंचा बनेगा। जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। तीन मंजिलें नये मंदिर में अन्य देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित होगी।

जवानों के लंबित भुगतान करने के लिए केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

डुमरांव (बक्सर) अनुमंडल सैनिक संघ ने 22 जवानों की लंबित चार माह वेतन को लेकर सांसद अविनी चौबे से मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष सूबेदार मेजर हरिशंकर सिंह सेना मेडल ने सांसद को अवगत कराते हुए कहा कि एफसीआई बक्सर में ड्यूटी किए कुल 22 सैनिकों का चार माह से वेतन रोक रखा गया है। इसकी सूचना राजनाथ सिंह और कंपनी के कई वरीय अधिकारियों को दी गई है, लेकिन अबतक इस मसले पर कोई कारवाई नही हुई है। उन्होंने बताया कि सेना के जवान विंग कमांडर रविंद्र अच्युतम सिक्योरिटी एजेंसी के अंडर में काम कर रहे थे। इस मौके पर न्यू सैनिक संघ बक्सर कैप्टन ललन मिश्रा, महासचिव राजबली यादव, मिथिलेश कुमार यादव, कैप्टन धर्मराज सिंह, सूबेदार मेजर जेपी सिंह, कैप्टन हरिराम मिश्रा, उपाध्यक्ष शेषनाथ राय, कामे वर राय, चंद्र प्रकाश पाठक सहित अन्य कई उपस्थित रहें। वही समस्या से अवगत कराते सुबेदार मेजर हरिशंकर सिंह।

युवक की मौत पर शोकाकुल परिजनों से मिले विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

चक्की (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रंगी डेरा गांव में एक युवक की मौत होने से पूरे चक्की प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त मिली जानकारी के मुताबिक चक्की रंगी डेरा गांव के रहने वाले विनोद पासवान की मौत होने से पूरे गांव में दुख की पहाड़ टूट पड़ा। प्राप्त मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने बताया कि अपने मां का इलाज पटना एम्स हॉस्पिटल में करा रहे थे। जिसके बाद उसकी रात में मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही गांव पहुंच शोकाकुल परिजनों से मिल विधायक ने सांत्वना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि युवक बहुत शांत दिमाग के था। जो अपने परिवार के लिए इकलौता पुत्र था। ग्रामीणों ने बताया कि मां को जिस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है उसी अस्पताल में अगर पुत्र का मौत होता है तो इससे बड़ा दुख और क्या होगा लेकिन भगवान के आगे किसी का नहीं चलता।

किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) प्रखंड परिसर स्थित ई- किसान भवन में किसान गोष्ठि का आयोजन हुआ। गोष्ठि को संबोधित करते हुए बीडीओ कुमार अश्विनी ने किसानो को जलवायु अनुकुल खेती करने व अधिक आय प्राप्त करने की जानकारी दिया।जबकि बीपीआरओ काशीनाथ ने कृषि को व्यवसाय की तरह अपना कर किसान अपनी आमदनी बढ़ाते हुए, परिवार का बेहतर तरिके से भरण पोषण कर सकते हैं।बीडीसी राजेश यादव ने कहा कि किसान लगातार खेतों में आधुनिक तरिके से फसल लगाकर कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।कृषि विशेषज्ञ नंदन सिंह ने कृषि,उद्यान,यांत्रिकरण योजनाओं की जानकारी दी।कृषि तकनिकि पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने जलवायु अनुकुल खेती,रवी फसल की बोआई की तकनिकि,जीरो टिलेज,हैपी सीडर,सिधी बुआई डीएसआर,ड्रम सीडर व जलवायु के बदलते रुप में कृषि वैज्ञानिक द्वारा लगभग 19 सौ फसल की प्रजाति तैयार की गयी है। ट्रीप स्प्रींकलर इरिगेशन सिष्टम अपनाने एवं जलवायु अनुकुल खेती करने पर बल दिया।गोष्ठि में कृषि विभाग के कर्मी गोबिंदा कुमार,संदीप कुमार,अरविंद सिंह,जय प्रकाश सिंह, एजाजुल हक, किसान अक्षयलाल चौधरी, निर्मल श्रीवास्तव, राजीव ठाकुर आदि उपस्थित थे।

शराब के नशे में धुत्त दो शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में

प्रात : किरण संवाददाता

कुदरा(कैमूर)- थाना प्रशासन द्वारा शराब के नशे में धुत्त दो शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा बताया गया, की थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों के मद्देनजर नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकताओं के साथ स्थानीय लोगों की सहयोग से सफलता भी प्राप्त हो रहा है, और सहयोग रहा तो हम वचनबद्ध हैं। जिसमें थाना क्षेत्र अंतर्गत चड़ुई ग्राम वासी राजेश पासवान पिता राम सिंहासन पासवान एवं लव कुश पासवान पिता राम अवध राम को नशे में धुत्त हो हंगामा करने के जुर्म में गिरफ्त में लिया गया, स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के उपरांत गिरफ्तार कर लिया गया जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

एजवाहन चेकिंग में पुलिस ने वसूला 10 हजार जुर्माना

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर कछवां पुलिस ने थाना मोड़ के समीप सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना मोड़ के समीप पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में पुलिस पदाधिकारी के द्वारा वाहन चालकों से 10 हजार रुपए जुमार्ना की राशि वसूल की गई। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के क्रम में वाहन चालकों का हेलमेट , गाड़ी का ऑनर बुक , ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य बिंदुओं पर सघन रूप से जांच की गई। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग निरंतर चलते रहेगा। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि अगली बार बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़े गए तो विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

गड़हनी बाजार पर भाकपा-माले ने किया बाढ़ राहत कोष का संग्रह

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी(भोजपुर) ।जिले के नगर पंचायत गड़हनी के गोला बाजार पर तमिलनाडु में भीषण बाढ़ की विभीषिका का दंश झेल रही जनता को राहत पहुंचाने के लिए शनिवार को भाकपा माले प्रखंड कमिटी गड़हनी के द्वारा कोष संग्रह किया गया,जनता से बाढ़ पीड़ितों के लिए सहयोग करने को किया अपील किया गया। गड़हनी अंचल सचिव सुनील कुमार ने कहा कि तमिलनाडु की जनता भीषण बाढ़ की विभीषिका का दंश झेल रही है,ऐसे में देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा फर्ज है कि हम भी राहत कोष भेजें ताकि प्राकृत की मार झेल रही तमिलनाडु की जनता को सहयोग मिल सके।भाकपा माले हमेशा से ऐसी विपदाओं से पीड़ित राज्यों को राहत कोष भेजती आई है । भाकपा माले के संगठन ऐक्टू(ऑल इंडिया सेंट्रल कॉउन्सिल ऑफ ट्रेड यूनियन)बिहार की ओर से तत्काल 25000/- (पच्चीस हजार) रुपये तमिलनाडु को बाढ़ प्रभावितों के सहायतार्थ भेजा गया है। भाकपा माले सभी प्रखंडों से राहत कोष संग्रह कर तमिलनाडु के बाढ़ पीड़ितों को भेजेगी।कोष संग्रह में माले प्रखंड सचिव सुनील कुमार,जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड रामछपित राम,प्रखंड कमेटी सदस्य कामरेड सम्राट जी, मुमताज अली,कादीर अली,नारायण राम, कामरेड श्यामलाल प्रसाद मौजूद रहे।

तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

दुर्गावती । स्थानीय प्रखंड के दी स्टार पब्लिक स्कूल महमूदगंज दुर्गावती कैमूर मे तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता मे कबड्डी, लम्बी कूद, ऊंची कूद,दौड़,फूटवाल, कैरमबोर्ड, जलेबी दौड़ इत्यादि खेल का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। वहीं सभी खेल मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ीयों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बताते चलें कि द स्टार पब्लिक स्कूल में बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर खेल कूद प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसके बाद प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाता है । विद्यालय के डायरेक्टर मनोज कुमार सिंह स्वयं विद्यालय में पढ़ाई का निरीक्षण करते हैं और प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते रहते हैं।

यातायात पुलिस ने थानाध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया सघन जांच अभियान

आरा भोजपुर के पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देश पर भोजपुर यातायात थाना के थाना अध्यक्ष प्रदीप सरकार के नेतृत्व में धोबी घाट मोड पर सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें की दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों की जांच की गई वाहन जांच के दौरान थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में बिना कागजात और बिना हैमलेट बाइक चलाने वाले लोगो को पहले थानाध्यक्ष ने समझाया और उन्हें ट्रैफिक नियमो का पालन करके वाहन चलाने की बात कही वहीं कई वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया साथ ही साथ चार पहिया वाहन चालकों को बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने को लेकर कई चालको को फटकार लगाया और आगे से उन्हें ऐसा नही करने की सलाह दी बताते चले कि कड़कड़ाती ठंड के बावजूद यातायात पुलिस के द्वारा लगाए गए वाहन जांच अभियान से वाहन चालकों में खलबली मच गई और लोग इधर-उधर रास्ता बदलकर भागने लगे इस संदर्भ में यातायात थाना प्रभारी प्रदीप सरकार ने बताया कि नए साल को लेकर भी पुलिस अधीक्षक भोजपुर के निर्देश पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है वही सभी लोगों से यातायात पुलिस अपील भी करता है कि लोग यातायात नियमों का पालन करके वाहन को चलाएं और अपने जीवन को बचाए क्योंकि जीवन अनमोल है क्योंकि लगातार दुर्घटना का लोग शिकार हो रहे हैं इसलिए सड़कों पर खून को बहाने से अच्छा है कि वह सरहद पर बहे तो देश के काम आएगा जांच अभियान में थाना अध्यक्ष प्रदीप सरकार के अलावे बमलेश कुमार बीरेंद्र कुमार कैसर अली निवास कुमार नंदकिशोर पांडे मिथिलेश कुमार शामिल थे।

आरा में पूर्व में हुई हत्या के विवाद को लेकर चाची भतीजी की पिटाई

आरा। भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव में शुक्रवार की शाम पूर्व मे हुए हत्या के विवाद को लेकर चाचा-भतीजी की जमकर पिटाई कर दी गई। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसके बाद पर परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।जानकारी के अनुसार जख्मियों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव निवासी जगदीश यादव की 60 वषीर्या पत्नी तिलेसरी देवी एवं उसी गांव के निवासी सुरेंद्र यादव की 19 वषीर्या पुत्री पूजा कुमारी शामिल है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजी लगते हैं। इधर जख्मी महिला की भतीजी जानकी कुमारी ने बताया की आठ माह पूर्व पश्चिमी गुंडी पंचायत के मुखिया की हत्या हुई थी। जिसमें उसके घर के सभी पुरुषों का हत्या करने के मामले नाम दे दिया गया था। जिसको लेकर सभी लोग जेल में बंद हैं। उसी समय से उन लोगों से विवाद चल रहा है।आज शाम उक्त लोगों द्वारा उसके घर को तोड़फोड़ दिया गया।

आरा में पंखे से लटक कर रिटायर सूबेदार के पुत्र ने की खुदकुशी

इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित आईटीआई इंस्टीट्यूट के समीप पंखे से लटक कर एक रिटायर्ड सूबेदार के पुत्र ने खुदकुशी कर ली। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।जानकारी के अनुसार मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के सिन्हा ओपी अंतर्गत जोकहरी गांव निवासी सह रिटायर्ड सूबेदार विजय ठाकुर का 28 वर्षीय पुत्र अमित कुमार है एवं वह प्रतियोगिता का तैयारी करता था। इधर मृतक के पिता सह रिटायर्ड सूबेदार विजय ठाकुर ने बताया कि शनिवार की सुबह वह अपने कमरे में नाश्ता कर रहे थे और उसकी मां पूजा कर रही थी। इसी बीच वह अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। जब उसकी मां पूजा के दौरान घर में घुमकर आरती दिखा रही थी। तभी खिड़की से उसने देखा कि वह पंखे से लटका हुआ है। जिसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के सभी सदस्य फौरन वहां पहुंचे और दरवाजा तोड़कर उसे पंखे से नीचे उतारा। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन+ा अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस घर ले गए। हालांकि उक्त युवक ने किस कारण पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार पति-पत्नी के बीच हुए मामूली विवाद को लेकर गुस्से में आकर पंखे से लटक कर उसके द्वारा खुदकुशी करने की बात सामने आ रही है। बहरहाल हल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो बहन व एक भाई में छोटा था एवं अपने मां बाप का इकलौता चिराग था। मृत की शादी एक वर्ष पूर्व ही हुई थी। उसके पिता असम राइफल में सूबेदार के पद पर थे और एक वर्ष पूर्व ही रिटायर्ड हुए हैं। उसके परिवार में मां बिंदा देवी, पत्नी व बहन सरोज एवं रिंकू है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां बिंदा देवी,पत्नी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

गड़हनी स्टेडियम पहुंचना दूभर, सड़क कई जगह गड्ढे में तब्दील

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी(भोजपुर) ।जिले के नगर पंचायत गड़हनी में स्टेडियम पहुंचना एक बार फिर दूभर हो गया हैं,इन दिनों सड़क दब कर गड्ढे बनजाने से फिर जलजमाव से लोग परेशान हैं।बतादें की नगर पंचायत गड़हनी जब अस्तित्व में आया था तब चुनाव नही हुआ था,तो स्टेडियम से सटे आदर्श नगर के ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह कर सड़क निर्माण की मांग किया था,तब विधायक के पहल पर कार्यपालक पदाधिकारी गड़हनी द्वारा स्थल निरीक्षण कर विभागीय कार्य कराया गया था।उस समय ठेकेदार द्वारा भी कॉलेज मोड़ से स्टेडियम तक मिट्टी भराई, ईट का रोड़ा व गिट्टी डाल चलने लायक बनाया गया था लेकिन पानी निकासी के लिए एक जगह भी नाला नही डाला गया था।ग्रामीणों द्वारा नाली के पानी निकासी के लिए सड़क पर नाला डाला था।वही नपं चुनाव के बाद स्टेडियम को बुकिंग कर नगर पंचायत द्वारा डिजनीलैंड मेला भी लगया गया।वही मेला के दौरान बड़ी-बड़ी ट्रक समान लेकर स्टेडियम तक आसानी से पहुंच रहे थे।अब यह सड़क में उसी समय से जहाँ-तहाँ गड्ढे में तब्दील हो गया लेकिन नगर प्रशासन का तनिक भी ध्यान नही हैं।वही ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सड़क के किनारे स्थाई नाला का निर्माण नही होगा तो बढ़िया सड़क भी धरासाई हो जाएगा।सड़क में गड्ढे की सूचना पर मुख्यपार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डु ने भी सड़क का विधिवत निरीक्षण भी किया लेकिन अभी तक किसी तरह के कार्य शुरू नही कराया गया।वही स्थानीय खिलाड़ियों को स्टेडियम में पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।खिलाड़ियों का कहना हैं कि अगर तत्काल सड़क का मरम्मत नही कराया जाएगा तो हम सभी आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे।ग्रामीणों ने यह भी बताया नगर पंचायत का सबसे पिछड़े इलाकों में से एक आदर्श नगर इलाके हैं जहाँ विकास की किरण लेट से पहुंचती हैं,किसी भी कार्य मे भेदभाव किया जाता हैं।लाईट भी अन्य जगहों से कम इसी इलाके में लगा हैं।जबकि अन्य वार्ड चकाचक दिखता हैं।

पारामेडिकल कॉलेज में शपथ ग्रहण व विदाई समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पारामेडिकल कॉलेज अनाईट, आरा में 30 दिसम्बर शनिवार के दिन दीप प्रज्जवलन, शपथ ग्रहण समारोह, विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि - सुनील कुमार पांडेय, डायरेक्टर डी. आर. डी. ए., आरा, भोजपुर, श्री विक्रम वीरकर, डी.डी.सी., आरा, भोजपुर, डॉक्टर सुरेश प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन, आरा, भोजपुर, डॉक्टर अरुण कुमार, उपाध्यक्ष सदर अस्पताल, आरा, भोजपुर, श्रीमती ममता भारती, प्रधानाचार्या अठट स्कूल, सदर आरा, भोजपुर, राजीव जी सदर अस्पताल आरा, भोजपुर, मुनमुन जी, कार्यालय सदर अस्पताल, आरा भोजपुर, सुशील जी, कार्यालय सदर अस्पताल आरा भोजपुर, सुरेन्द्र जी,कार्यालय सदर अस्पताल, आरा भोजपुर, अभिषेक, सदर अस्पताल आरा भोजपुर नागेन्द्र जी, डी. एम. ऑफिस कार्यालय, मयंक जी डी. एम. ऑफिस कार्यालय, चेयरमैन डी. के. सिंह, डायरेक्टर स्मिता सिंह, प्रिंसिपल साधना कुमारी एवं सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सम्मिलित हुए। जिसमे सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। और उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। बच्चो के द्वारा शपथ ग्रहण किया गया कि वे नर्सिंग क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देंगे। साथ ही पास आउट छात्र - छात्राओं को उपहार देकर विदाई भी दी गई।

वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पारा मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार एवं बिहार नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल से मान्यता प्राप्त और बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त है। यहां ए. एन. एम., जी. एन. एम., बी. एससी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग, एम.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है। संस्थान का प्रधान कार्यालय अगमकुआं, पटना में है। संस्थान का प्रयास अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षित एवं सफल बनाना है।

आरा में एक दिन पूर्व हुए मामूली विवाद को लेकर प्राइवेट गार्ड को मारी चाकू

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के रमना रोड स्थित अंबेडकर चौक के समीप शनिवार की सुबह अज्ञात यवको द्वारा एक प्राइवेट गार्ड को चाकू मार दी। जख्मी गार्ड को चाकू पेट में मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी गॉर्ड मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पीरौटा गांव निवासी लच्छू राम सिंह का 42 वर्षीय पुत्र शिव कुमार सिंह है वह पेशे से प्राइवेट गार्ड है एवं के.जी.रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में गार्ड का काम करता है। इधर गॉर्ड

शिव कुमार सिंह ने बताया कि के. जी रोड में एक कोचिंग है। जिसके कुछ बच्चे आपस में झगड़ रहे थे। झगड़े के दौरान वे सभी बैंक में भी प्रवेश कर गए। इसके बाद बैंक कर्मी एवं उसके द्वारा उन लोगों को बैंक से बाहर डांट-फटकार लगाकर भगाया गया था। उस दौरान उक्त लड़कों से उसकी कहासुनी भी हुई थी। हालांकि बात खत्म हो गई थी। शनिवार की सुबह वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर के.जी.रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में वह ड्यूटी पर जा रहा था। तभी उक्त लड़कों द्वारा रमना रोड स्थित अंबेडकर चौक के समीप उसे बाइक रोकने को कहा। उसके बाद उक्त लड़कों द्वारा पहले उसकी पिटाई की गई। इसके बाद उक्त लड़कों ने उसके पेट में चाकू मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी और जख्मी गार्ड शिव कुमार सिंह ने एक दिन पूर्व हुए उक्त लड़कों से मामूली विवाद को लेकर बाइक रुकवा कर मारपीट करने एवं चाकू मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर इलाज कर रहा है सर्जन चिकित्सक डॉ. विकाश सिंह ने बताया चाकू से जख्मी गार्ड का ऑपरेशन सदर अस्पताल में किया गया। जख्मी गार्ड को पेट में तीन जगहों पर मारी गई थी। जिसके कारण पूरा उसका आंत क्षतिग्रस्त हो गया था। ऑपरेशन कर उसके क्षतिग्रस्त आंत को रिपेयर कर दिया गया है। अभी मरीज का बीपी व पल्स बिल्कुल स्टेबल है। हालांकि अभी उसे 72 घंटे तक ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

पहले भाग से ज्यादा थ्रिलिंग होगी तापसी की फिर आई हसीन दिलरूबा

शाहरुख खान के साथ डंकी में नजर आई तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर चर्चाओं में हैं। तापसी ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। हाल ही में वह शाहरुख खान के साथ फिल्म डंकी मे नजर आईं जिसे राजकुमार हिरानी ने डायरेक्ट किया। फिल्म को वैसे ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है। डंकी ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर 160 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल, साल 2021 में आई उनकी फिल्म हसीन दिलरुबा का सीक्वल आ रहा है जिसका नाम है फिर आई हसीन दिलरुबा।

फिल्म पर भरोसा

अपने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में तापसी ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग हो चुकी है और इस पहले पार्ट जैसा प्यार मिलेगा। वह बोलीं, फिल्म तैयार है, मतलब शूटिंग होचुकी है। अभी एडिटिंग का काम चल रहा है और 2024 में रिलीज हो जाएगी। मैंने उसके कुछ पोर्शन देखे हैं और उम्मीद है यह फिल्म पहले वाले से एक स्टेप आगे होगी। यह और भी ज्यादा थ्रिलिंग और एक्साइटिंग होगी।

आगे और पार्ट बनने की उम्मीद

हम एक्टर्स मैं और विक्रांत इस दूसरे पार्ट को लेकर ज्यादा कॉन्फिडेंट हैं क्योंकि हमें पता है हमारे किरदारों को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। यही वजह है कि हम अब और अच्छा करके दिखाने वाले हैं और आशा करते हैं कि इसके आगे और पार्ट बनें।

फ्रेंचाइजी की लीड होने पर गर्व

इस फिल्म फ्रेंचाइजी की लीड होने पर भी तापसी ने खुशी जाहिर की और कहा, बहुत ही कम किसी फ्रेंचाइजी में एक्ट्रेस लीड रोल में होती है। कोई दूसरी एक्ट्रेस जो किसी फ्रेंचाइजी में लीड रोल में थीं वो सिर्फ रानी मुखर्जी हैं फिल्म मरदानी में। वह शानदार एक्ट्रेस हैं तो ऐसा बनना कि आप एक फ्रेंचाइजी की लीड रोल में हैं तो मेरे लिए ये बड़ी उपलब्धि है। हसीन दिलरुबा के बारे में बताएं जो 2021 में रिलीज हुई थी तो वह रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी जिसे विनिल मैथ्यू ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में प्यार, धोखा और मिस्ट्री का मिक्शचर था। तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी के अलावा हर्षवर्धन राणे लीड रोल में थे।

ओटीटी ने मुझे करोड़ों लोगों तक पहुंचा दिया

ओटीटी पर द फैमिली मैन, सिर्फ एक बंदा काफी है और गुलमोहर जैसी फिल्मों व वेब शोज की जबर्दस्त कामयाबी के बाद पिछले दिनों मनोज बाजपेयी की जोरम सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हमसे खास बातचीत में मनोज ने किया कि ओटीटी ने उन्हें करोड़ों लोगों , तक पहुंचा दिया है

लोगों की फिल्म सिनेमा से ओटीटी पर जाती हैं, लेकिन आपकी फिल्म ने ओटीटी से सिनेमा पर जाने का अनोखा रेकॉर्ड बनाया है। इस बारे में क्या कहेंगे?

सिर्फ एक बंदा काफी है मेरे करियर में बड़ी ऐतिहासिक फिल्म रही है। एक अच्छी फिल्म, एक अच्छे टॉपिक पर बात करती है। माइनर सुरक्षा की बात करती है। इस तरह की फिल्में अगर सफल होती हैं और इतना बड़ा इतिहास रचती हैं, तो जितनी खुशी मुझे हुई थी, उतनी किसी को नहीं हो सकती। सबसे बड़ी बात यह है कि सिर्फ एक बंदा काफी है, कोई बड़े बजट की फिल्म नहीं थी। वह मीडियम या उससे भी नीचे के बजट की फिल्म थी। यह बहुत बड़ी प्रेरणा है और इससे ऐसी फिल्मों को बनाने का साहस मिलता है।

क्या ओटीटी पर फिल्में आने से आपको घर-घर पहुंचने का मौका मिला है?

जब हम रंगमंच करते थे और 10 साल थियेटर करने के बाद सिनेमा करने गए, तो हमें लगा कि रंगमंच तो ऐक्टर का मीडियम है, लेकिन सिनेमा की एक बहुत बड़ी शक्ति है कि आप शहर-शहर, गांव-गांव तक पहुंच जाते हैं। लेकिन ओटीटी उससे भी आगे बढ़ गया है। ओटीटी पर जब आप फिल्म रिलीज करते हैं तो एक साथ लाखों-करोड़ों घर में पहुंच जाते हैं। आज सिर्फ एक बंदा काफी है या साइलेंस वन फिल्म को जितने लोगों ने पूरी दुनिया में देखा है, उसका पैसे से हिसाब लगाएं तो हजारों करोड़ की कमाई बैठेगी। लेकिन उसकी बात कोई करता नहीं है और ना मैं चाहता हूं कि पैसे से किसी भी फिल्म की सफलता और असफलता को तोला जाए। जरूरी बात ये है कि इन फिल्मों ने इतनी बड़ी यात्रा की, इतने लोगों के घरों में पहुंची, इतने लोगों ने सराहा। यही फिल्म की सफलता और असफलता का मापदंड होना चाहिए कि जब मैं एयरपोर्ट जाऊं, तो वहां उन फिल्म की बातें हो रही हो। हम जब बॉक्स ऑफिस से फिल्म को मापना शुरू करते हैं, तो फिल्म की कमियों को छुपाना भी शुरू करते हैं। इसलिए फिल्म पर बात होनी बहुत जरूरी है।

लंबे समय बाद आपकी फिल्म जोरम बड़े पर्दे पर आई। आप बड़े पर्दे को कितना मिस कर रहे थे?

पिछले 3-4 सालों में मैं बड़े पर्दे पर नजर नहीं आया, क्योंकि कोरोना का दौर था। इस दौरान न सिर्फ मेरी बल्कि तमाम लोगों की फिल्में ओटीटी पर आईं। हालांकि कोरोना के दौरान मेरी फिल्म सूरज पर मंगल भारी करीब 1 साल थियेटर में रही। लॉकडाउन खुलने के बाद ज्यादातर लोग जो घरों से निकलते थे, वे मेरी फिल्म को देखने जाते थे। वे उस मुसीबत के दौर से हटकर कुछ कॉमिडी देखना चाहते थे। थियेटर में तो लोग हाल फिलहाल तक नहीं जा रहे थे। कोई बहुत बड़ी एक्शन फिल्म होती है, तो ही लोग सिनेमा जाते हैं। बीच में एक छोटी फिल्म 12वीं फेल ने भी लोगों को धीरे-धीरे अपनी ओर खींचा है, जो आगे आने वाले समय के लिए एक अच्छा संकेत है।

आपने कहा कि कोविड के बाद कुछ ही फिल्मों को लोग देखने जा रहे हैं, तो इसका आप क्या कारण मानते हैं?

अभी दर्शक सिर्फ एंटरटेनमेंट ढूंढ रहे हैं। वे कुछ बड़ा देखने के लिए तलाश रहे हैं। अगर हम थियेटर में जाएं तो जो बहुत ज्यादा हमें पैसे देने पड़ते हैं, वो पूरा वसूल हो। यह एक ट्रेंड चल रहा है। अच्छी बात ये है कि दर्शक देखने जा रहा है और इंडस्ट्री के पास पैसा आ रहा है। यह इंडस्ट्री के लिए अच्छी बात है। फिर भले ही दर्शक सिर्फ एक्शन फिल्में ही देखने क्यों ना आ रहे हों।

आपकी पिछले दिनों रिलीज हुई फिल्म जोरम को कई इंटरनेशनल फेस्टिवल में दिखाया गया। इसमें आपका किरदार काफी अलग था। आप ऐसे किरदारों को ढूंढते हैं या किरदार आपको खुद ढूंढ लेते हैं?

फिल्म जोरम में मेरे किरदार का नाम दसरू है। वह एक लेबर है। वह एक ऐसा इंसान है, जो अपने जीवन में ज्यादा कुछ बोलने या आगे बढ़कर ज्यादा कुछ करने में विश्वास नहीं करता। लेकिन एक पल भी जीवन से हार ना मानने वाला आदमी है। हर पल किसी भी मुसीबत से निकलने वाला आदमी है। उसका जीवन अपनी पत्नी और बच्चे के इर्द-गिर्द घूमता रहता है। मुझे लगता है कि किरदार, निर्देशक और स्क्रिप्ट ही मुझे खोजते हैं। मेरी कोशिश रहती है कि जितने अच्छे किरदार हों, वे मुझ तक आएं। यही होता है कि घूमते-फिरते किरदार मुझ तक पहुंच जाता है। मैं काफी भाग्यशाली रहा हूं कि इन 30 सालों में अच्छे डायरेक्टर्स और अच्छी स्क्रिप्ट्स के साथ मेरा जुड़ाव रहा है और वह यात्रा अभी भी जारी है।

जोरम की रैप अप पार्टी में पहुंचे मनोज बाजपेयी

क्या आपकी फिल्में आपकी बेटी भी देखती है। उससे आपको क्या फीडबैक मिलता है?

उसने फैमिली मैन देखी थी, गुलमोहर भी देखी है। सिर्फ एक बंदा काफी है मुझे उसे दिखानी है। उस तरह की फिल्में बच्चियों को और बच्चों को दिखाना बहुत जरूरी है। खासकर युवा लड़कियों के लिए, क्योंकि उन्हें पता होना चाहिए कि उनको किस-किस तरह का खतरा है। लड़कों को इसलिए दिखानी चाहिए कि इस तरह के खतरों को दूर रखने के लिए जरूरी है कि आप भी एक अच्छे नागरिक बनें।

स्विट्जरलैंड में वेकेशन एन्जॉय कर रहीं करीना

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपने परिवार और दोस्तों के साथ स्विट्जरलैंड में वेकेशन पर हैं। उन्होंने विंटर हॉलीडे की तस्वीरें भी शेयर की हैं। रिफ्यूजी एक्ट्रेस अपने पति व एक्टर सैफ अली खान, अपने बच्चों तैमूर और जेह के साथ छुट्टियों पर हैं। उनके साथ उनकी करीबी दोस्त नताशा पूनावाला भी हैं। करीना ने इंस्टाग्राम पर स्टोरीज सेक्शन में कई तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में करीना अपने कमरे से बाहर देख रही हैं और आकाश और पहाड़ों के सुंदर नजारे की फोटो अपने फोन से क्लिक कर रही हैं। उन्होंने रेनबो कलर की शर्ट पहनी हुई है और अपने बालों को खुला रखा हैं। फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, चेजिंग द लाइट... 2024 के लिए 4 दिन बाकी। अगली तस्वीर में स्विटजरलैंड की खूबसूरत वादियां है। आखिरी तस्वीर में करीना वाइट जैकेट और ब्लैक पैंट पहने नताशा के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने ओजी सनग्लासेस भी पहना हुआ है। बेस्टीज को आइस स्केटिंग लोकेशन पर खड़े देखा जा सकता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, करीना की अगली फिल्म द क्रू और सिंघम अगेन है।

धूम 4 में काम नहीं करेंगे शाहरुख!

यशराज प्रोडक्शन जल्द ही धूम की 3 कामयाब फ्रैंचाइजी फिल्मों के बाद इसकी चौथी फिल्म धूम फिल्म ला सकता है। खबरें हैं कि इस फिल्म में शाहरुख खान को लीड रोल दिया जाएगा, जो पठान, जवान और डंकी से चर्चा में हैं। हालांकि ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान ने अब तक फिल्म साइन नहीं की है। हाल ही में फिल्म प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में बताया है कि शाहरुख खान को धूम 4 में साइन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा- शाहरुख खान को धूम 4 में कास्ट किए जाने की बात गलत है। फिलहाल कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। खबरें ये भी रहीं है कि शाहरुख खान के साथ फिल्म में साउथ सुपरस्टार रामचरण भी अहम किरदार में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि रामचरण धूम फ्रैंचाइजी से अभिषेक बच्चन को रिप्लेस करेंगे।

कैसे शुरू हुई अफवाहें?

बॉलीवुड एक्टर और प्रोड्यूसर उदय चोपड़ा धूम की पिछली 3 फ्रैंचाइजी फिल्मों नजर आए हैं। हाल ही में उदय ने एक इंटरव्यू में बताया है कि धूम 4 में शाहरुख खान चोर के रोल में सबसे बेहतरीन लगेंगे। लोगों ने उनके बयान को धूम 4 की कास्टिंग की तरफ इशारा समझ लिया और अफवाहें शुरू हो गईं। बताते चलें कि धूम इंडियन सिनेमा की सबसे बेहतरीन फ्रैंचाइजी में से एक है। धूम फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी, जिसमें जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन, उदय चोपड़ा अहम किरदारों में थे। फिल्म धूम 3 साल 2006 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक रोशन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय, उदय चोपड़ा अहम किरदारों में थे, वहीं तीसरी फिल्म धूम 3 2013 में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान ने डबल रोल प्ले किया था।

मुन्ना भाई 3 पर राजकुमार हिरानी ने दिया अपडेट

फिल्ममेकर राजुकमार हिरानी ने साल 2003 में फिल्म 'मुन्ना भाई ...' से मुन्ना भाई और सर्किट जैसे आइकॉनिक कैरेक्टर्स इंट्रोड्यूस किए थे। 3 साल बाद साल 2006 में फिल्म का सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' रिलीज हुआ और यह भी सुपर-डुपर हिट रहा। फिल्म में मुन्ना और सर्किट ने अपनी गांधीगिरी से सबका दिल जीत लिया। तब से लेकर अब तक फिल्म के थर्ड पार्ट को लेकर चर्चा जारी है।

फैंस बीते 17 साल से इस फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। कई बार सुनने में आता है कि यह फिल्म शुरू होने जा रही है पर अब तक इसे लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई।

कुछ कहानियां आउटडेटेड हो जाती हैं

हाल ही में हड्ड को दिए एक इंटरव्यू में हिरानी ने मुन्ना भाई 3 पर बात की। डायरेक्टर ने कहा, 'मुन्ना भाई के साथ हमेशा मेरा स्ट्रगल यही रहा है कि पिछली दो फिल्में इतनी अच्छी बन गई हैं कि मेरे पास 5 आधी लिखी स्क्रिप्ट्स अभी तक पड़ी हुई हैं। मुझे लगता है कि अगर में पिछली दोनों फिल्मों के लेवल तक नहीं पहुंच पाऊंगा तो तीसरी नहीं बना पाऊंगा। मेरे पास एक कहानी है जो बनाई जा सकती है पर कुछ कहानियां आउटडेटेड हो जाती हैं तो अब यह वक्त ही बताएगा कि यह फिल्म कब बनेगी।'

'अब पुरानी कहानियों का पिटारा खोलूंगा'

हिरानी ने आगे कहा, 'इसे लेकर मेरी संजू (संजय दत्त) सेअक्सर बात होती है। वो भी कहता है कि एक और पार्ट बनना चाहिए। अभी ये 'डंकी' खत्म हुई है तो मैं पुरानी कहानियों का पिटारा खोलूंगा। मन तो है कि एक मुन्ना भाई और बने पर कब तक बनेगी वो मुझे अभी नहीं पता।'

बिपाशा बसु को फेवरेट को स्टार मानते हैं डिनो मोरिया

डिनो मोरिया बिपाशा बसु को अपना फेवरेट को-स्टार मानते हैं। एक रिसेंट इंटरव्यू में डिनो ने एक्स गर्लफ्रेंड बिपाशा की बात की। डिनो मोरिया ने कहा कि करियर के शुरुआती दिनों में उनकी अधिकतर फिल्में बिपाशा के साथ ही थीं। उनके साथ केमेस्ट्री भी काफी अच्छी थी।डिनो ने 2002 की फिल्म राज को अपनी फेवरेट मूवी करार दिया है। हालांकि फिल्म राज को लेकर डिनो के अंदर एक कसक भी है। डिनो ने कहा कि राज इतनी बड़ी हिट फिल्म थी, लेकिन फिर भी इसे एक भी अवॉर्ड नहीं मिले थे। यह अपने आप में काफी चौंकाने वाली बात थी। बता दें कि राज एक हॉरर थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसके सारे गाने आज भी काफी पॉपुलर हैं।

5 साल तक चला अफेयर, फिर अलग हुए

डिनो मोरिया और बिपाशा बसु एक वक्त पर रिलेशनशिप में भी थे। इनकी जोड़ी को भी खूब पसंद किया गया था। कहा जाता है कि दोनों की मुलाकात एक मॉडलिंग असाइनमेंट के दौरान हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया था, लेकिन पांच साल तक अफेयर चलने के बाद दोनों अलग हो गए। डिनो ने इंटरव्यू में कहा- बिपाशा मेरी फेवरेट को-स्टार हैं। उन्होंने मेरे साथ काफी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा अगर मेरी पसंदीदा फिल्मों की बात करें तो राज फेवरेट मूवी है। यह 2002 की सबसे बड़ी फिल्म थी। हालांकि एक बात खटकती है कि इस फिल्म को एक भी अवॉर्ड नहीं मिले।

बैंकों-एनबीएफसी के खिलाफ छह माह में 1.44 लाख शिकायतें, सबसे ज्यादा 24 फीसदी मामले कर्ज से संबंधित

नई दिल्ली, एजेंसी। बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और अन्य वित्तीय संस्थानों के खिलाफ चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 1.44 लाख शिकायतें मिली हैं। सबसे ज्यादा 24 फीसदी शिकायतें कर्ज को लेकर हैं। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में सितंबर तक कुल 146 बैंकों पर कार्रवाई कर 57.07 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनमें 9 सरकारी, 6 निजी और अन्य बैंक शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में कुल 69,120 शिकायतें मिली थीं। जुलाई-सितंबर तिमाही में शिकायतों की संख्या 75,280 थी। इसी प्रकार, अप्रैल-जून तिमाही में कर्ज को लेकर उचित व्यवहार संहिता का पालन नहीं करने

की 24 फीसदी यानी 16,607 शिकायतें दर्ज की गई थीं। जुलाई-सितंबर तिमाही में यह संख्या बढ़कर 17,732 पहुंच गई। मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग संबंधी शिकायतों की संख्या अप्रैल-जून में 12,604 थीं। जुलाई-सितंबर में 12,588 शिकायतें मिलीं। अन्य उत्पाद और सेवाओं से संबंधित शिकायतें क्रमशः 10,154 और 13,129 रहीं।

18 करोड़ खाते बंद

रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च, 2023 तक देश में 304.9 करोड़ बैंक खाते थे। सितंबर तक यह संख्या घटकर 287.1 करोड़ रह गई। यानी इस दौरान 17.8 करोड़ खाते बंद हो गए। इस आधार पर 140 करोड़ की आबादी में प्रति व्यक्ति दो खाते हैं। रिपोर्ट में बंद खातों का विवरण तो नहीं है, पर माना जा रहा है कि ज्यादातर बंद खाते जनधन के हैं। कुल 50 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते हैं, जिनमें करीब 20 फीसदी बंद होने का अनुमान है।

बैंकों व एनबीएफसी ने सितंबर, 2021 से सितंबर, 2023 के बीच यानी दो वर्ष में सालाना 25.5 फीसदी की रफ्तार से खुदरा कर्ज बांटे हैं। हालांकि, इस अवधि में कुल कर्ज वृद्धि दर महज 18.6 फीसदी रही। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के मुताबिक, कुल ऋण में खुदरा कर्ज की हिस्सेदारी सितंबर, 2021 में 37.7 फीसदी थी। सितंबर, 2023 में यह 42.4 फीसदी पहुंच गई। असुरक्षित खुदरा कर्ज 27 फीसदी बढ़ा है, जिनकी कुल खुदरा कर्ज में 23.3 फीसदी हिस्सेदारी है। बैंकों की ओर से एनबीएफसी को जून, 2021 से जून, 2023 के दौरान दिए कर्ज में 26.3 फीसदी दर से वृद्धि हुई है। बैंकों की कुल कर्ज वृद्धि दर 14.8 फीसदी रही है। हालांकि, इस तरह के कर्ज ज्यादातर शीर्ष रेटिंग वाली एनबीएफसी को दिए गए हैं। 80 फीसदी कर्ज एए रेटिंग वाली कंपनियों को मिले हैं।

नए साल से पहले निपटा लें काम, नहीं तो बढ़ेगी मुश्किल, आयकर-बैंक समेत कई विभागों में होंगे बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। नए साल की शुरुआत के साथ आयकर, बैंक लॉकर और आधार कार्ड में बदलाव से जुड़े कई नए नियम लागू हो जाएंगे। कारें महंगी हो जाएंगी। नया सिम लेने की प्रक्रिया भी बदल जाएगी। इसका असर सीधा आपकी जेब पर पड़ेगा। इससे बचने के लिए 31 दिसंबर तक इन कार्यों को जरूर निपटा लें। रिवाइज्ड बैंक लॉकर समझौते पर दस्तखत करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है। लॉकरधारक अगर दस्तखत नहीं करते हैं तो लॉकर बंद हो जाएगा। आरबीआई ने 8 अगस्त 202 को इसके लिए नए निर्देश जारी किए थे। वित्त वर्ष 2022-23 का आयकर रिटर्न (आईटीआ) अभी तक नहीं भरा है तो जुर्माने के साथ 31 दिसंबर इसे दाखिल कर सकते हैं। अगर आपकी आय पांच लाख रुपये से अधिक है तो 5,000 रुपये जुर्माने के साथ रिटर्न भर सकते हैं। इससे कम आय पर 1,000 रुपये जुर्माना लगेगा। हालांकि, पहले से दाखिल रिटर्न में बदलाव करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर ही है। 31 दिसंबर तक बिना किसी शुल्क के आधार कार्ड में परिवर्तन कर सकते हैं। एक जनवरी, 2024 से इसके लिए 50 रुपये का भुगतान करना होगा। मारुति सुजुकी, ह्यूंडई, मर्सिडीज और ऑडी समेत कई कंपनियों ने महंगाई का हलावा देकर एक जनवरी से कारों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। दूरसंचार विभाग एक जनवरी से नया सिम कार्ड के लिए पेपर आधारित केवाईसी खत्म करने जा रहा है। इस तिथि के बाद ग्राहकों को नया सिम कार्ड लेने के लिए आधार आधारित डिजिटल केवाईसी करानी होगी। ब्लू डार्ट सहित एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स ब्रांड का संचालन करने वाले डीएचएल ग्रुप ने एक जनवरी से पार्सल भेजने की सामान्य कीमत में सात फीसदी की वृद्धि की घोषणा की है। इससे ग्राहकों के लिए पार्सल भेजना महंगा हो जाएगा। बीमा कंपनियों को एक जनवरी से पॉलिसीधारकों को पॉलिसी की प्रमुख विशेषताएं एक निर्धारित फॉर्मेट और आसान भाषा में मुहैया करानी होगी। बीमा नियामक इरडा ने शर्तों को स्पष्ट करने के लिए मौजूदा सूचनाओं को संशोधित किया है।

स्टीव बाल्मर को बिना किसी काम के सालाना मिलने वाले हैं करोड़ों रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी को एक लाख रुपये कमाने में भी लंबा समय लग जाता है। लेकिन अगर आपको बिना कुछ करे अरबों रुपये मिल जाएं तो आप क्या कहेंगे। आपको जानकर यकीन नहीं होगा दुनिया में एक शख्स को बिना किसी काम के एक बिलियन डॉलर यानी करीब 8300 करोड़ रुपये मिलने वाले हैं। इस शख्स का नाम स्टीव बाल्मर है। स्वीट बाल्मर दुनिया के छठे सबसे अमीर शख्स हैं। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर 2024 में दुनिया की दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट से एक बिलियन डॉलर के करीब डिविडेंड हासिल करने वाले हैं। आज की तारीख में माइक्रोसॉफ्ट में बाल्मर का कोई योगदान नहीं है, उनका केवल इतना योगदान है कि माइक्रोसॉफ्ट के उसके पास करोड़ों शेयर्स हैं। माइक्रोसॉफ्ट के वित्तीय प्रदर्शन में सुधार देखने को मिला है, जिसके बाद कंपनी एक तिमाही के लिए 75 सेंट्स प्रति शेयर डिविडेंड का भुगतान करने जा रही है जो कि सालाना 3 डॉलर प्रति शेयर बनता है। आज की तारीख में माइक्रोसॉफ्ट में बाल्मर का कोई योगदान नहीं है, लेकिन उनके पास करोड़ों शेयर्स हैं। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर के पास माइक्रोसॉफ्ट के 333.2 बिलियन डॉलर को एक बिलियन डॉलर माइक्रॉसॉफ्ट के शेयर्स है जो कि कंपनी में 4 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। साल 2014 में पिछली बार स्टीव बाल्मर ने कंपनी में अपने शेयर्स का खुलासा किया था। स्टीव बाल्मर के माइक्रोसॉफ्ट में 4 फीसदी हिस्सेदारी के आधार पर 2024 वित्त वर्ष में उन्हें एक बिलियन डॉलर डिविडेंड मिलने वाला है।

साल 1980 में किया ज्वाइन की थी कंपनी

साल 1980 में स्टीव बाल्मर ने 30वें कर्मचारी के तौर पर माइक्रोसॉफ्ट को ज्वाइन किया था और साल 2014 में सीईओ से रिटायर हुए। उनके पास कंपनी के करीब 4 फीसदी शेयर हैं। उनके शेयर की कीमत पिछले साल तक 86 बिलियन डॉलर थी। मगर पिछले साल माइक्रोसॉफ्ट के शेयर में 56 फीसदी का उछाल आया और अब उनकी संपत्ति 130 बिलियन डॉलर हो चुकी है।

माइक्रोसॉफ्ट के डिविडेंड में हुआ इजाफा

साल 2003 के बाद से लगातार माइक्रोसॉफ्ट के डिविडेंड भुगतान में इजाफा ही देखा गया है। हालांकि एक बिलियन डॉलर डिविडेंड पाने के बाद उन्हें 20 फीसदी के दर से 200 मिलियन डॉलर टैक्स का भुगतान करना होगा। स्टीव बाल्मर फिलहाल वे बाल्मर ग्रुप के को-फाउंडर हैं जो दान देने से जुड़ी इंवेस्टमेंट कंपनी है।

वित्त वर्ष 2024 में 6.5 फीसदी से ज्यादा बढ़ेगी जीडीपी, वित्त मंत्रालय ने कहा- मजबूत आंकड़ों का दिखेगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि जुलाई-सितंबर के मजबूत आंकड़ों के बाद 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 फीसदी को पार कर जाएगी। अक्तूबर-नवंबर में वाहन बिक्री, बिजली की खपत, पीएमआई विनिर्माण और सेवाओं सहित अन्य मोर्चों पर तेजी के संकेत दिखे हैं। ये संकेत तीसरी तिमाही में मजबूत आर्थिक गतिविधि को दर्शाते हैं, जो चौथी तिमाही में भी जारी रह सकता है। वित्त मंत्रालय ने पहले अनुमान लगाया था कि अगले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 6.5 फीसदी रहेगी। अब उसने कहा है कि यह अनुमान आराम से पूरा हो जाएगा। औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक अक्तूबर में काफी बेहतर रहे हैं। इससे विनिर्माण गतिविधि में निरंतर वृद्धि का संकेत है। वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट में कहा कि उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में वास्तविक जीडीपी 7.7 फीसदी की दर से बढ़ी है। दूसरी तिमाही में यह 7.6 फीसदी रही थी। दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन के आधार पर आरबीआई ने पूरे वर्ष के लिए अपने विकास अनुमान को बढ़ाकर सात फीसदी कर दिया है। कहा है कि लचीली खपत और निवेश ने पहली छमाही में विकास दर को बढ़ा दिया है।

डीए के साथ मिलेगा एक और तोहफा, नए साल में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी

नई दिल्ली, एजेंसी। साल 2024 के आगाज में अब चंद दिन बचे हैं। यह नया साल केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बेहद खास होने वाला है। इस साल ना सिर्फ कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ेगा बल्कि हाउस रेंट अलाउंस यानी एचआरए में भी इजाफा होगा। कहने का मतलब है कि नए साल में दोहरी खुशखबरी मिलेगी।

कितना बढ़ेगा डीए

अगर मीडिया रिपोर्ट की मानें तो जनवरी से जून छमाही तक के लिए महंगाई भत्ते में 4 से 5 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। अगर 4 फीसदी भी भत्ता बढ़ता है तो केंद्रीय कर्मचारियों का डीए बढ़कर 50 फीसदी हो जाएगा। बता दें कि वर्तमान में भत्ता 46 फीसदी है। साल 2023 की दूसरी छमाही के लिए सरकार ने भत्ते में 4 फीसदी का इजाफा किया था। इस वजह से जुलाई से दिसंबर छमाही के लिए भत्ता 46 फीसदी हो गया है। भत्ते में 5 फीसदी का इजाफा होता है तो यह 50 के पार यानी 51 फीसदी हो जाएगा।

भत्ता बढ़ते ही एचआरए में इजाफा

जैसे ही केंद्रीय कर्मचारियों का भत्ता 50 फीसदी या उससे ज्यादा होगा तो एचआरए रिवाइज हो जाएगा। सातवें वेतन आयोग की सिफारिश के मुताबिक जब भत्ता 50 फीसदी या इससे ज्यादा हो तब एचआरए को रिवाइज किया जाएगा। एचआरए में बढ़ोतरी के लिए तीन कैटेगरी के तहत शहर- एक्स, वाय एंड जेडको बांटा गया है।

कितना बढ़ेगा एचआरए

वर्तमान में एक्स, वाय एंड जेड के शहरों/कस्बों में रहने वाले कर्मचारियों को क्रमशः 27, 18 और 9 फीसदी एचआरए मिल रहा है। लेकिन बढ़ोतरी के बाद अगर केंद्रीय कर्मचारी ङ्क कैटेगरी के शहरों/कस्बों में रहता है तो उसका एचआरए बढ़कर 30 फीसदी हो जाएगा। इसी तरह, ङ्घ कैटेगरी के लिए 20 फीसदी और ङ्घ कैटेगरी के लिए एचआरए की दर 10 फीसदी की होगी। कहने का मतलब है कि नए साल में डीए के साथ एचआरए की बढ़ोतरी से केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में जबरदस्त इजाफा होगा।

कब होगा ऐलान

अब तक के पैटर्न के मुताबिक मार्च महीने में सरकार महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान करती है। यह जनवरी से जून तक के लिए प्रभावी होता है। वहीं, जुलाई से दिसंबर तक के लिए भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान अक्टूबर महीने में होता है। इस तरह केंद्रीय कर्मचारियों को छमाही आधार पर साल में 2 बार भत्ते बढ़कर मिलते हैं।

सैम बैंकमैन फ्राइड पर अब अलग से दूसरा मुकदमा नहीं चलाया जाएगा, अभियोजकों ने लिया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी अभियोजकों ने शुक्रवार को कहा कि वे सैम बैंकमैन-फ्राइड के खिलाफ एक अन्य मुकदमे के साथ आगे बढ़ने की योजना नहीं बना रहे हैं। उन्हें पिछले महीने अब दिवालिया हो चुके एफटीएक्स क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज के ग्राहकों से चोरी करने का दोषी ठहराया गया था। मैनहट्टन में संघीय अदालत में दायर एक पत्र में, अभियोजकों ने कहा कि मामले के शीघ्र निपटान में मजबूत सार्वजनिक रुचि दूसरे मुकदमे के लाभों से अधिक है। उन्होंने कहा कि बैंकमैन-फ्राइड की निर्धारित मार्च 2024 में सुनाए जाने वाले सजा में उसके अपराधों के पीड़ितों के लिए जब्ती और बहाली के आदेश शामिल होंगे। अदालत ने यह भी कहा कि दूसरे मुकदमे में पेश किए जाने वाले ज्यादातर सबूत पहले ही पहले मुकदमे में पेश किए जा चुके हैं। बैंकमैन-फ्राइड के वकीलों ने इस मामले में टिप्पणी के अनुरोधों का तुरंत जवाब नहीं दिया। 2 नवंबर को ज्यूरी ने बैंकमैन-फ्राइड को उन सभी सात आरोपों में दोषी ठहराया, जिनका उन्होंने सामना किया था, क्योंकि अभियोजकों ने उन पर लालच में एफटीएक्स ग्राहकों से 8 बिलियन डॉलर लूटने का आरोप लगाया था।

यह फैसला एफटीएक्स की ओर से दिवालियापन के लिए दायर याचिका दायर करने के लगभग एक साल बाद आया है, जिसने बाजार को हिला दिया और बैंकमैन-फ्राइड की 26 अरब डॉलर की व्यक्तिगत संपत्ति नष्ट हो गई।

स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रीय नेताओं और वैज्ञानिकों को जन्म देने वाले कटनी स्कूल ने पूरा किया शताब्दी वर्ष

कटनी एजेंसी। मध्य प्रदेश के किमोर में स्थित एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल ने अपनी 100वीं वर्षगांठ मनाई। यह कार्यक्रम स्कूल द्वारा एक सदी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और 17,000 से अधिक छात्रों के जीवन को नया आकार देने का प्रतीक साबित हुआ। किमोर गांव में 1923 में सी.पी. पोर्टलैंड सीमेंट लिमिटेड द्वारा स्थापित यह स्कूल कई वर्षों की कड़ी मेहनत से विकसित हुआ है, जिसने मध्य प्रदेश के शैक्षिक परिदृश्य पर एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है। एसीसी जिमखाना क्रिकेट मैदान में आयोजित शताब्दी समारोह में अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति अदाणी भी उपस्थित रहीं। दिनभर चले कार्यक्रम में स्कूल की अब तक की यात्रा को प्रदर्शित करने वाली एक डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग भी की गई, जिसके बाद स्मृति चिन्ह का विमोचन और पूर्व छात्रों द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। डॉ. प्रीति अदाणी ने इस ऐतिहासिक अवसर पर स्कूल के कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों को बधाई देते हुए कहा, शिक्षा सामाजिक प्रगति की नींव है और एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल की सदियों पुरानी विरासत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। मैं समर्पित शिक्षकों और पूर्व छात्रों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। अदाणी फाउंडेशन इस अवसर का साक्षी बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

मीशो ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तीमाही में पहली बार दर्ज किया मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। सॉफ्टबैंक समर्थित मीशो ने कहा कि वह चालू वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज करने वाली पहली ई-वाणिज्य यूनिकॉर्न बन गई है। कंपनी ने हालांकि जुलाई-सितंबर तिमाही में कितना मुनाफा हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी। कंपनी का घाटा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कम होकर 141 करोड़ रुपए रह गया। राजस्व सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 3,521 करोड़ रुपए रहा। मीशो के एक प्रवक्ता ने कहा, ''मीशो ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में पहली बार मुनाफा कमाया। दूसरी तिमाही के अंत और त्योहारी सीजन में सकारात्मक गति से मीशो भारत में लाभप्रद बनने वाली पहली ई-वाणिज्य कंपनी बन गई है। कंपनी ने कहा कि उसने जुलाई तिमाही में पहली बार मुनाफा दर्ज किया। मीशो की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ''चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 3,521 करोड़ रुपए रही। इस अवधि में घाटा 141 करोड़ रुपए था। डाटाडॉटएआई के अनुसार, मीशो ऐप को भारत में 2023 में 14.5 करोड़ बार डाउनलोड किया गया।

तीन गुना बढ़ गया कर संग्रह

नई दिल्ली एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में पर्सनल इनकम और कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। इससे लोगों के लिए अनुकूल कर उपाय करने के अधिक अवसर मिलेंगे। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2013-14 में 6.38 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 16.61 लाख करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष करों (व्यक्तिगत आयकर तथा कॉर्पोरेट कर) से संग्रह अभी तक 20त्न बढ़ा है। इसी गति से बढ़ने पर 31 मार्च 2024 को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में संग्रह करीब 19 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है। यह वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में अनुमानित राशि 18.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

सरकार कई वर्षों से कम दरों और कम छूट के साथ कर व्यवस्था को सरल बनाने की कोशिश कर रही है। साल 2019 में सरकार ने छूट छोड़ने वाले कॉरपोरेट घरानों के लिए कर की कम दर की पेशकश की। अप्रैल 2020 में लोगों के लिए इसी तरह की योजना शुरू की गई। सरकार एक फरवरी 2024 को वोट ऑन अकाउंट पेश करेगी क्योंकि अप्रैल-मई में आम चुनाव होने हैं। चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार के जुलाई 2024 में पूर्ण बजट पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली बीजेपी सरकार साल 2014 में सत्ता में आई थी। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी पार्टनर (प्रत्यक्ष कर) गौरी पुरी ने कहा कि कर लेनदेन के डिजिटलीकरण और अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने पर निरंतर ध्यान देने से कर भुगतान की प्रवृत्ति बढ़ी है। पुरी ने कहा, 'इससे सरकार को कर दरों को तर्कसंगत बनाने के कुछ अवसर मिलने की उम्मीद है। भारत में व्यापार सुगमता सुनिश्चित करने के लिए कर संधि आवेदन के बारे में निश्चितता महत्वपूर्ण होगी। साल 2024 में सरकार से उम्मीद रहेगी कि वह कर निश्चितता बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष कर प्रावधानों को सुव्यवस्थित करना जारी रखेगी।' डेलॉयट इंडिया पार्टनर (प्रत्यक्ष कर) रोहिंटन सिधवा ने कहा कि पूर्ण बजट में निवेश तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 'चीन+1' रणनीति का लाभ उठाने की पहल और विश्व बैंक 'बी-रेडी रैंकिंग' की तैयारी के लिए जारी पहल पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना है।

राजकोषीय घाटा नौ लाख करोड़ रुपये के पार, नवंबर तक बजट अनुमान के 50.7 फीसदी पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर अंत तक पूरे साल के बजट अनुमान का 50.7 फीसदी हो गया है। रुपये में यह 9.06 लाख करोड़ है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 2022-23 की समान अवधि में यह 58.9 फीसदी था। सरकार ने 2023-24 के लिए 17.86 लाख करोड़ के राजकोषीय घाटे का अनुमान लगाया है। यह जीडीपी के अनुपात में 5.9 फीसदी होगा। सरकार का लक्ष्य 2025-26 तक इसे घटाकर 4.5 फीसदी पर लाना है।

17.4 लाख करोड़ रुपये का मिला राजस्व

सरकार को नवंबर तक कुल 17.4 लाख करोड़ का राजस्व मिला है, जो बजट अनुमान का 64.3 फीसदी है। इसमें 14.35 लाख करोड़ रुपये शुद्ध रूप से कर राजस्व है। 2.84 लाख करोड़ रुपये गैर-कर राजस्व है और 25,463 करोड़ रुपये अन्य मदों से है।

58.9त्नके स्तर पर पहुंचा खर्च

आंकड़ों के मुताबिक, सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर के बीच कुल 26.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किया है। यह 2023-24 के बजट अनुमान का 58.9 फीसदी है। कुल खर्च में से 20.66 लाख करोड़ रुपये राजस्व खातों पर और 5.85 लाख करोड़ रुपये पूंजी खातों पर खर्च हुए?हैं।

वारी एनर्जीज लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया अपना डीआरएचपी

मुंबई, एजेंसी। भारत में 12 गीगावॉट की सबसे बड़ी कुल स्थापित क्षमता के साथ सौर पीवी मॉड्यूल की सबसे बड़ी निर्माता (30 जून, 2023 तक) कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है।

कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 30,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू और 10 प्रत्येक के अंकित मूल्य वाले 3,200,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी के ऑफर फॉर सेल में वारी सस्टेनेबल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले महावीर थर्माइक्विप प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक) द्वारा 2,700,000 इक्विटी शेयर तक, चंदुरकर इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 450,000 इक्विटी शेयर और समीर सुरेंद्र शाह द्वारा 50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। (अन्य विक्रय शेयरधारक) कंपनी इस फंड का उपयोग भारत के ओडिशा में 6 गीगावॉट इनगॉट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा की स्थापना करने के साथ-साथ सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के वित्तीय इंतजाम के लिए करेगी। वारी एनर्जीज़ लिमिटेड ने 2007 में सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कामकाज शुरू किया था। कंपनी का उद्देश्य बाजारों में गुणवत्ता वाले और लागत प्रभावी टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करना और टिकाऊ ऊर्जा के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले कार्बन फुट-प्रिंट को कम करने में सहायता करना है जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो। 30 जून, 2023 की स्थिति के अनुसार आज कंपनी 12 गीगावॉट की सबसे बड़ी कुल स्थापित क्षमता के साथ भारत में सौर पीवी मॉड्यूल की सबसे बड़ी निर्माता है। वित्त वर्ष 23 के लिए, कंपनी की भारत में सभी घरेलू सौर पीवी मॉड्यूल निर्माताओं के बीच दूसरी सबसे अच्छी परिचालन आय थी। कंपनी के सौर ऊर्जा उत्पादों के पोर्टफोलियो में निम्नलिखित पीवी मॉड्यूल शामिल हैं- मल्टीक्रिस्टलाइन मॉड्यूल; मोनोक्रिस्टलाइन मॉड्यूल; टॉपकॉन मॉड्यूल, जिसमें लचीले मॉड्यूल शामिल हैं जिनमें बाइफेशियल मॉड्यूल (मोनो पीईआरसी) (फ्रेमयुक्त और अनफ्रेमयुक्त), और इंटीग्रेटेड फोटो वोल्टाइक (बीआईपीवी) मॉड्यूल का निर्माण शामिल है।

कंपनी की नेतृत्व स्थिति उसे प्रॉडक्ट के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की पेशकश करने में सक्षम बनाती है। बदले में कंपनी को बड़े और विविध ग्राहक आधार तक पहुंचने और ग्राहकों से राजस्व सृजन की सुविधा मिलती है। भारत में अपनी बड़ी यूटिलिटी और एंटरप्राइज कस्टमर बेस के अलावा, कंपनी ने विश्व स्तर पर एक बड़ा ग्राहक आधार सफलतापूर्वक विकसित किया है। उत्पाद विश्व स्तर पर बेचे जाते हैं, जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, इटली, हांगकांग, तुर्की और वियतनाम के ग्राहक भी शामिल हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका कंपनी के लिए सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। कंपनी रूफटॉप और एमएसएमई बिजनेस वर्टिकल पर केंद्रित देशव्यापी फ्रेंचाइजी नेटवर्क के साथ भारत में सबसे बड़ी खुदरा कंपनियों में से एक है। 31 मार्च, 2021, 2022 और 2023 और 30 जून, 2023 तक, खुदरा नेटवर्क में पूरे भारत में क्रमशः 290, 373, 253 और 284 फ्रेंचाइजी शामिल थीं। 30 जून, 2023 की स्थिति के अनुसार कंपनी भारत में 136.30 एकड़ क्षेत्र में फैली चार विनिर्माण सुविधाएं संचालित करती है, जो भारत के गुजरात में सूरत, तुम्ब, नंदीग्राम और चिखली में स्थित हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान का भारत पर तंज

अफ्रीका से हार के बाद माइकल वॉन बोले-टैलेंट बहुत है लेकिन टीम कोई भी ट्रॉफी नहीं जीतती

सेंचुरियन (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका दौरे पर सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट में भारत को एक पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टीम इंडिया का साउथ

अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने का सपना चकनाचूर हो गया।

भारतीय टीम के साउथ अफ्रीका से पहले टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम अपनी प्रतिभा और मौजूद संसाधनों के मुताबिक परिणाम हासिल नहीं कर पाई है। वॉन ने कहा कि भारत पिछले दशक में कोई आईसीसी ट्रॉफी हासिल नहीं कर सका जिससे उसका प्रदर्शन खास नहीं रहा।

वॉन ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट के दौरान एक स्पोर्ट्स चैनल पर चर्चा के दौरान पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्क वॉ के एक सवाल क्या आपको लगता है कि भारत क्रिकेट के मामले में दुनिया की सबसे कम उपलब्धि हासिल करने वाली टीम में से एक है? इस पर जवाब देते हुए वॉन ने कहा, हाल के समय में भारतीय टीम ने ज्यादा कुछ नहीं जीता है। मुझे लगता है कि उनकी टीम कम उपलब्धि हासिल करने वाली टीम है। वे कुछ भी नहीं जीतते हैं। उन्होंने आखिरी बार कब कोई टूर्नामेंट जीता था? उनके पास जो प्रतिभा मौजूद है, उसके हिसाब से उन्हें और अधिक हासिल करना चाहिए था।

वॉन ने माना किया भारत के ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने के प्रयास शानदार थे, लेकिन वर्ल्ड कप में फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करने में वह विफल रही। उन्होंने कहा, 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत हासिल की जो शानदार है। लेकिन पिछले कुछ वर्ल्ड कप में वे कहीं भी नहीं हैं, पिछले कुछ टी-20 वर्ल्ड कप में वे कहीं नहीं है।

जिम्बाब्वे सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित, कुसल-हसरंगा बने कप्तान

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका ने शनिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए प्रारंभिक टीमों की घोषणा की, जिसमें बल्लेबाज कुसल मेंडिस एकदिवसीय टीम का नेतृत्व करेंगे और ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा टी20ई टीम का नेतृत्व करेंगे। बल्लेबाज चैरिथ असलांका को दोनों प्रारूपों में उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। एसएलसी ने ट्वीट किया- श्रीलंका क्रिकेट ने श्रीलंका के जिम्बाब्वे दौरे 2024 के लिए प्रारंभिक टीमों की घोषणा की।

वनडे कप्तान-कुसल मेंडिस
उप कप्तान- चैरिथ असलांका
टी20ई कप्तान- वानिंदु हसरंगा
उप कप्तान- चैरिथ असलांका होंगे।

अंतिम टीम श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के एक बयान में कहा गया कि टी20आई टीमों का चयन नीचे दी गई प्रारंभिक टीमों में से किया जाएगा। तीन मैचों की वनडे सीरीज 6-11 जनवरी तक होगी, जबकि तीन मैचों की टी20 सीरीज 14-18 जनवरी तक होनी है।

वनडे टीम- कुसल मेंडिस (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समाराविक्रमा, सहान अराचिगे, नुवानिदु फर्नांडो, दासुन शनाका, कामिंदु मेंडिस, चमिका करुणारत्ने, जेनिथ लियानगे, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दिलशान मदुशंका, दुशमंथा चमीरा, डुनिथ वेलालेज, प्रमोद मदुशन, मथीशा पथिराना।

ऐसे होंगे वनडे और टी20 मुकाबले

पहला वनडे- 6 जनवरी, 2024, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
दूसरा वनडे- 8 जनवरी, 2024, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
तीसरा वनडे- 11 जनवरी, 2024, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
पहला टी20- 14 जनवरी, 2024, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
दूसरा टी20 -16 जनवरी, 2024, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो
तीसरा टी20 - 18 जनवरी, 2024, आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो।

मदुशन, असिथा फर्नांडो, अकिला धनंजय, जेफरी वेंडरसे, चमिका गुणसेकेरा।

टी20 टीम – वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चैरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसानाका, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, दासुन शनाका, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा, महीश थीक्षाना, कुसल जेनिथ परेरा, भानुका राजपक्षे, कामिंदु मेंडिस, डुनिथ वेललागे, अकिला धनंजय, जेफरी वांडरसे, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, प्रमोद मदुशन, मथीशा पथिराना।

पाकिस्तान की तारिफ करते दिखे धोनी...फैन को दी सलाह-कहा

आपको खाने के लिए एक बार वहां जरूर जाए

चेन्नई (एजेंसी)। भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को लोकप्रिय पाकिस्तानी स्पोर्ट्स एंकर फख-ए-आलम से पाकिस्तान आने का हार्दिक निमंत्रण मिला है। दरअसल, हाल ही में पूर्व भारतीय कप्तान धोनी का पाकिस्तानी भोजन को याद करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इंटरनेट पर वायरल हो रहे एक वीडियो में धोनी को एक फैंस को खाना खाने के लिए एक बार पाकिस्तान जाने का सुझाव देते है। अपने करियर के शुरुआती वर्षों में टीम इंडिया का हिस्सा बनकर पाकिस्तान का दौरा करने वाले धोनी को देश के क्रिकेट फैस से बहुत प्यार मिला। हाल ही में पाकिस्तान के लाजवाब खाने को याद करते हुए धोनी को फैन से कहते है, आपको खाने के लिए एक बार पाकिस्तान जरूर जाना चाहिए। हालांकि, धोनी का फैन उनकी इस सलाह को मानने के लिए तैयार नहीं था। उसने जवाब दिया मैं वहां नहीं जाऊंगा, भले ही आप वहां का खाना खाने की सलाह दें।

केप टाउन में एक भी टेस्ट नहीं जीत सका भारत

साउथ अफ्रीका ने 41.7प्रतिशत मुकाबले जीते, यहीं सीरीज का दूसरा मैच 3 जनवरी से

केपटाउन (एजेंसी)। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी 2024 से केप टाउन में खेला जाएगा। केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर भारत ने 6 टेस्ट खेले और एक में भी टीम को जीत नहीं मिली। जबकि साउथ अफ्रीका ने इस ग्राउंड पर 24 मैच खेले और उन्हें 45.8त्न यानी 10 मुकाबलों में जीत मिली। न्यूलैंड्स स्टेडियम में सबसे सफल विदेशी टीम ऑस्ट्रेलिया है, टीम ने यहां 71 प्रतिशत टेस्ट जीते। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को भी इस मैदान पर सफलता मिल चुकी है लेकिन एशिया की कोई भी टीम यहां एक भी मैच नहीं जीत सकी। अब एशिया की टॉप टीम भारत केप टाउन में ही 3 जनवरी से टेस्ट सीरीज बचाने के लिए साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। टीम 2 टेस्ट की सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही है।

59 में से 11 ही टेस्ट ड्रॉ हुए – केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर अब तक 59 टेस्ट मैच खेले गए। 23 बार पहले बैटिंग और 25 बार पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को जीत मिली। इस मैदान पर महज 11 ही टेस्ट ड्रॉ रहे। केप टाउन में बहुत कम टेस्ट ड्रॉ रहते हैं। साल 2000 के बाद से यहां 28 टेस्ट खेले गए और 23 में नतीजे आए।

महज 5 टेस्ट ड्रॉ रहे।

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया ने केप टाउन में 10-10 टेस्ट जीते – विदेशी टीमों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ही केप टाउन में अच्छा प्रदर्शन कर सकी हैं। ऑस्ट्रेलिया ने यहां 14 टेस्ट खेले, उन्हें 71.4 प्रतिशत मुकाबले यानी 10 में जीत मिली। ऑस्ट्रेलिया केप टाउन में सबसे सफल टीम है, उन्होंने यहां होम टीम साउथ अफ्रीका से भी ज्यादा प्रतिशत मुकाबले जीते हैं। केप टाउन में इंग्लैंड ने 21 में से 10 टेस्ट जीते, वहीं न्यूजीलैंड को यहां 5 टेस्ट में एक बार जीत मिली।

साउथ अफ्रीका यहां किसी एशियन टीम से नहीं हारा – साउथ अफ्रीका ने केप टाउन में 59 मुकाबले खेले, 27 में टीम को जीत और 21 में हार भी मिली। टीम ने 11 मुकाबले ड्रॉ खेले लेकिन कभी किसी एशियन टीम को जीतने नहीं दिया। टीम यहां वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से भी नहीं हारी।

वेस्टइंडीज, जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, श्रीलंका और भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका ने केप टाउन में 19 टेस्ट खेले। टीम को 16 में जीत मिली और 3 ही टेस्ट ड्रॉ रहे। साल 2000 के बाद से साउथ अफ्रीका ने यहां 28 टेस्ट खेले, उन्हें 19 में जीत मिली और महज 4 में हार मिली। बाकी मुकाबले ड्रॉ रहे। यानी साउथ अफ्रीका इस मैदान पर शानदार फॉर्म में रहती है और एशियन टीमों के खिलाफ तो कुछ ज्यादा ही बेहतर हो जाती है।

भारत को न्यूलैंड्स में पहली जीत की तलाश – टीम इंडिया को केप टाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में पहली जीत की तलाश है। टीम ने यहां 6 टेस्ट खेले, उन्हें 4 में हार मिली और महज 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ने 2 टेस्ट महेंद्र सिंह धोनी और मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में ड्रॉ कराए।टीम को विराट कोहली की कप्तानी में 2 बार हार मिली, जबकि एक-एक बार राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदलुकर की कप्तानी में भी टीम को हार मिली।

रबाडा केप टाउन में 42 विकेट ले चुके – साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज केप टाउन में कहर बरपाते हैं। टीम के 4 पूर्व पेसर्स यहां 50 से ज्यादा टेस्ट विकेट ले चुके हैं। भारत के खिलाफ मौजूदा स्क्वॉड में शामिल कगिसो रबाडा के नाम भी इस मैदान पर 42 विकेट हैं। वह हर 21वीं गेंद पर यहां विकेट निकालते हैं। रबाडा ने मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट में भी 7 विकेट लिए थे।

एल्गर के नाम न्यूलैंड्स में 2 सेंचुरी, वह अपना आखिरी टेस्ट खेलेंगे – न्यूलैंड्स में साउथ अफ्रीका के 4 पूर्व बैटर्स ने एक हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। मौजूदा स्क्वॉड में टीम के स्टैंड-इन कप्तान डीन एल्गर यहां 2 सेंचुरी लगाकर 741 रन बना चुके हैं। वह केप टाउन में अपने करियर का आखिरी टेस्ट भी खेलेंगे, इस टेस्ट के बाद वह रिटायरमेंट ले लेंगे। एल्गर ने ही मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट में 185 रन की पारी खेलकर भारत को टेस्ट मैच हराने में अहम भूमिका निभाई थी।

पेले को पहली बरसी पर ब्राजील ने दी श्रृद्धांजलि, क्राइस्ट द रीडीमर ने पहनी उनकी जर्सी

रियो दि जिनेरियो (एजेंसी)। ब्राजील के फुटबालप्रेमियों ने पेले को उनकी पहली पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि दी और इस मौके पर दक्षिण अमेरिका के इस देश की सबसे प्रसिद्ध प्रतिमा 'क्राइस्ट द रीडीमर' ने पेले की जर्सी नंबर 10 पहनी। फुटबॉल के जादूगर कहे जाने वाले पेले ने पिछले साल कोलोन कैंसर के कारण 82 वर्ष की उम्र में दम तोड़ दिया था।

पोप फ्रांसिस ने उनकी पुण्यतिथि पर एक पत्र में कहा कि पेले उर्फ एडसन अरांतेस दो नासिमेंतो ने पूरी जिंदगी एक खिलाड़ी के सकारात्मक गुणों के जरिये दुनिया भर में शोहरत पाई। फुटबॉल के इस बादशाह की स्मृति हमेशा हमारे जेहन में रहेगी और आने वाली पीढी इसके जरिये खेल को हमारे बीच एकता मजबूत करने का माध्यम बनाएगी।

पेले के क्लब सांतोस एफसी के शहर सांतोस और उनके जन्म स्थान ट्रेस कोराकोस में भी समारोह आयोजित किए गए। फीफा ने भी पेले के कैरियर की झलकियों वाले वीडियो के साथ संदेश दिया- पेले की विरासत हमेशा बनी रहेगी।

शमी वर्ल्ड कप में इंजेक्शन लगाकर खेलते थे

बाईं एड़ी की पुरानी चोट के कारण सभी मैच दर्द में खेले, टूर्नामेंट के टॉप विकेटटेकर

नईदिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार इंजेक्शन लगा कर खेलते थे। शमी के साथ बंगाल के लिए खेलने वाले एक क्रिकेटर ने मीडिया को

बताया, इस तेज गेंदबाज के लिए बाईं एड़ी की परेशानी पुरानी है। इस बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

उन्होंने कहा, वर्ल्ड कप मैचों के दौरान शमी दर्द से जूझ रहे थे, लगातार इंजेक्शन लेते रहे, जिससे वो वर्ल्ड कप में खेल सकें। शमी इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उन्होंने 7 मैचों में 24 विकेट लिए।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं शमी – वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया साउथ अफ्रीकी दौरे पर गई है। शमी इस दौरे पर टीम के साथ नहीं गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने जब टेस्ट टीम का ऐलान किया था, तब वो स्क्वॉड का हिस्सा थे, लेकिन बाद में बोर्ड ने बताया कि शमी फिट नहीं होने की वजह से टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। शमी की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया गया।

आवेश दूसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल – साउथ अफ्रीका दौरे पर केपटाउन में 3 जनवरी से खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए मोहम्मद शमी के रिप्लेसमेंट के तौर पर तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। साउथ अफ्रीका दौरे के लिए दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में मोहम्मद शमी को शामिल किया गया था। सीरीज शुरू होने से पहले ही मोहम्मद शमी फिटनेस टेस्ट पास नहीं करने की वजह से दौरे से बाहर हो गए थे। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया था। अब पहला मुकाबला खत्म होने के बाद शमी की जगह पर आवेश खान को टीम में शामिल किया गया है।

अमेरिकी ओपन चैम्पियन डोमिनिक थिएम के मैच में आया सांप, क्वालीफाइंग मैच में हारने से बचे



ब्रिसबेन (आस्ट्रेलिया) (एजेंसी)। पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन डोमिनिक थिएम शनिवार को ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग मैच के दौरान आस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप के कोर्ट पर आने से खेल रूकने के बाद जीत दर्ज करने में सफल रहे। थिएम पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच के दौरान 20 साल के आस्ट्रेलियाई जेम्स मैककाबे से एक सेट से पिछड़ रहे थे तभी दर्शकों ने कोर्ट के करीब एक सांप को देखा। सुरक्षाकर्मी तेजी से कोर्ट के पास पहुंचे और अंपायर को खेल रोकना पड़ा क्योंकि सांप कोर्ट पर रेंग रहा था जिससे खिलाड़ी और दर्शक भयभीत थे। थिएम ने कहा कि मुझे जानवर पसंद हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि यह बहुत ही जहरीला सांप था और यह 'बॉल किड्स' के करीब था इसलिए यह काफी खतरनाक स्थिति थी। उन्होंने कहा कि ऐसा मेरे साथ कभी नहीं हुआ और मैं इसे कभी नहीं भूल पाऊंगा। यह सांप 50 सेंटीमीटर लंबा था और आस्ट्रेलिया के सबसे जहरीले सांप में से एक है।

जेराल्ड कूट्जी भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

तेज गेंदबाज ने पहले टेस्ट में एक विकेट लिया था, केपटाउन टेस्ट 3 जनवरी से खेला जाएगा

केपटाउन (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कूट्जी भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कूट्जी पेल्विक सूजन की वजह से केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। साउथ अफ्रीका बोर्ड ने इसकी जानकारी शनिवार, 30 दिसंबर को ट्वीट कर दी है। साउथ अफ्रीका ने अब तक उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर किसी का नाम नहीं बताया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने कहा, सेंचुरियन में पहले टेस्ट के दौरान कूट्जी को सूजन हो गई और भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी करते समय उनकी परेशानी ज्यादा बढ़ गई। उन्हें शुक्रवार को स्कैन के लिए भेजा गया, जिसमें चोट की गंभीरता का पता चला है।

एहतियाती के तौर पर कूट्जी टीम से रिलीज- कोच शुकरी कोनराड – टीम के टेस्ट कोच शुकरी कोनराड ने कहा, एहतियाती के तौर पर कूट्जी को टीम से रिलीज करने का फैसला किया गया है। कोनराड ने आगे कहा, इसकी कोई संभावना नहीं है कि वो 10 जनवरी से शुरू होने वाले ट्ट20 के लिए फिट होंगे।

23 साल के अफ्रीकी गेंदबाज ने सेंचुरियन में खेले पहले टेस्ट में सिर्फ एक विकेट लिया था। कूट्जी कि जगह साउथ अफ्रीका के पास लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर के रूप में अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। कूट्जी से पहले टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा हैमस्ट्रिंग की चोट के दूसरे

टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

साउथ अफ्रीकी कप्तान बावुमा दूसरे टेस्ट से बाहर – साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा भी केपटाउन में 3 जनवरी से भारत के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मुकाबले से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दूसरे टेस्ट में डीन एल्गर टीम की कप्तानी करेंगे। मैच खत्म होने के साथ ही साउथ अफ्रीका के हेड कोच शुकरी कोनराड ने कन्फर्म किया कि टेम्बा बावुमा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के चलते बाहर हो गए हैं। वह अगला मैच मिस करने वाले हैं।

पहले टेस्ट मुकाबले के पहले दिन बावुमा हो गए थे चोटिल – बावुमा सेंचुरियन टेस्ट मैच के पहले दिन 20वें ओवर में लॉन्ग-ऑफ पर गेंद को बाउंड्री से पहले रोकते समय चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने तुरंत मैदान छोड़ दिया और उन्हें स्कैन के लिए भेजा गया, जिसमें खिंचाव का पता चला था।टेम्बा बावुमा टेस्ट के पहले ही दिन इंजर्ड हो गए। वह फिर पूरे मैच में फील्ड पर नहीं उतर सके।

साउथ अफ्रीका ने पहले टेस्ट में भारत को पारी और 32 रन से हराया – सेंचुरियन टेस्ट में भारत तीसरे ही दिन पारी और 32 रन से हार गया। साउथ अफ्रीका ने टीम को दूसरी पारी में 131 रन पर ऑलआउट कर दिया। विराट कोहली ने फिफ्टी लगाई, बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। साउथ अफ्रीका से नांद्रे बर्गर को 4 विकेट मिले। पहले टेस्ट में जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2024 से केपटाउन में खेला जाएगा।

तुर्की सुपर कप का फाइनल मैच स्थगित

● राजनीतिक नारे वाली जर्सी पहनने की वजह से लिए गया फैसला ● गैलाटसराय-फेनरबाशे के बीच खेला जाना था मुकाबला

रियाद (एजेंसी)। तुर्की सुपर कप 2023 का फाइनल मैच आखिरी मिनट में स्थगित कर दिया गया। यह मुकाबला शुक्रवार, 29 दिसंबर को रियाद में गैलाटसराय और फेनरबाशे के बीच खेला जाना था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सऊदी आयोजकों ने खिलाड़ियों को राजनीतिक नारे वाली जर्सी पहनने की मंजूरी देने से इंकार कर दिया। इसके बाद दोनों क्लबों और मेजबान देश के अधिकारियों के बीच असहमति के कारण मैच स्थगित करने का फैसला किया गया। सऊदी स्पोर्ट्स टेलीविजन चैनल स्स्ट पर कमेंटेटर ने घोषणा की, मैच रद्द कर दिया गया है। तुर्किए मीडिया के अनुसार, दोनों टीमें तुर्किए के संस्थापक मुस्तफा कमाल अतातुर्क की फोटो वाली जर्सी पहनकर वार्मअप करना चाहती थीं, और मैदान पर नेशनल एंथम भी बजाना चाहती थी। इसपर सऊदी आयोजकों से मंजूरी नहीं मिलने के बाद दोनों क्लब और तुर्की फुटबॉल फेडरेशन (ञ्झस्रस्र) ने रियाद के अल-अव्वल पार्क में खेले जाने वाले मैच को स्थगित करने का फैसला किया। फ?िलहाल यह फैसला नहीं हुआ कि फाइनल कब और कहां खेला जाएगा।

आयोजकों ने कहा – दोनों टीमों ने नियमों का पालन नहीं किया – सऊदी स्टेट टीवी ने कहा कि दोनों टीम नियमों का पालन नहीं कर रही थी, इसलिए मैच रद्द करना पड़ा। आयोजकों के एक बयान में कहा, हम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल नियमों के मुताबिक मैच को समय पर आयोजित करने की उम्मीद कर रहे थे, जिसके लिए गेम को इसके दायरे से बाहर किसी भी नारों का प्रदर्शन नहीं करने की आवश्यकता होती है। इसे लेकर हमने पहले ही तुर्कीए फेडरेशन के साथ चर्चा की थी। इस समझौते के बावजूद, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दोनों टीमों ने सहमति का पालन नहीं किया, जिसके कारण मैच नहीं हो सका। यह घटना तुर्की और

सऊदी अरब के बीच हाल ही में बेहतर संबंधों के बीच हुई है। इस्तांबुल में सऊदी पत्रकार जमाल खशोगी की 2018 की हत्या के बाद राजनयिक संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने जुलाई में सऊदी अरब का दौरा किया था।

तुर्किए में फुटबॉल क्लब अध्यक्ष ने रेफरी को मुक्का मारा था – दिसंबर का महीना तुर्की फुटबॉल के लिए कॉन्ट्रोवर्सी से भरा रहा। तुर्की सुपर फुटबॉल लीग में 10 दिसंबर को खेले गए एक मैच में एक क्लब के मालिक ने मुकाबला ड्रॉ होने के बाद रेफरी को मुक्का मार दिया था। रेफरी के सिर और आंखों के नीचे चोट आई थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने इस घटना की निंदा की और कहा कि खेल में इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। अंकीरागुकु के अध्यक्ष फारूक रेफरी के एक खिलाड़ी को येलो कार्ड से नाराज थे और मैच के बाद उन्होंने रेफरी हैलिल उमुट मेलर को मुक्का मार दिया।

पूरा मामला – तुर्की की राजधानी अंकारा के एरीमन स्टेडियम में 10 दिसंबर को कैकुर रिजस्पोर और अंकीरागुकु के बीच तुर्की सुपर फुटबॉल लीग का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। इस मैच में अंकीरागुकु ने 14 वें मिनट में गोल कर बढ़त ले ली थी। मैच के दूसरे हाफ में रेफरी हैलिल उमुट मेलर ने अंकारागुकु के एक खिलाड़ी को दो येलो कार्ड दिखाए। जिसके बाद अंकारागुकु के खिलाड़ी को मैदान से बाहर जाना पड़ा। हालांकि, मैच के 95वें मिनट में रिजस्पोर के भी खिलाड़ी को रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद मैदान छोड़ना पड़ा। वहीं मैच के 97 वें मिनट में रिजस्पोर ने एक गोल कर दिया और मैच स्कोर 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। अंकीरागुकु के अध्यक्ष फारूक अपनी टीम के एक खिलाड़ी को दो येलो कार्ड दिए जाने से रेफरी हैलिल उमुट मेलर से नाराज थे।

संक्षिप्त समाचार

पंख पर जीपीएस, पैरों पर नंबर लिखा छल्ला, पाकिस्तान से जैसलमेर आए शिकारी बाज की मौत

जैसलमेर, एजेंसी। राजस्थान के जैसलमेल जिले की शाहगढ़ सीम पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक ट्रेंड शिकारी बाज पकड़ा था, जिसकी अब मौत हो गई है। वन विभाग ने बाज के शव का तीन डॉक्टर्स की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया। माना जा रहा है कि अरब शहजादों का ये बाज पाकिस्तानी सीमा से उड़कर रास्ता भटककर भारतीय सीमा में प्रवेश कर गया होगा। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि दुर्लभ पक्षी होउबारा बस्टर्ड, जिसे स्थानीय भाषा में तिलोर कहा जाता है, को पकड़ने के लिए अरब देशों के शाही परिवारों के सदस्य जैसलमेर और बीकानेर से लगी सीमा के पार पाकिस्तानी इलाकों में डेरा डाले हुए हैं। शाही परिवार होउबारा बस्टर्ड पक्षी को पकड़ने के लिए बाज और चील को प्रशिक्षित किया है। यह बाज उन्हीं में से एक है। सूत्रों ने बताया कि शिकार करने वाले बाज पेरिगॉन और लेगर नस्ल के होते हैं। बाज ने बुधवार को भारत में प्रवेश किया था। इसके पखों पर अमेरिकी कंपनी का हाई टेक्निक जीपीएस लगा था जिसे बीएसएफ ने रिकवर करके जांच के लिए एनटीआरओ दिल्ली भेजा है। वहीं बाज के पैरों में लगे छल्लों की भी पड़ताल की जा रही है। छल्लों पर कुछ नंबर्स लिखे हुए हैं। वन विभाग नंबर्स की जांच में जुटा है। डेजर्ट नेशनल पार्क के डिप्टी कन्जर्वेटर फॉरेस्ट आशीष व्यास ने बताया कि बीएसएफ ने सीमा से जिस बाज को पकड़कर वन विभाग के हवाले किया था उसकी कुछ घंटों बाद ही मौत हो गई। विभाग ने उसे खाना और पानी दिया, मगर उसने कुछ भी नहीं खाया। हो सकता है कि थकान या बीमारी के कारण उसकी प्राकृतिक मौत हो गई। मेडिकल बोर्ड ने उसका पोस्टमार्टम किया है। रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का असल कारण पता चलेगा। व्यास ने बताया कि सीमा पर पकड़ा गया बाज पैरागॉन नस्ल का है। इसकी कीमत काफी ज्यादा होती है। इसे ट्रेंड कर शिकार के काम में लिया जाता है। ट्रेंड करने में 15 लाख रुपए क खर्च आता है। सीमा पर पकड़े गए बाजके पंखों पर हाई क्वालिटी वाला जीपीएस लगा हुआ था जिसकी कीमत 50 हजार से एक लाख रुपए के बीच है। इस जीपीएस की लिमिट 150-200 किमी तक होती है। सूत्रों ने बताया कि फॉल्गन प्रजाति के बाज काशी शक्तिशाली होते हैं। ये तेज स्पीड में उड़ते हुए पक्षियों को झपट्टा मारकर घायल कर देते हैं। बाज पर लगे जीपीएस से हैंडलर को सिग्नल मिलते रहते हैं। जिससे हैंडलर घायल हुए पक्षी को रिकवर कर लेते हैं। ये कई दिन भूखे-प्यासे भी रह सकते हैं।

मुख्तार अंसारी के करीबी बिल्डर की 9 और अपीलें खारिज, एफआई टावर पर चलेगा बुलडोजर

लखनउ, एजेंसी। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने मुख्तार अंसारी के करीबी बिल्डर सिराज के एफआई टावर के नौ और खरीदारों की याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। इन लोगों ने एलडीए के फ्लैट के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ अपील की थी। कमिश्नर की सुनवाई में यह अपीलें पोषण योग्य नहीं मिली। अभी कमिश्नर की अदालत से इस संबंध में आदेश नहीं जारी हुआ है। मौके पर मौजूद एलडीए के वकीलों ने बताया कि सभी अपील खारिज हो गई हैं। मुख्तार अंसारी के करीबी बिल्डर सिराज के एफआई टावर को एलडीए ध्वस्त कर रहा है। बीच में लोगों ने हाईकोर्ट में रिट की थी। न्यायालय ने एलडीए के आदेश के खिलाफ कमिश्नर की कोर्ट में सुनवाई के लिए अपील करने को कहा था। जिसके चलते 20 फ्लैट ओनर्स ने कमिश्नर के यहां अपील की थी। 11 मामलों की सुनवाई कमिश्नर की कोर्ट में 28 दिसंबर को हुई और नौ प्रकरणों की सुनवाई 29 दिसंबर को हुई। दोनों मामलों में लोगों को कमिश्नर की कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। क्योंकि बिल्डर ने मानचित्र के विपरीत एफआई टावर में दो मंजिल अधिक बनाया था। इसका नक्शा 6 मंजिल तक पास था। लेकिन बिल्डर ने सातवीं व आठवीं मंजिल भी बना दी थी। ऊपर पेंट हाउस तथा गर्ल्स हॉस्टल भी बना दिया था। इसी अवैध हिस्से में लोगों के फ्लैट हैं। एलडीए ने बीते रविवार को इसे गिराने का काम शुरू कराया था। कमिश्नर की कोर्ट से उनके फैसले के संबंध में शनिवार को आदेश जारी होने की उम्मीद है। कमिश्नर की कोर्ट से खारिज होने के बाद अब एलडीए यहां के अपार्टमेंट ध्वस्त करेगा। आसमा खातून, सोफिया बानो, सबीना परवीन, मोहम्मद तौकीर सिद्दीकी, आमना अंसारी, सैयद रिजवान हैदर, सबीहा करीम, संजय भाटिया, आफरीन इमरान, मोहम्मद अहमद खान, सैयद अहमद, आरिफ सिद्दीकी, मोहम्मद इब्राहिम सिद्दीकी, तजीन फातिमा, यूनिक मैकेनिकल वर्क, मोहम्मद फैसल सिद्दीकी, सैयद बाकर हादी, अशिंया खान तथा यासमीन इकबाल के मामलों की सुनवाई 28 व 29 दिसंबर को कमिश्नर की कोर्ट में हुई।

कानपुर में गंगा और पांडु में बहाई 6 करोड़ लीटर गंदगी, कार्रवाई की चेतावनी का भी अफसरों पर असर नहीं

कानपुर, एजेंसी। गंगा का मैला होना शुक्रवार को बदस्तूर जारी रहा। अफसरों के जवाब तलब और कार्रवाई की चेतावनी का भी असर नहीं पड़ा। शुक्रवार को फिर वाजिदपुर नाला ओवरफ्लो होने से साढ़े तीन करोड़ लीटर गंदगी गंगा में गई। वहीं बिनगवां ट्रीटमेंट प्लांट की बिजली कटने से ढाई करोड़ लीटर गंदगी ढाई घंटे तक पांडु नदी में जाती रही। दो लाख रुपये जमा करने पर शाम को बिजली जोड़ी गई। तब गंदगी जाना बंद हुई। माघ मेले से पहले सख्ती के बावजूद कुछ टेनरियों के चलने की आशंका है, जिनका वेस्ट वाजिदपुर नाले में जोड़कर बहाया जा रहा है। इस कारण शुक्रवार शाम अचानक वाजिदपुर नाला ओवरफ्लो होकर गंगा में जाने लगा। करीब साढ़े तीन हजार करोड़ लीटर गंदगी सीधे गंगा में गिरी। फिर भी देर रात तक इसे रोकने की कवायद नहीं हुई। इलाकाई लोगों की माने तो विभागों की सांठगांठ से टेनरियां रात के समय में चल रही हैं। पूरी क्षमता से रात 1030 बजे चला प्लांट बिजली जोड़ने के बावजूद शाम साढ़े पांच बजे बिनगवां 210 एमएलडी ट्रीटमेंट प्लांट की बिजली पूरी तरह से चालू नहीं हो सकी। एक फेज की बिजली नहीं आई। देर रात तक केस्को टीम फॉल्ट को तलाशती रही। 10 बजे फॉल्ट मिलने पर तीनों फेस रात 1030 बजे चालू हो सके। कानपुर। केस्को के जाजमऊ डिवीजन ने बकायेदारी पर जटेटा (जाजमऊ टेनरी इन्फ्लुएंट ट्रीटमेंट एसोसिएशन) के निर्माणाधीन ट्रीटमेंट प्लांट की बिजली गुरुवार को काटी थी। 65 लाख की बकायेदारी पर 31 लाख जमा होने पर केस्को ने दोपहर बाद बिजली जोड़ दी है। फिलहाल केस्को व जटेटा के बीच कनेक्शन को लेकर विवाद चल रहा है। कार्यदायी संस्था कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ शुक्रवार को डीएम ने बैठक की। डीएम विशाख जी ने स्पष्ट कहा कि वर्तमान बिजली का बिल हर हाल में कंपनी को महीने में देना होगा। नहीं तो करार करने वाले कंपनी के अफसरों पर कार्रवाई होगी। माघ मेले को लेकर जनवरी से लेकर मार्च तक अलग-अलग रोस्टर में टेनरियां बंद रहेंगी। पहले से ही जाजमऊ की 141 टेनरियां बंद चल रही हैं। ऐसे में उन टेनरियों को लेकर कार्ययोजना तैयार होनी है। डीएम ने बताया कि चार जनवरी को टेनरी संचालकों के साथ बैठक की जाएगी। डीएम विशाख जी ने बताया कि क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ने मौके पर जाकर देखा है। नाला गंगा में जा रहा है। टेनरी वेस्ट नहीं है। फिर भी शनिवार को टीम भेजकर दिखवाया जाएगा।

दमघोंटू हवा के साथ होगा नए साल का आगाज

नईदिल्ली, एजेंसी।
राजधानी दिल्ली में नए साल पर प्रदूषण स्तर कम होने की उम्मीद नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले चार दिन तक प्रदूषण बेहद गंभीर श्रेणी में ही बना रहेगा। यदि 31 दिसंबर की रात ज्यादा आतिशबाजी हुई तो यह गंभीर श्रेणी में भी जा सकता है। हवा की धीमी रफ्तार के कारण अगले चार दिनों तक प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी के ऊपरी हिस्से में बना रहेगा।

दिल्ली में बीते 15 अक्तूबर से प्रदूषण के चलते हालात लगातार खराब बने हुए हैं। बीते 75 दिन में एक बार भी हवा मध्यम श्रेणी में नहीं रही है। दिसंबर में भी महज तीन दिन प्रदूषण खराब श्रेणी में रहा है। 26 दिन प्रदूषण बेहद खराब या गंभीर श्रेणी में रहा है। शुक्रवार को प्रदूषण में बढ़ोतरी देखने को मिली। गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 358 दर्ज किया गया था, जबकि शुक्रवार को 382 रहा है। यह बेहद खराब श्रेणी में आता है। शुक्रवार को दिल्ली के 10 इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। आनंद विहार दिल्ली का सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र रहा, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 442 दर्ज किया गया। सबसे कम प्रदूषित क्षेत्र आया नगर रहा, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 273 रहा।

विशेषज्ञों के अनुसार, दिल्ली में हवा की रफ्तार थमने, तापमान में कमी और घना कोहरा प्रदूषण बढ़ने के कारण हैं। हवा की रफ्तार थमने के चलते प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कणों का बिखराव नहीं हो पा रहा है, जिससे प्रदूषण की परत बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में फिलहाल न तो हवा की रफ्तार बढ़ने वाली है और ना ही बारिश होने वाली है। ऐसे में प्रदूषण कम होने की संभावना बेहद कम है।

राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में नए साल पर आतिशबाजी इसे और बढ़ा सकती है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे में पहले से दमा और सांस के मरीजों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

एम्स के सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ मित्तल ने कहा, प्रदूषण-सर्दी से अस्थमा अटैक और काला दमा की शिकायत बढ़ती है। काला दमा को सीओपीडी कहते हैं, इसमें सांस की नलियां सिकुड़ने के साथ उनमें सूजन आ जाती है। ऐसे लोग मास्क का इस्तेमाल करें।

नए साल पर बहेगा दारू का दरिया? नोएडा में खुलेंगे 1500 अस्थायी बार; एक रात में बिकेगी 20 करोड़ की शराब: नए साल पर नोएडा में पार्टियों की धूम रहेगी। शहर की सोसाइटियों से लेकर सेक्टरों तक और क्लब से लेकर पब और फार्म हाउसों तक सभी स्थानों पर पार्टियां आयोजित होंगी। आबकारी विभाग के अनुसार नए साल की पूर्व संध्या पर गौतमबुद्ध नगर जिले में करीब 1500 से अधिक स्थानों पर अस्थायी बार लगेंगे और 124 बार में आधी रात के बाद तक जश्न चलेगा। एक रात में 20 करोड़ से अधिक की शराब की खपत होने का अनुमान है।

नए साल के स्वागत की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं और हर कोई अपने-अपने तरीके से नए साल के स्वागत का जश्न मनाने की तैयारी कर चुका है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी नोएडा में नए साल की पूर्व संध्या पर जमकर पार्टियां आयोजित होंगी और इनमें जाम भी छलकेंगे।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के अनुसार अभी तक उनके पास अस्थायी बार के लाइसेंस के लिए 1200 से अधिक आवेदन आ चुके हैं और शनिवार तक इन आवेदनों की संख्या 1500 से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। अस्थायी बार के लाइसेंस की फीस 11 हजार रुपये है।

इनके अलावा जिले में 124 स्थायी बार हैं, जहां पर आधी रात के बाद तक जश्न होगा। संचालकों ने अतिरिक्त फीस देकर रात एक बजे तक बार संचालित करने का लाइसेंस लिया है। अनुमान है कि नए साल की पूर्व संध्या पर जिले में 20 करोड़ रुपये से अधिक की शराब की खपत हो जाएगी।

फार्म हाउसों की जांच के लिए तीन टीमें जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि फार्म हाउसों में होने वाली पार्टियों की जांच के लिए पुलिस द्वारा अलग से तीन टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें फार्म हाउसों की जांच करेंगी और यह देखा जाएगा कि अवैध रूप से शराब या नशे का अन्य कोई सामान न परोसा जाए। उल्लेखनीय है कि डूब क्षेत्र में दो हजार से अधिक फार्म हाउस हैं। इनमें से अधिकांश अवैध हैं। इन फार्म हाउसों में पहले भी रेव पार्टियां पकड़ी जा चुकी हैं, जहां पर बड़ी संख्या में एनसीआर के युवा आते हैं। इन फार्म हाउसों पर इस बार पुलिस-प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। आबकारी विभाग, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की सात संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों के द्वारा जिले भर में चैकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले में किसी भी पार्टी में या ठेके पर हरियाणा या दिल्ली से लाई गई अवैध शराब की खपत न हो।

भारत ने लखबीर सिंह लांडा को घोषित किया आतंकी, बब्बर खालसा का है सदस्य

नईदिल्ली, एजेंसी।
बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य लखबीर सिंह लांडा को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकी घोषित किया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लखबीर सिंह लांडा को आतंकवादी घोषित किए जाने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक, लखबीर सिंह लांडा के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत यह फैसला लिया गया? है।

दरअसल, लखबीर सिंह लांडा का जन्म पंजाब में हुआ था। वह कनाडा स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य है। तरनतारन जिले के रहने वाले लांडा का ठिकाना कनाडा के अल्बर्टा में है।

अधिसूचना के मुताबिक, लखबीर पर आरोप है कि उसने मोहाली में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर रॉकेट की मदद से हमले को अंजाम दिया था।

इसके अलावा लखबीर सिंह ??लांडा पर पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सीमा पार से आईईडी, हथियार और विस्फोटकों की सप्लाई करने का भी आरोप है।

साथ ही लखबीर सिंह लांडा अलग-अलग आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। जैसे आतंकी मॉड्यूल को खड़ा करना, जबरन वसूली, हत्याएं, आईईडी लगाना, हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी और धन का इस्तेमाल शामिल है।

बता दें कि लखबीर सिंह लांडा के खिलाफ साल 2021 में लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था। एनआइए ने लांडा पर इनाम भी घोषित किया था। केंद्र सरकार के मुताबिक, लखबीर सिंह आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है। इसी के चलते उसे आतंकी घोषित किया गया है।

इस साल अगस्त में एनआईए की विशेष अदालत ने तरनतारन जिले के किरियन गांव में आतंकी लखबीर सिंह लांडा की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया था।

619 करोड़ के प्राणी उद्यान पार्क बनखंडी में होगा पर्यावरण मित्र प्रौद्योगिकी का समावेश

शिमला, एजेंसी।
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा जिले के देहरा उपमंडल के बनखंडी में 619 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एक अत्याधुनिक प्राणी उद्यान स्थापित किया जाएगा। यह परियोजना तीन चरणों में विकसित की जाएगी और दिसंबर, 2024 तक इसके पहले चरण को कार्यशील करने की योजना है।

इस प्राणी उद्यान में पर्यटकों को प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त होगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का सफल कार्यान्वयन प्रधान मुख्य वन्य अरण्यपाल (पीसीसीएफ) वन्य जीव एवं मुख्य वन्य जीव वार्डन (सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू) के नेतृत्व में एक संचालन समिति सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र की पर्यटन क्षमता का समुचित दोहन करने के उद्देश्य से इस प्राणी उद्यान के डिजाइन में क्षेत्र की विविध पर्यटन

क्षमताओं का समावेश किया गया है। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

प्रदेश सरकार कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी बनाने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में यह परियोजना मील पत्थर साबित होगी। प्राणी उद्यान पार्क का मास्टर ले-आउट प्लान और प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इस परियोजना को तैयार करने में पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकियों, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को शामिल किया गया है। पर्यटकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए पार्क में ओरिएंटेशन सेंटर, वॉक-इन एवियरी, प्रदर्शनी और थीम आधारित जोन जैसे काम्यक वन, दैवत्व वन, चित्रकूट, दंडक वन के अनुभव आगंतुकों के लिए आकर्षण का मुख्य केन्द्र होंगे। उद्यान में एक्वाटिक जोन, नॉक्टर्नल हाउस और मोनोरेल में सफारी इत्यादि विविध आकर्षण भी शामिल किए गए हैं। पार्क में एक कैफेटेरिया, भ्रमण क्षेत्र, जैव विविधता कोर्ट और हिमाचल की संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने वाला एक इको विलेज भी स्थापित किया जाएगा। पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को बढ़ावा देते हुए इस परियोजना में रीसाइक्लिंग प्रणालियां शामिल की जाएंगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा जिले में बनने वाला यह प्राणी उद्यान पर्यटकों को भ्रमण का यादगार अनुभव प्रदान करेगा।

प्राइवेट पार्ट पर चोट लगने पर मां-पिता से छीना

2 साल से जर्मनी में ढाई साल की अरिहा; विदेश मंत्रालय बोला- हमने उसके साथ दिवाली मनाई

बर्लिन एजेंसी। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि बर्लिन में भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने बेबी अरिहा शाह के साथ दिवाली सेलिब्रेट की थी। इसके लिए उन्हें कॉन्सुलर एक्सेस दिया गया था। लगभग ढाई महीने की अरिहा शाह लगभग 2 साल से जर्मनी की कस्टडी में है। अरिहा शाह के माता-पिता के मुताबिक उसके प्राइवेट पार्ट पर गलती से चोट लग गई थी। इसके बाद जर्मनी ने अरिहा को उनसे छीन लिया था। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा- अरिहा का मामला हमारे लिए काफी अहम है। हम हर तरह से कोशिश कर रहे हैं कि अरिहा भारत और अपनी संस्कृति से जुड़ी रहे।

जर्मनी ने इलाज कराने गए माता-पिता को दोषी बनाया: जर्मनी के बर्लिन में एक भारतीय दंपति अपनी ही बेटी अरिहा को पाने के लिए लगभग 2 साल से कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। गुजराती मूल का ये परिवार बर्लिन में रहता है। अरिहा के पिता यहां वर्क वीसा पर आए थे और सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम कर रहे थे। मां धारा शाह के मुताबिक पहले उनका जीवन सामान्य था, लेकिन सितंबर 2021 के बाद पूरी तरह पलट गया। उस समय अरिहा करीब 7 महीने की थी। उसकी दादी जर्मनी आई थीं और

गलती से उनके द्वारा अरिहा के प्राइवेट पार्ट पर चोट लग गई। इसके बाद वे अरिहा को अस्पताल ले गए, यहां उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लग गया। बच्ची को फोस्टर केयर में भेज दिया गया। फरवरी 2022 में बिना किसी आरोप के जांच बंद कर दी गई, लेकिन अरिहा को अभी तक माता-पिता के पास वापस नहीं भेजा।

मां का डर बेटी भारतीय रीति रिवाजों से दूर जा रही: बर्लिन चाइल्ड सर्विसेज ने बच्ची पर से माता-पिता का अधिकार खत्म करने का मामला दायर कर दिया। मां धारा ने कहा कि अरिहा अपने रीति-रिवाजों से भी दूर हो रही है। हम मीट नहीं खाते थे, लेकिन फोस्टर केयर में उसे ये सब खाना पड़ रहा है। जबकि, हम जैन समुदाय से हैं।

अरिहा के माता-पिता उसे लेकर भारत लौटना चाहते हैं, लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्हें डर है कि उनकी बच्ची हमेशा के लिए उनसे दूर न हो जाए। क्योंकि नियम के मुताबिक, निश्चित समय तक बच्चे को फोस्टर केयर में रखने के बाद उसे असली मां-बाप के पास नहीं भेजा जाता।

कोर्ट ने कहा- ये नहीं मान सकते कि बच्ची को गलती से चोट लगी: लगभग 6 महीने पहले जर्मनी की पैंको कोर्ट में अरिहा शाह की कस्टडी को लेकर सुनवाई हुई थी। इस दौरान कोर्ट ने 27 महीने के बच्ची आरिहा शाह की कस्टडी उनके भारतीय माता-पिता को सौंपने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने सुनवाई में ये मानने से इनकार कर दिया था कि अरिहा को मामूली दुर्घटना में चोट लगी थी।

जर्मनी की विदेश मंत्री ने कहा- मामला कोर्ट में लंबित, फैसले के बाद ही कुछ तय होगा: बच्ची के माता-पिता बीते एक साल से भारत के विदेश मंत्रालय से बात कर रहे हैं। उन्होंने मामले में हस्तक्षेप करने की बात भी कही थी। जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा था कि वे इस मुद्दे की गंभीरता से वाकिफ हैं।

जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक ने कहा विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के दौरान कहा था कि बच्चे की भलाई प्राथमिकता है। एजेंसी बच्चे को तभी अपनी हिरासत में लेती है, जब बच्चा अपने घर में सुरक्षित नहीं है। फिलहाल मामला कोर्ट में लंबित है। फैसले के बाद ही इस पर कुछ कहा जा सकता है।

इजराइल ने पहली बार गलती मानीः कहा- 24 दिसंबर को 2 हमले गलती से हुए, आगे सतर्क रहेंगे; गाजा पर फिर बड़ी एयरस्ट्राइक

तेल अवीव एजेंसी। अक्टूबर से गाजा पर इजराइली हमले जारी हैं। दुनिया के तमाम देश इन पर सवाल उठा रहे हैं। करीब 21 हजार फिलिस्तीनी इन हमलों में मारे जा चुके हैं। अब पहली बार इजराइल ने माना है कि 24 दिसंबर को गाजा में दो हमले गलती से हुए और इसके लिए उसे अफसोस है। हालांकि, इजराइली डिफेंस फोर्सेस या सरकार ने इस गलती के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया। इस गलती को मानने के बाद आइडीएफ ने गुरुवार रात गाजा के एक हॉस्पिटल के पास एयरस्ट्राइक की। इसमें 18 लोग मारे गए हैं। हालांकि, कई लोग मलबे में अब भी दबे हैं।

24 दिसंबर को क्या हुआ था: 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक- 24 दिसंबर को आइडीएफ ने सेंट्रल गाजा के दो ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। इसके बाद गाजा की हमास कंट्रोल्ड हेल्थ मिनिस्ट्री ने कहा था कि यह हमला एक कॉम्पलेक्स पर किया गया है। इसमें दर्जनों लोग मारे गए हैं। अब पहली बार इजराइली सेना ने माना है कि यह हमले गलती से हुए थे। आइडीएफ ने कहा कि अल मगहाजी पर 24 दिसंबर को हुए हमले ऑपरेशन का हिस्सा थे। इस बारे में इंटेलिजेंस इनपुट मिले थे। बयान के मुताबिक- इस बारे में शुरुआती जांच पूरी हो चुकी है। इससे पता चला कि एक बिल्डिंग को सही निशाना बनाया गया, लेकिन दूसरी इमारत को गलती से निशाना बना दिया गया। इसमें कुछ सिविलियन्स मारे गए। आइडीएफ की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी इस हमले के बारे में बारीकी से जांच कर रही है, ताकि फिर ऐसी गलती न हो। इस इलाके मे रहने वाले एक शख्स ने मीडिया को बताया था कि हमले में कम से कम 70 लोग मारे गए थे। यह वास्तव में एक रिफ्यूजी कैम्प था। इसे 1949 में बनाया गया था। इसके करीब कुछ और रिहायशी इलाके हैं।

आतंकी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण से जुड़ी बड़ी खबर, भारत की मांग पर पाकिस्तान ने दिया ये जवाब

इस्लामाबाद एजेंसी। पाकिस्तान ने शुक्रवार को पुष्टि की कि भारत ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है, लेकिन कहा कि दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि नहीं है। 2008 के मुंबई हमले का मास्टरमाइंड और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हाफिज सईद भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा कई आतंकी मामलों में शामिल है। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि पाकिस्तान स्थित सईद के प्रत्यर्पण का अनुरोध कुछ दस्तावेजों के साथ हाल ही में इस्लामाबाद को भेजा गया था। बागची ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, हमने प्रासंगिक सहायक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान सरकार को एक अनुरोध भेज दिया है। उन्होंने कहा कि सईद भी संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय अधिकारियों से तथाकथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सईद के प्रत्यर्पण की मांग करने वाला अनुरोध मिला है। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना उचित है कि पाकिस्तान और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है।

ईरान में चार लोगों को फांसी, इनमें एक महिला शामिल, सभी पर इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी का आरोप था

तेहरान आइडीएफ। ईरान ने शुक्रवार को चार लोगों को फांसी पर लटका दिया। मारे गए चारों लोग ईरान के नागरिक थे। इनमें तीन पुरुष और एक महिला शामिल है। इन सभी पर इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी का आरोप था। यह जानकारी मिजान ऑनलाइन ने दी है। यह अजरबैजान की न्यूज वेबसाइट है। पिछले हफ्ते ईरान ने पति की हत्या की दोषी महिला को फांसी दी थी।

कौन हैं फांसी पाने वाले लोग: मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- जिन लोगों को शुक्रवार को फांसी दी गई, उनकी फैमिलीज को कुछ घंटे पहले ही इस बारे में बताया गया था। मारे गए लोगों की पहचान वफा हानारेह, अरम ओमेरी, रहमान परहोजो और नसीम नमाजी (महिला) हैं। इन लोगों को सजा से पहले एक आदेश पढ़कर सुनाया गया। इसमें कहा गया था- आप लोगों ने यहूदियों के लिए वतन से गद्दारी की है।

ईरान सरकार का कहना है कि वतन में कुछ लोग इजराइल और यहूदियों के हितों के लिए जासूसी करते हैं और इसके बदले उन्हें हजारों डॉलर मिलते हैं। ऐसे लोगों को किसी सूरत बख्शा नहीं जा सकता।

इसके पहले भी ईरान ने इजराइल के लिए कथित तौर पर जासूसी करने वाले कई लोगों को फांसी दी है। 2021 में एक साथ सात लोगों को इसी जुर्म में सजा दी गई थी। हालांकि, तब कई महीने गुजर जाने के बाद यह खबर सामने आ सकी थी। ईरान सरकार ने अब तक यह बात नहीं

मानी है।

चाइल्ड ब्राइड को फांसी: ईरान सरकार ने पिछले हफ्ते दुनिया के तमाम ह्यूमन राइट्स संगठन की मांग को ठुकराते हुए एक महिला को फांसी पर लटका दिया था। मानवाधिकार संगठनों ने समीरा सब्जियान को चाइल्ड ब्राइड या बालिका वधू बताया। समीरा की शादी महज 15 साल की उम्र में जबरन करा दी गई थी।

पति के बेइंतहां जुल्म सहन करने वाली इस लड़की ने 10 साल पहले खुद को बचाने की कोशिश में पति की हत्या कर दी थी। तब से वो जेल में थी। बुधवार को फांसी से कुछ देर पहले वो दोनों बच्चों से मिली और उन्हें अलविदा कहा। ये मुलाकात भी 10 साल बाद हुई थी।

ईरान ह्यूमन राइट्स नॉर्वे से ऑपरेट करता है, क्योंकि ईरान में किसी मानवाधिकार संगठन को काम करने की मंजूरी नहीं है। इसी संगठन ने समीरा को फांसी पर लटकाए जाने की जानकारी दी है।

संगठन ने कहा- चाइल्ड ब्राइड समीरा को 20 दिसंबर 2023 को फांसी दे दी गई। यह ईरान में पुरुष और महिलाओं के बीच बहुत बड़े फर्क का एक और बेहद भयानक उदाहरण है।

संगठन के डायरेक्टर महमूद आमिरी मोघादम हैं। उन्होंने कहा- समीरा की मौत ईरान में चाइल्ड मैरिज और डोमेस्टिक वॉयलेंस की एक ऐसी कड़ी है, जो खत्म होती या टूटती नजर नहीं आती। वहां की सरकार ने दुनिया की हर मांग को ठुकरा दिया।

13 साल में 200 से ज्यादा महिलाओं को फांसी: ह्यूमन राइट्स कमीशन ने कहा- इस सजा से हम सकते में हैं। ईरान से मांग करते हैं कि वो सजा-ए-मौत पर फौरन रोक लगाए। 2010 के बाद से अब तक वहां 200 महिलाओं को फांसी पर लटकाया जा चुका है। बदकिस्मती ये है कि इनमें से ज्यादातर खुद डोमेस्टिक वॉयलेंस की शिकार थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129